वर्ष 73 ▸▸ अंक 112 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 19 जनवरी, 2026
माघ शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

अगर आप काम के आनंद को जानना चाहते हैं, तो पहली और सबसे अहम चीज है, पूरी बेफिक्री के साथ खुद को काम में झोंक देना।
-अज्ञात

ऑफ बीट

चीन में गर्भ निरोधक कंडोम पर भारी टैक्स

बढ़ती आबादी पर लगाम लगाने चीन ने कुछ दशक पहले 'वन चाइल्ड पॉलिसी' लागू की थी। अब चीन को इसका पछतावा हो रहा है। चीन में फर्टिलिटी रेट तेजी से घट रहा है। औरतें सिर्फ एक बच्चा पैदा करने पर जोर देती हैं, लेकिन चीन ने अब फर्टिलिटी रेट बढ़ाने के लिए एक नई स्ट्रेटेजी अपनाई है। चीन ने हर औरत के लिए दो बच्चों का टारगेट रखा है। इसे पाने के लिए चीन की सरकार ने कंडोम पर टैक्स लगाया है। गर्भ निरोधक दवा पर भी एक्स्ट्रा टैक्स लगाया गया है। चीन ने दोनों पर 13 फीसदी का भारी टैक्स लगाने का ऐलान किया है। यह नियम 1 जनवरी, 2026 से लागू होगा, लेकिन ऐसा करने वाला चीन पहला देश नहीं है। इससे पहले, सिंगापुर और साउथ कोरिया समेत कई देशों ने फर्टिलिटी रेट बढ़ाने की कोशिश की है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

संक्षिप्त खबरें

सोनम को जेल में टहलने तक की जगह नहीं: आंगमो

नई दिल्ली, जेएनएन। लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है। उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है। उन्होंने कहा, उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें। आंगमे ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में ये बाते कहीं। सोनम वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था।

करूर भगदड़: विजय को सीबीआई ने भेजा समन

नई दिल्ली, जेएनएन। करूर भगदड़ मामले ने एक बार फिर साउथ के सुपरस्टार विजय के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पहले से विवादों से घिरे टीवीके पार्टी के प्रमुख और मशहूर अभिनेता जोसेफ विजय चंद्रशेखर, जिन्हें लाखों लोग केवल 'विजय' के नाम से जानते हैं, अब सीबीआई के नए समन के चलते सुर्खियों में हैं। सीबीआई ने करूर में हुए भगदड़ हादसे की जांच को आगे बढ़ाते हुए विजय को नई दिल्ली में पेश होने का नोटिस भेजा है। यह समन इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे पहले भी विजय से मामले में सवाल-जवाब किए जा चुके हैं, लेकिन जांच एजेंसी अब गहराई से जानकारी चाहती है। विजय के प्रशंसक जहां इस स्थिति को लेकर चिंतित हैं, वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई का यह कदम बड़े राजनीतिक और फिल्मी हलकों में चर्चा का विषय बन गया है।

सीएम के विदेश जाने से पहले छुट्टी के दिन 26 आईएएस के तबादले

शिवशेखर एसीएस गृह, दिलीप यादव बने एमडी पर्यटन निगम

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दावोस जाने से पहले राज्य शासन ने रविवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है, जिसमें गृह, स्वास्थ्य, खनिज और हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी प्रभावित हुए हैं। अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला से पर्यटन विभाग वापस लेकर उन्हें गृह विभाग की पूरी जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार सिंह को खनिज विभाग और इंदौर नगर निगम में रहे दिलीप कुमार यादव को पर्यटन निगम का प्रबंध संचालक बनाया गया है।

सामान्य प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला अब पूर्ण दायित्व के तौर पर गृह विभाग संभालेंगे। उनसे पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी ले ली गई है। उनके पास संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार बना रहेगा। शुक्ला आयुक्त सह-संचालक, स्वराज संस्थान एवं न्यासी सचिव भारत भवन की जिम्मेदारी भी अतिरिक्त प्रभार के तौर पर देखते रहेंगे। प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव की जिम्मेदारियां भी बदली गई हैं। उनसे खनिज साधन विभाग वापस लेकर सिर्फ पशुपालन एवं डेयरी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2000 वर्ष के अधिकारी शोभित जैन को आयुष विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। जॉन किंग्सली एआर को पुराने जिम्मेदारियों के साथ उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का सचिव बनाया

शिवशेखर | दिलीप यादव | उमाकांत | जॉन किंग्सली

एस. धनराजू स्वास्थ्य आयुक्त बने

सरकार ने आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं तरुण राठी को भी बदल दिया है, उनके स्थान पर धनराजू एस को नया आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह आयुक्त आदिवासी विकास मप्र श्रीमन शुक्ल को सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। अब तक भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास के संचालक रहे आईएएस स्वतंत्र कुमार सिंह सचिव मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग संभालेंगे। तरुण राठी को आदिवासी विकास का आयुक्त बनाया गया है।

ये एसीएस बदले

अपर सचिव स्तर के अधिकारी अनुराग चौधरी को मप्र मत्स्य महासंघ का प्रबंध संचालक बनाया गया है, तो संचालक विमुक्त घुमुन्त एवं अर्धघुमन्तु जनजाति नेहा मारव्या सिंह जनजाति कार्य विभाग की अपर सचिव बनाई गई है। गौतम सिंह मप्र गृह निर्माण मंडल के नए आयुक्त होंगे। वीरेन्द्र कुमार को ग्वालियर संभाग का नया अपर आयुक्त बनाया गया है। अतिरिक्त प्रभार के तौर पर आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग संभाल रही निधि निवेदिता पूर्णरूप से दायित्व संभालेंगी। डॉ. फटिंग राहुल हरिदास अब हाउसिंग बोर्ड की जगह संचालक मप्र राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी संभालेंगे।

इंदौर कमिश्नर पद से हटाए गए थे यादव

फेरबदल में मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार सिंह को खनिज विभाग का सचिव बनाया गया है। यह पद उनके पास अतिरिक्त प्रभार के तौर पर रहेगा। इसी तरह दूषित पानी के मामले में इंदौर नगर निगम के कमिश्नर पद से हटाए गए दिलीप कुमार यादव को एमडी मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम बनाया गया है। राजेश कुमार ओगरे को अपर सचिव वाणिज्यिक कर विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऋषि गर्ग कोप्रबंध संचालक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल का दायत्वि दिया गया है, तो मनीषा सेंतिया गृह विभाग में अपर सचिव होंगी।

बुद्धेश वैद्य सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल बने

फेरबदल में उपसचिव बुद्धेश कुमार वैद्य को माध्यमिक शिक्षा मंडल का सचिव बनाया गया है, तो दिलीप कुमार कापसे को कृषि विभाग में उपसचिव, मलिका निगम नागर को राजस्व विभाग का उपसचिव बनाया गया है। दिशा प्रणय नागवंशी को अपर मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और बंदना शर्मा को सचिव राज्य सूचना आयोग बनाया गया है।

कम हो रही है पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों पर निर्भरता: सीएम

बोले-मप्र में सौर,पवन ऊर्जा में निवेश के लिए अनुकूल माहौल

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी लागू की है। इस नीति में सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को अनुकूल और लचीले अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नया आयाम जुड़ रहा है। सीएम ने अपने बयान में कहा, मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के कारण देश के अग्रणी ऊर्जा सरप्लस राज्यों में से एक है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्म निर्भरता को प्राथमिकता देते हुए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य हरित ऊर्जा हब के रूप में उभर रहा है। वर्तमान में राज्य में 5 बड़ी सौर परियोजनाएं संचालित हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 2.75 गीगावाट (2,750 मेगावाट) है। सरकार की योजना वर्ष 2030 तक नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 20 गीगावाट (20,000 मेगावाट) करने की है। नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़ से अधिक के निवेश से 1.4 लाख से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मप्र सरकार नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 5.21 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर रही है, जिससे 1.46 लाख रोजगार सृजित होंगे। राज्य सरकार की यह पहल भारत के नेट जीरो कार्बन लक्ष्य वर्ष-2070 को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मप्र तेजी से नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में देश का नेतृत्वकर्ता बन रहा है और आत्मनिर्भर भारत व स्वच्छ ऊर्जा मिशन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

सीएम ने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा के क्षेत्र

में आगे बढ़ते हुए पारंपरिक ऊर्जा के संसाधनों पर अपनी निर्भरता दिनों दिन कम करता जा रहा है। पिछले 12 वर्षों में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 14 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जिससे अब कुल ऊर्जा उत्पादन में सहभागिता 30 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में वर्ष 2070 तक कार्बन फुट-प्रिंट को शून्य तक लाने और समाप्त होते जीवाश्म ईंधन के विकल्प तलाशने के लिए वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट (अक्षय) नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मप्र पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ योगदान दे रहा है। पीएम मोदी ने गत वर्ष हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में सौर ऊर्जा के क्षेत्र देश में मप्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि राच्य वर्तमान में लगभग 31 हजार मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता रखता है, जिसमें से 30 प्रतिशत हरित ऊर्जा है। हमारे लिये गौरव की बात है कि मप्र के रीवा सोलर पार्क और देश के सबसे बड़े ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट का भी उल्लेख पूरे देश में हो रहा है। इससे अक्षय ऊर्जा उत्पादन को नई दिशा मिली है।

मुरैना में डकैती और शिवपुरी में चोरी की वारदात

सोते में किन्नरों पर अड़ाया कट्टा 30 लाख का सोना-चांदी ले गए

जागरण, मुरैना/शिवपुरी। रात के अंधेरे में कटर लेकर घरों में घुसे बदमाश एक ही रात में तीन घरों से 65 तोला सोना, 8 किलो चांदी सहित 5 लाख रुपए नकद उड़ा ले गए। मुरैना के अंबाह में किन्नरों के डेरे में छत पर चढ़कर घर में घुसे 8-10 हथियारबंद बदमाशों ने कट्टा अड़ा दिया। उन्हीं से पूछकर कमरा खुलवाया और 4 लाख रुपए नकद सहित 30 लाख से ज्यादा के जेवरात उड़ाकर भाग गए। वहीं शिवपुरी में दो किसानों के घर घुसे बदमाश बक्से और तिजोरी काटकर करीब 50 लाख रुपए कीमती सोने-चांदी के जेवरात व एक लाख रुपए नकद ले उड़े।

चंबल क्षेत्र के अंबाह में डकैती की वारदात को बदमाशों ने किन्नर राबिया के घर अंजाम दिया। राबिया के साथ 3 चेले भी घर में सो रहे थे। राबिया ने पुलिस को बताया कि बदमाश सीढ़ी से छत पर चढ़े। फिर गैस कटर से छत का दरवाजा काटा। इसके बाद वे दूसरी मंजिल से सीधे ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे। यहां उन्होंने तीन चेलों पर कट्टा अड़ाकर उन्हें जगाया। बदमाशों ने किन्नर राधिका को धमकाया। फिर गुरु राबिया का कमरा खुलवाया। डकैतों ने कमरे में रखे सोने-चांदी के जेवर और कैश निकाल लिए। किन्नरों ने जो गहने पहने थे, वो भी निकलवा लिए। उनके मोबाइल और घर में लगे सीसीटीवी के डीवीआर भी ले गए।

मुरैना में वारदात के बाद मौके पर मुआयना करती पुलिस।

शिवपुरी: दो घरों से 50 लाख की चोरी

वहीं, शिवपुरी के मड़वासा में अज्ञात चोर दो किसानों के घर से 50 लाख का सामान चुरा ले गए। ग्राम मड़वासा निवासी 44 वर्षीय किसान आशीष यादव का परिवार सोता रह गया और चोर घर में बंद कमरे का ताला तोड़कर बक्से और अलमारी में रखे 10 तोला सोने के जेवर और 50 हजार रुपए नकद चुरा लिए। इसके बाद चोरों ने गांव में ही 71 वर्षीय फूल सिंह यादव के घर को निशाना बनाया।



कपड़े उतरवाकर अश्लील हरकतें की

किन्नर राबिया ने बताया कि सोना-चांदी लूटने के बाद बदमाश एक-एक कर सभी चेलों को अलग कमरे में ले गए, कपड़े उतरवाए और अश्लील हरकतें कीं। बदमाश बार-बार घर में पुरुष के बारे में पूछते रहे। एक बदमाश फारसी भाषा बोल रहा था, जिससे आशंका है कि वारदात के पीछे किसी परिचित किन्नर का हाथ हो सकता है। डकैत धमकी भी दे गए कि पुलिस में शिकायत की तो उन्हें बधाई देने बाहर जाने पर गोली मार दी जाएगी। इतना ही नहीं बदमाशों ने किन्नरों से लूटे मोबाइल घर के पास ही मिट्टी में गाड़ दिए। डकैतों के जाते ही किन्नरों ने सुबह चार बजे पुलिस को सूचना दी।

जम्मू और कश्मीर में आतंकी मुठभेड़ आठ जवान घायल, तीन एयरलिफ्ट

किश्तवाड़ के सोनार में ऑपरेशन त्राशी-1, आतंकियों की तलाश

जम्मू-कश्मीर, जेएनएन। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में रविवार दोपहर आतंकी मुठभेड़ में सेना के 8 जवान घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक 3 जवानों को एयरलिफ्ट करके इलाज के लिए उधमपुर आर्मी बेस अस्पताल पहुंचाया गया। घटना किश्तवाड़ के ऊपरी जंगली इलाके सोनार की है। यहां सेना की व्हाइट नाइट कोर का आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन त्राशी-1' जारी है। इसी दौरान आतंकियों से जवानों की मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से फायरिंग की गई। 2-3 आतंकियों को जवानों ने घेर लिया था। तभी आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया। अधिकारियों ने कहा है कि ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हो सकते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, आतंकियों की तलाश की जा रही है। इलाके पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। स्निफर डॉग्स की भी

मदद ली गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ सर्चिंग में जुटी है।

दिसंबर में घायल हुए थे 2 जवान: 16 दिसंबर 2025 को उधमपुर में मजालता क्षेत्र के सोहन गांव के पास लगातार दूसरे दिन आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ था। आतंकियों की गोलीबारी में स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप के दो जवान घायल हुए थे। एक दिन पहले हुई मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस का जवान शहीद हुआ था।

क्रिप्टो से आतंक का वित्तपोषण सुरक्षा एजेंसियों ने क्रिप्टो हवाला नेटवर्क का पता लगाया है। इस नेटवर्क के माध्यम से मूल स्त्रोत को गुप्त रखते हुए विदेशों से जम्मू-कश्मीर तक पैसा पहुंचाया जा रहा था। इसका इस्तेमाल आतंक व अलगाववादी गतिविधियों के वित्त पोषण में किया जा रहा था। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि यह चैनल पूरी तरह हवाला नेटवर्क की तरह इस्तेमाल किया जाता है। इससे पैसे के मूल स्त्रोत तक पहुंचना आसान नहीं रहता।

गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने मोदी को न्योता, पाकिस्तान को भी बुलावा

वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता दिया है। भारत में अमेरिकी एम्बेसडर सर्जियो गोर ने ट्वीट कर जानकारी दी। साथ ही पाकिस्तान को भी इस बोर्ड में शामिल होने का बुलावा दिया गया है। पाकिस्तान सरकार ने रविवार को इसे कंफर्म किया। दरअसल, गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा के गठन का ऐलान किया है। इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने बोर्ड ऑफ पीस का गठन किया गया है। ट्रम्प खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने शनिवार को कहा कि गाजा के लिए बनाए गए नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजराइल से बिना बातचीत करे की है। इजराइल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है।

उपेक्षा

सम्मान की आस में दफ्तर में धूल खा रही कलाकारों की मेहनत

प्रदेश में 'माटी' में मिल रहे माटी के सर्वश्रेष्ठ शिल्प

श्वेता कुमारी, भोपाल।

मध्य प्रदेश में हस्तशिल्प और माटी कला को बढ़ावा देने को लेकर सरकारी दावे जमीनी हकीकत में कितने खोखले हैं, इसकी बानगी राजधानी स्थित माटी कला बोर्ड के कार्यालय में साफ देखी जा सकती है। अपने सम्मान के इंतजार में बोर्ड के दफ्तर में रखे मिट्टी के शिल्प धूल खाते और टूटते नजर आ रहे हैं। ये शिल्प किसी प्रदर्शनी का हिस्सा नहीं, बल्कि उन कलाकारों की अमानत हैं, जो अपने सम्मान का इंतजार कर रहे हैं। अपनी माटी की विरासत को सहेजने के लिए दिन-रात एक करके बनाए गए ये शिल्प कला प्रशासन की अनदेखी की भेंट चढ़ रहे हैं। माटी कला की इस दुर्दशा का मुख्य कारण कलाकारों को दिए जाने वाले स्टेट अवार्ड का 4 साल से लंबित होना है। ये अवार्ड वर्ष 2021-2022 में घोषित किए जाने थे, लेकिन अभी तक फाइलों से ही बाहर नहीं आ पाए हैं।

दफ्तर में धूल खा रहीं कलाकृतियां

क्या है राज्य पुरस्कार की चयन प्रक्रिया

माटी कला बोर्ड हर साल प्रदेश के शिल्पियों को प्रोत्साहित करने राज्य स्तरीय पुरस्कार देता है। इसके पीछे सरकार और बोर्ड की मंशा शिल्पियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है। हर साल फरवरी में शिल्पियों से आवेदन बुलाए जाते हैं। शिल्पियों को जून तक सर्वश्रेष्ठ कलाकृतियां जिला स्तर पर हस्तशिल्प या संबंधित कार्यालय में जमा करनी होती हैं। कलेक्टर और सीईओ जिपं की अध्यक्षता वाली समिति इन कलाकृतियां का अवलोकन कर सर्वश्रेष्ठ कृतियों का चयन करती है। जिला स्तर से चयनित ये कलाकृतियां राजधानी स्थित राज्य स्तरीय कार्यालय भेजी जाती हैं, जहां अंतिम चयन समिति (खादी ग्रामोद्योग के एमडी, विशेषज्ञ शामिल) विजेताओं का फैसला करती है।

क्यों रुकी है पुरस्कारों की घोषणा

पिछले 4 से 5 सालों से इस पूरी प्रक्रिया पर ताला लगा हुआ है। शिल्पियों ने अपनी कलाकृतियां तो भेज दीं, लेकिन पुरस्कारों का कोई अता-पता नहीं है। निर्णय और पुरस्कारों की अंतिम घोषणा अध्यक्ष और वरिष्ठ बोर्ड सदस्यों की उपस्थिति में ही होती है। हालांकि, यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाने के कारण कुल 27 अवार्ड दफ्तर में धूल खा रहे हैं, जबकि अवार्ड के लिए ये कलाकृतियां 12 जिलों से आई हैं। योजना के तहत प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए, द्वितीय 50 हजार और तृतीय 25 हजार रुपए दिया जाता है। पुरस्कार जीतने वाले शिल्पियों को मास्टर ट्रेनर बनाया जाता है। ये अनुभवी कलाकार बोर्ड के ट्रेनिंग कैंपों में नए और छोटे शिल्पियों को ट्रेनिंग देते हैं, जिसके लिए इन शिल्पियों को शासन के मानदेय (1500 प्रतिदिन) के हिसाब से महीने में लगभग 70 से 80 हजार रुपए तक की मदद होती है।

उद्देश्य से भटकता बोर्ड

माटी कला बोर्ड का मूल उद्देश्य शिल्पियों को अवॉर्ड देकर प्रोत्साहित करना था, ताकि कला जीवित रहे और कलाकारों को सम्मान मिले, लेकिन पिछले 4 साल से प्रदेश के होनहार कलाकारों की कलाकृतियां दफ्तर के अंधेरे कोनों में पड़ी धूल खा रहीं है। ऐसे में सरकार के स्वरोजगार और प्रोत्साहन के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

जिम्मेदार नहीं दे सके जवाब

इस मामले में खादी एवं ग्राम उद्योग के एमडी माल सिंह भायड़िया से तीन बार बात करने की कोशिश की। आखिर में उन्होंने सवाल सुनते के बाद फोन काट दिया।

बरैया के बाद पूर्व विधायक प्रजापति के बिगड़े बोल, कहा-

कथावाचकों को जूते की माला पहनाकर नंगा घुमाया जाए

विशेष संवाददाता, भोपाल। कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के बयान पर सियासत अभी खत्म हुई नहीं थी कि रविवार को पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने अपने बयान में कथावाचकों को जूते की माला पहनाकर नंगा घुमाने की बात कह दी। उन्होंने 4 कथावाचकों के बयानों पर आपत्ति जताते हुए कहा, उनकी टिप्पणियां स्वीकार्य नहीं है। अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के भेल दशहरा मैदान में हुए महासम्मेलन में प्रजापति ने कथावाचकों द्वारा अलग-अलग समय दिए गए बयानों का हवाला देते हुए उनकी आलोचना की। प्रजापति ने कथावाचक अनिरुद्धाचार्य, धीरेंद्र शास्त्री और प्रदीप मिश्रा द्वारा की गई टिप्पणियों पर ऐतराज जताते हुए कहा कि देश के कुछ कथावाचक और धर्मगुरु करोड़ों लोगों की भीड़ जुटाकर महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक, अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। भाजपा ने राहुल गांधी से इंदौर प्रवास के दौरान फूलसिंह बरैया को निष्कासित करने की मांग की थी। प्रजापति भाजपा की टिकट पर विधायक छतरपुर जिले के चंदला सीट से विधायक रहे हैं।

प्रजापति को ऐतराज

जगतगुरु रामभद्राचार्य ने वाइफ और पत्नी में अंतर बताते हुए अपनी बात कही थी। उनका यह वायरल वीडियों हुआ था। इसी तरह कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने बहनों को लेकर अपने तरीके से टिप्पणी की थी, जिस पर प्रजापति ने एतराज जताया था।

37 साल में पहली बार न्यूजीलैंड ने भारत में जीती वनडे सीरीज (पेज : 11)

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी की पुण्यतिथि आज



जागरण, रीवा। मध्यप्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व.श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 19 जनवरी को आठवीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर अमहिया स्थित उनके निवास स्थल में कांग्रेस नेत्री डॉ. अरूणा तिवारी द्वारा एक संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी सभा का शुभारंभ दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि सब लोग संगोष्ठी सभा में उपस्थित होकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करें। इसके अलावा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर रीवा के संयुक्त तत्वावधान में 19 जनवरी सोमवार को मध्यान्ह 12:00 बजे, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश के कद्दावर नेता रहे स्व.श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की अष्टम पुण्यतिथि पर पुलिस लाइन चौराहा पर स्थित दादा की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया जावेगा। तत्पश्चात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सिरमौर की पूर्व प्रत्याशी डॉ. अरुणा तिवारी के अमहिया स्थित आवास पर उनके द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी कांग्रेस जनों के साथ-साथ आमजन मानस से उक्त दोनों कार्यक्रमों मे सम्मिलित होने की अपील की है।

महारानी प्रवीण कुमारी की पुण्यतिथि पर अर्पित किये गये श्रद्धासुमन

जागरण, रीवा। महारानी प्रवीण कुमारी की 17वीं पुण्यतिथि पर लक्ष्मणबाग में उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित किए किया गया। इस मौके पर स्व.महारानी प्रवीण कुमारी के पोते सिरमौर विधायक युवराज दिव्यराज सिंह एवं जिला भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित भारी संख्या में मौजूद लोगों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने उनके द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों को याद किया गया। वे अपने जीवनकाल के दौरान हमेशा सामाजिक सराकारों से जुड़ी रहीं और लोगों की सहायता करतीं रहीं हैं। उल्लेखनीय है कि राजमाता ने बालिकाओं की शिक्षा के लिए सिरमौर चौराहा के पास स्थित पीके स्कूल भवन को दान को दान किया था।

हैप्पी स्ट्रीट में हर उम्र के लोगों ने लिया भरपूर आनंद

अटल पार्क में हुआ जुंबा, पारंपरिक खेल व मनोरंजक गतिविधियां, बुजुर्गों को याद अपना बचपन

बोरा रेस, कुर्सी दौड़, टायर रेस व रस्साकसी ने बांधा समा, विजेताओं को मिले पुरस्कार

जागरण, रीवा। नगर निगम द्वारा अटल पार्क में रविवार की सुबह हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम में पुराने पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों के प्रति बच्चों से लेकर हर उम्र के लोगों की रुचि देखकर उन लोगों को अपना पुराना बचपन याद आ गया, जिन्होंने अपने बचपन में इन खेलों का भरपूर आनंद लिया है। बच्चों में भी इन खेलों के प्रति लोगों के प्रति लगाव देखा गया। शहर में आनंद उत्सव अंतर्गत जनवरी माह के रविवार को अटल पार्क में नगर निगम की अभिनव पहल हैप्पी स्ट्रीट का हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। निगमायुक्त के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर सभी आयु वर्ग के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान जुंबा, बोरा रेस, लेमन रेस, रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर रेस, टायर रेस, ड्राइंग प्रतियोगिता के साथ-साथ फन रन, गुलाटी रेस, बोरा दौड़ आधारित गतिविधियों ने प्रतिभागियों व दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। खेलकूद एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पारंपरिक एवं बचपन के खेलों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आनंददायक अनुभव साझा किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही 'सांस अभियान' अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छ एवं निर्मल हवा के संरक्षण हेतु कचरा न जलाने की शपथ भी दिलाई गई। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर नगर निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शहर में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं तथा नागरिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में बहादुर फिजिकल अकादमी सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान नगर निगम के लेखा अधिकारी अवनीश त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर, सिटी मिशन मैनेजर प्रीति रोचलानी एवं आईईसी टीम मौजूद रही।

कुठुलिया में लगा संकल्प से समाधान अभियान शिविर, दर्जनभर हितग्राही हुए लाभांवित

जागरण, रीवा। नगर निगम द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओ के सफल क्रियान्वयन हेतु संकल्प से समाधान अभियान के तहत वाडों में शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। रविवार को कुठुलिया मोहल्ले में लगाये गये शिविर में लगभग दर्जन भर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रज्ञा तिवारी के नेतृत्व में पात्र हितग्राहियों को राज्य शासन की योजनाओं के तहत लाभांवित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन योजनाओं/सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन 31 मार्च तक किया जाना है। नगर निगम द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओ के सफल क्रियान्वयन हेतु कैम्प का आयोजन जोनवार किया जा रहा है। जोनवार शिविर के आयोजन का दायित्व कार्यपालन यंत्री को सौंपा गया है। इस कम में आज 19 जनवरी को जोन क्र. 01 हेतु ट्रांसपोर्ट नगर मयंक होटल के पास में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नगर निगम द्वारा शिविर का आयोजन किया जावेगा। गौरतलब है कि शिविर का जोनवार निरंतर आयोजन चार चरणों में किया जाना है। इन शिविरों के माध्यम से आमजनता के आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जावेगा। नगर निगम द्वारा अपील की गयी है कि नगरवासी शिविर में पधारकर शासन की योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं।

प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न

रीवा। शहर स्थित बीएनपी हा. से.स्कूल जेलमार्ग में प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक आशुतोष तिवारी महामंत्री की उपस्थिति मे डॉ. अशोक चतुर्वेदी संभा. अध्यक्ष की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई बैठक मे नये वर्ष की हार्दिक बधाई शुभकामनायें देने के पश्चात विगत दिनों स्व. शीतला प्रसाद तिवारी की पुण्यतिथि में भावपूर्ण वृद्ध आयोजन पर पेंशनर साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिक्षा विभाग के पेंशनर्स की विभिन्न परेशानियों पर अनेक चर्चायें की गयीं तथा प्रदेश शासन से लंबित तीन प्रतिशत मंहगाई शीघ्र देने का अनुरोध किया गया। बैठक मे व्ही जी पयासी, सुभाष चंद्र दुबे, अवधराज सिंह तिवारी, रामभिलाष दुबे, रामसुंदर द्विवेदी वीरेंद्र सिंह, रमेश कुमार द्विवेदी, डॉ. आर.पी.उपाध्याय, सुशील तिवारी डॉ.अब्दुल्लाह खान, गणेश प्रसाद द्विवेदी, विद्याकांत तिवारी, रमेश चतुर्वेदी, माखनलाल सोनी, अनिल कुमार तिवारी, के.के मिश्रा, बी.एम उपाध्याय, डॉ. सी डी.दुबे डॉ. एल.एम. कुशवाहा, किरण पाण्डेय आदि सम्मिलित रहे।

तीन की बैठाने की क्षमता, 9 से अधिक बैठा रहे

ऑटो, ई-रिक्शा में सवारियों का नहीं निर्धारण

जागरण, रीवा

शहर में चलने वाले ऑटो, ई-रिक्शा में सवारियां भरने का कोई निर्धारण नहीं है। अधिकतर ऑटो व ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारियां भरी जाती हैं। तीन सवारी बैठाने की क्षमता है लेकिन उसमें 9 सवारियां भरी जाती हैं। बावजूद इसके ऑटो को बीच सड़क पर खड़ा कर सवारियों को पुकारने लगते हैं, जिससे रास्ता तो जाम होता है ऑटों को भी टक्कर लगने की आशंका बनी रहती है, जिससे ऑटो में सवार लोगों की जान को खतरा बना रहता है।

ऑटो में सवारियों के बैठने की सीट के अलावा चालक के पीछे लगे पाइप पर पतली सी सीटें बनवा दी गई हैं, जितनी सवारियां सीट पर बैठाई जाना है उससे अधिक बैठाई जाती हैं, इतनी ही सवारियां चालक के पीछे लगे पाइप में बनी सीट पर भी बैठाई जाती है, चालक के दोनों ओर दो-दो सवारियां लटकाई जाती हैं, शहर में चलने वाले ऑटो में से हर तीसरे ऑटो में इस प्रकार सवारियों की ओवरलोडिंग सहजता से देखी जा सकती है, इतनी सवारियां भरने के बाद भी चालक का पेट नहीं भरता और भी सवारियों को तलाशता चलता है, और सवारियां मिल जाने पर ऑटो के पीछे जहां सामान रखने की जगह होती है वहां पर भी सवारियां भर ली जाती हैं, कुछ ऑटो चालकों ने सामान भरने वाली जगह पर भी सवारियों को बैठाए जाने की व्यवस्था कर रखी है। ऑटो के साथ ही अन्य वाहनों में सवारियों का निर्धारण है, क्षमता से अधिक सवारियां पाई जाने पर उनमें कार्रवाई की जाती है, लेकिन शहर में चलने वाले ओवरलोड ऑटो बेखौफ दौड़ रहे हैं, जिन पर न तो परिवहन विभाग न ही यातायात विभाग कार्रवाई कर रहा है।

10 रुपए में बेच रहे यातायात व्यवस्था

शहर के प्रमुख चौराहों से ओवरलोड ऑटो बेखौफ दौड़ रहे हैं, बीच में सवारियां बैठाने ऑटो खड़े रखते हैं, जिन पर कार्रवाई करने के बजाय चौराहे पर तैनात ट्रॉफिक पुलिस के नुमाइंदे मात्र 10 रुपए शहर की यातायात व्यवस्था को ऑटो चालकों के हाथों नीलाम कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो लगभग ऑटो चालकों से कुछेक पुलिसकर्मियों का हिस्सा बंधा हुआ है। जो इन्हें 10 रुपए पकड़ाकर नियमों को तोड़ते हुए आसानी से निकल जाते हैं, यानी मात्र 10 रुपए में शहर में यातायात नियम बिक्री हो रहे हैं।

रीवा के विकास की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होती है: उप मुख्यमंत्री

विन्ध्य को देश का सबसे विकसित क्षेत्र बनाने का है संकल्प

जागरण, रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य को देश का सबसे विकसित क्षेत्र बनाना है। रीवा, सतना, सीधी व सिंगरौली विकास के रास्ते में एक साथ आगे बढ़ेंगे तभी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। उप मुख्यमंत्री ने अमहिया स्थित अपने निज निवास में नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के विकास की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होती है। गत दिनों देश के गृहमंत्री अमित शाह ने रीवा के सोलर प्लांट, फोरलेन सड़कों तथा चौबीस घंटे हवाई सेवा देने वाले रीवा एयरपोर्ट की चर्चा की थी। इनका क्षेत्र में पर्यटन एवं उद्योग के साथ हरित क्रांति का लक्ष्य लेकर विकास की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है। नए वर्ष में सिंचाई की सुविधा को दुगना करने के साथ ही ललितपुर-सिंगरौली रेललाइन के कार्य में सीधी जिला मुख्यालय तक रेललाइन बिछाने का कार्य पूरा किए जाने का संकल्प है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर-सिंगरौली रेललाइन के पूरा हो जाने पर हमारा क्षेत्र सीधे पूर्वोत्तर राज्यों से जुड़ जाएगा। केन्द्र और राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही हैं। इसका अधिक से अधिक लाभ विन्ध्य क्षेत्र को मिले इस दिशा में सभी जनप्रतिनिधि पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में हमेशा से ही विकास की संभावनाएं रही हैं। गत वर्षों में हुए विकास कार्यों से लोग अचंभित हैं। उप मुख्यमंत्री ने पत्रकार साथियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

मैं अस्पतालों का हमेशा निरीक्षण करता हूं, कांग्रेसी सोते रहते हैं तो मैं क्या करूं

इस दौरान पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जब रीवा में रहता हूं तो खासतौर से संजय गांधी, सुपर स्पेशलिटी व जिला अस्पताल निरीक्षण करता हूं लेकिन कांग्रेसी सोते रहते हैं तो मैं क्या करूं। दरअसल यह कहा गया था कि चिकित्सामंत्री जिले के बाहर की अस्पतालों का निरीक्षण तो करते हैं। इसके जवाब डिप्टी सीएम ने कहा कि वह अल सुबह अस्पताल के निरीक्षण में जाते हैं उस समय कांग्रेस सोते रहते हैं। रीवा की जमीन के मामले में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब 15 महीने की कांग्रेस सरकार आई तब उन्हें चुनौती देकर शहर की जमीन बिक्री मामले की जांच कराने को कहा था लेकिन बिल में घुस गए।

संकल्प से समाधान अभियान: अब तक 3672 आवेदन पत्र दर्ज

रीवा। आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 3672 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 399, विकासखण्ड रीवा में 192, विकासखण्ड सिरमौर में 1828, विकासखण्ड गंगेव में 170, विकासखण्ड त्योंथर में 157 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 20 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं। शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 812, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 9, नगर परिषद चाकघाट में 37, नगर परिषद डभौरा में 23, नगर परिषद त्योंथर में 3, नगर परिषद गुढ़ में 21 तथा नगर परिषद सिरमौर में एक आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है।

रेवांचल बस स्टैण्ड में ठंड से कांप रहे युवकों को मिला मुफ्त में सुरक्षित आश्रय

शनिवार की रात्रि खुले में सो रहे 17 लोगों को पहुंचाया गया आश्रय स्थल

जागरण, रीवा। कड़ाके की इस सर्दी में नगर निगम की मोबाइल वैन खुले में रात्रि बिताने के लिए मजबूर लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। बीती शनिवार की रात्रि नगर निगम की मोबाइल वैन जब अर्द्धरात्रि में रेवांचल बसस्टैण्ड पहुंची तो वहां यात्री प्रतीक्षा में आधा दर्जन युवक मात्र एक कंबल के सहारे बैठे रात काट रहे थे। उनके पास सुरक्षित रात बिताने का कोई और साधन नहीं था। इन युवकों से जब आश्रय स्थल चलने के लिए कहा गया तो सभी युवक एकदूसरे का मुंह ताकने लगे। क्योकि उनके पास किसी प्रकार का शुल्क देने के लिए पैसे नहीं थे। वैन में मौजूद नगर निगम के कर्मचारियों ने जब उन्हे बताया कि कोई शुल्क नहीं लगेगा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सभी युवक प्रसन्नतापूर्वक वैन में बैठ गये और आश्रय स्थल में खुशी-खुशी रात बिताई। गौरतलब है कि निगमायुक्त के निर्देश पर शीत ऋतु में बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा लगातार शहरवासियों, राहगीरों, यात्रियों तथा जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से खुले में रहने वाले बेघर व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित आश्रय उपलब्ध तक पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही मोबाइल वैन के माध्यम से प्रतिदिन रात्रि के समय शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करके जरूरतमंदों को रात्रि श्राम के लिए आश्रय स्थल तक पहुंचाया जा रहा। विगत 17 जनवरी को शहर के प्रमुख स्थानों से 17 जरूरतमंद एवं खुले में सो रहे व्यक्तियों को आश्रय स्थल पहुचाया गया। रात्रिकालीन मोबाइल वैन द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मंदिर परिसरों, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर खुले में सो रहे जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें आश्रय स्थलों तक पहुंचाया जा रहा है।

बचपन से चमत्कार दिखाने लगे थे भगवान श्रीकृष्ण : शास्त्री

महदेईयां मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

जागरण, रीवा। मनगवां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत महमूदपुर स्थित महदेइयां मंदिर में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक श्री हित कुलदीप कृष्ण शास्त्री ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण बचपन से चमत्कार दिखाने लगे थे। कथा वाचक श्री हित कुलदीप कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र का पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत के नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगने लगते हैं। भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजक पुष्पेन्द्र उर्मलिया (बल्लू) तिवनी आम आदमी का सेवक, मनगवां विधायक इंजी. नरेंद्र प्रजापति, महमूदपुर सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मी पटेल, कदैला सरपंच मुकेश पटेल, आचार्य -वर्धमान उर्मलिया, पंकज उर्मलिया, दीपक मिश्रा, रबी शास्त्री, सिद्धार्थ उर्मलिया, विनोद कोल, विधायक प्रतिनिधि संजीव उर्मलिया, राजबिहारी रजक, लवलेश रजक सहित कथा श्रवण कर रहे भक्तों ने आरती पूजा कर प्रसाद प्राप्त किया है।

कांग्रेस विधायक बरैया के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा एफआईआर कराने पहुंचा थाने

किया प्रदर्शन, कांग्रेस की महिलाओं के प्रति सोच पर उठाया सवाल

जागरण, रीवा। कांग्रेस नेता फूल सिंह बरैया के विवादित बयान के बाद राजनैतिक दलों के साथ साथ महिला समूह में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। महिला समूह ने जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष विभा पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस नेता के खिलाफ हल्ला बोलते हुए थाने का घेराव करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा है। इस दौरान कहां गया कि कांग्रेस नेता फूल सिंह बरैया ने हाल ही में सोशल मीडिया में रेप की घटनाओं पर एक विवादित बयान दिया था, जिसमें उन्होंने महिलाओं की सुंदरता के चलते रेप की घटना होना बताया था। कांग्रेस नेता के इस विवादित बयान के बाद प्रदेश भर की राजनीति में भूचाल आ गया है और प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन का दौर भी शुरू हो गया। रविवार को विश्वविद्यालय थाने में ज्ञापन सौंपने पहुंची महिलाओं ने कहा कि कांग्रेस नेता का बयान महिलाओं को अपमानित करने वाला बयान है, जो एक लांछन लगाने जैसा प्रतीत हो रहा है। इसे लेकर प्रदेशभर में महिलाओं में आक्रोश है और कांग्रेस नेता के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर एफआईआर की मांग की जा रही है।

समाज को समरस रखने का दिया मूल मंत्र

रीवा। उपरहटी बस्ती का हिंदू सम्मेलन किला परिसर में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्यजन एकत्रित हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ लोकेश रहे जिन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा का वर्णन किया एवं हिंदुओं को एकजुट रखने का मूल मंत्र बताए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि संत अमित अभय रामदास महाराज रहे जिन्होंने सामाजिक समरसता का विषय बढ़ाते हुए समाज को समरस रखने का मूल मंत्र दिया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि युवरानी वसुंधरा राजलक्ष्मी रहीं जिन्होंने कुटुंब व्यवस्था एवं पर्यावरण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक विवेक व्यास रहे और संचालन कुलदीप नारायण वाजपेयी ने किया। आभार पीयूष त्रिपाठी ने माना। इस अवसर पर पूर्व मंत्री महाराजा पुष्पराज सिंह, सिरमौर विधायक दिव्यराज जी वीरेंद्र गुप्ता, दर्शना वाकडे, कविता गुप्ता, जोशना बाजपेई विद्याधर गुप्ता एवं हजारों हिंदू एकत्रित हुए।

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध

कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर

नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

बिना ड्राइवर सड़क पर चल पड़ी बोलेरो, मचा हड़कंप

रीवा। लालगांव नये बस स्टैंड पर उस वक्त अफरा तफरी और भगदड़ की निर्मित हो गई जब एक बोलेरो गाड़ी बिना ड्राइवर की सड़क पर चल दी। बिना ड्राइवर के चलती गाड़ी देखकर लोगों के होश उड़ गए व चौराहे में यह नज़ारा देख हर कोई सन्न रह गया। उक्त बोलेरो गाड़ी ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मारी जिसके बाद वह रुक गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई जिससे बड़ा हादसा टल गया। लालगांव उप थाने से पहुंची पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को पुलिस थाने ले गई। बताया गया कि बोलेरो का ड्राइवर गाड़ी को खड़ी करके चाबी साथ में लेकर सामान खरीदने चला गया था, तभी यह हादसा हो गया ।

ठंड में बढ़ा ब्रेन स्ट्रोक का खतरा, बीपी-शुगर से पीड़ित बरतें सावधानियां

मौसम बदलते ही बढ़ रहा मरीजों का ग्राफ स्वास्थ्य के प्रति अनदेखी साबित हो रही जानलेवा

जागरण, रीवा। जैसे-जैसे पारा गिरता है, अस्पतालों में ब्रेन स्ट्रोक (मस्तिष्काघात) के मामलों में तेजी से वृद्धि देखने मिलती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह मौसमी बदलाव उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जरा सी लापरवाही जानलेवा हो सकती है। मेडिकल कॉलेज के न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी विभाग में दिमाग की नसों का फटना, उनमें खून का थक्का जमना और उनका आपस में उलझ जाना जैसी समस्याओं को लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार स्ट्रोक के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लेना बेहद जरूरी है। वहीं ठंड में स्ट्रोक से बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए।

जितनी जल्दी हो सके, अस्पताल पहुंचे

विशेषज्ञों के अनुसार ठंड के बढ़ते ही बीपी-शुगर, किडनी, डायबिटीज और हृदय रोगियों को सबसे अधिक खतरा होता है। ऐसे में इन मरीजों को ठंड से बचाव करना चाहिए। ब्रेन स्ट्रोक, लकवा आदि की स्थिति में जितनी जल्दी हो सके, अस्पताल पहुंचना चाहिए।

ब्रेन स्ट्रोक के प्रमुख कारण....

- रक्त वाहिकाओं का सिकुड़ना: ठंड के कारण शरीर की रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। इससे रक्तचाप अचानक बढ़ जाता है, जो ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक का कारण बन सकता है।
- खून का गाढ़ा होना: सर्दियों में अक्सर लोग पानी कम पीते हैं, जिससे खून की तरलता कम हो जाती है और वह गाढ़ा हो जाता है। गाढ़ा खून नसों में थक्के बनने की संभावना को बढ़ा देता है, जिससे स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।
- प्लेटलेट्स का चिपचिपापन: ठंड में रक्त प्लेटलेट्स भी अधिक चिपचिपी हो जाती हैंए जिससे थक्का जमना और भी आसान हो जाता है।
- शारीरिक गतिविधि में कमी: सर्दी के कारण लोग व्यायाम और शारीरिक गतिविधि कम कर देते हैं और वसायुक्त भोजन का अधिक सेवन करते हैं, जिससे रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल अनियंत्रित हो सकते हैं।

इन लक्षणों को न करें इग्नोर...

- चेहरे का एक तरफ लटक जाना या टेढ़ा होना।
- एक हाथ या पैर में अचानक कमजोरी या सुन्नपन आना।
- बोलने में लड़खड़ाहट या शब्दों को समझने में कठिनाई।
- एक दम से बेहोश हो जाना।
- झटका आना, बोलने में समस्या।
- सिर में अचानक असहनीय दर्द।

सेवानिवृत्त उप निरीक्षक का एटीएम छीनकर 40 हजार रुपए निकाल लिए बदमाश

मऊगंज कस्बे में दिनदहाड़े सामने आई वारदात से मचा हड़कंप

जागरण, रीवा

मऊगंज कस्बे में रविवार को एक सनसनीखेज वारदात को बदमाशों ने अंजाम दिया। एसएम से सेवानिवृत्त हुए 70 वर्षीय वृद्ध को जान से मारने की धमकी देकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित वृद्ध मऊगंज थाना के पास मस्जिद के बगल में स्थित एटीएम बूथ में पैसा निकालने गए थे, तभी दो बदमाश उनके पास पहुंचे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के संबंध में एसएफ के रिटायर्ड उप निरीक्षक अभयराज सिंह पिता छत्रपति सिंह 70 वर्ष निवासी बिछरहा ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब 12 बजे वो मस्जिद के पास स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम आए हुए थे। इसी बीच दो लड़के एटीएम बूथ के अंदर पहुंचे और उनको जान से मारने की धमकी देते हुए एटीएम छुड़ाते हुए पासवर्ड पूछ लिए। जिसके बाद आरोपी एटीएम लेकर फरार हो गए। आनन फानन में उन्होने घटना की शिकायत मऊगंज पुलिस से की लेकिन तब तक आरोपी दूसरे एटीएम से 40 हजार रुपए निकाल लिए। बताया गया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के बाद अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, बताया गया कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान की जा रही है, उम्मीद है कि जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले आरोपी पुलिस के हाथ लगेगे। वृद्ध ने बताया कि उनकी माता जी का निधन दो सप्ताह पहले हो गया था, अंतिम संस्कार के बाद किए गए कार्यक्रमों में कई लोगों को पैसा देना था, जिससे वो एटीएम पैसा निकालने आए थे, तभी बदमाशों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए घटना को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस अब घटना का अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। उल्लेखनीय मऊगंज जिले में नए साल के शुरुआत से ही लूटपाट की आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। थाने से चंद कंदम की दूरी पर बेखौफ बदमाशों द्वारा पुलिस के रिटयरमेंट अधिकारी के साथ लूट की इस घटना ने मऊगंज जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा है। जरूरत इस बात की है कि कलेक्टर व एसपी मऊगंज इस तरह की घटनाओं पर नियंत्रण करें अन्यथा अपराधियों का मनोबल बढ़ा तो गड़रा कांड की पुनरावृति को बल मिलेगा।

कटे हाथ के हितग्राहियों को लगेगा निःशुल्क कृत्रिम हाथ

रीवा ग्रामीण-शहर, नईगढ़ी व सिरमौर के हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

जागरण, रीवा। मप्र शासन एनएचएम और इनाली फाउंडेशन आपसी समन्वय से इनाली फाउंडेशन के माध्यम से निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरित किये जा रहे हैं, ऐसे हितग्राही जिनके कोहनी के नीचे से हाथ कटा है ऐसे प्रोस्थेटिक हितग्राहियों को निःशुल्क कृत्रिम अंग इनाली फाउंडेशन भोपाल के सहयोग से लगाए जा रहे हैं। जिसके लिए कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में निःशुल्क कैम्प आज 19 जनवरी एवं कल 20 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय शिविर में प्रथम दिवस में जिला सिंगरौली, सतना, शहडोल एवं रीवा ब्लॉक रीवा ग्रामीण, ब्लॉक रीवा शहर, ब्लॉक सिरमौर, ब्लॉक नईगढ़ी के चिन्हित हितग्राही लाभान्वित होंगे। साथ ही शिविर के द्वितीय दिवस यानि 20 जनवरी को जिला सीधी एवं जिला रीवा के ब्लॉक जवा, ब्लॉक त्योंथर, ब्लॉक रायपुर कर्चु., ब्लॉक गंगेव, ब्लॉक हनुमना, ब्लॉक मऊगंज के हितग्रही लाभान्वित होंगे। ऐसे हितग्रही जिनका जन्मजात अथवा किसी दुर्घटना में हाथ कट गया है जो सामान्य दिनचर्या के काम काज करने में सक्षम नही हैं, उन्हें इनाली फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क इलेक्ट्रिक प्रोस्थेटिक हाथ लगाए जाएंगे हितग्रही 15 वर्ष से ऊपर और किसी भी आयु का हो, सभी को लाभ मिलेगा। सभी हितग्राही जिनका हाथ कटा है वे अब सामान्य दिनचर्या के सभी काम कर सकते हैं, यहां तक की लैपटॉप चलाना, बाइक चलाना, कोई सामान पकड़ना उठाना सब संभव हो सकेगा। निःशुल्क पंजीयन कराएं हेतु विष्णु प्रताप सिंह जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबन्धक आरबीएसके रीवा के मो. 9926004216 में वाट्सऐप में जानकारी भेजकर पंजीयन करा सकते हैं। सीएमएचओ डॉ.यत्नेश त्रिपाठी ने आम जन से अपील की है कि सभी हितग्राही जिनका कोहनी के नीचे से हाथ कटा हुआ है, वे अपने आधार कार्ड सहित जिला अस्पताल रीवा के शिविर में आज 19 एवं 20 जनवरी को लाभ ले सकते हैं। शिविर हेतु पंजीयन के लिए निर्धारित समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक का है।

देहदान पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर का सम्मान

ननकी देवी के शरीर से पढ़ेंगे मेडिकल कॉलेज के छात्र

वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ राम सखा वर्मा ने मां की अंतिम इच्छा को किया पूरा

जागरण, रीवा। मेडिकल कॉलेज छात्रों के पढ़ाई के लिए एक और देह रविवार को सौंपी गई। पूर्व में लिए गए संकल्प के अनुसार अपनी मां की देह को वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ रामसखा वर्मा ने कॉलेज प्रबंधन को सौंपा। राज्य सरकार के नियम अनुसार गार्ड ऑफ ऑनर के साथ देह को मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया। बता दें कि वरिष्ठ भाजपा नेता रामसखा वर्मा की मां ननकी देवी का निधन शनिवार को शाम 6 बजे हो गया। 95 वर्षीय ननकी देवी लंबे समय से बीमार चल रहीं थी और उन्होंने शनिवार को अपने पैतृक निवास ग्राम संदोह तहसील त्योंथर में अंतिम सांस ली। रविवार को उनका पार्थिव शरीर श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय गार्ड आफ ऑनर्स के सम्मान के साथ सुपुर्द किया गया। इस दौरान परिवार जन सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

डॉ राम सखा ने बताया कि उनकी मां ने पहले ही यह कहा था उनके शरीर को छात्रों की पढ़ाई के लिए दान करना है। डॉ राम सखा ने अपनी माँ की अंतिम इच्छा को पूरा करने के लिए मेडिकल कालेज को दान कर दिया। मृत्योपरांत मां की इच्छा पूरी करने के लिए लोगों ने डॉ रामसखा को साधुवाद दिया। ननकी देवी के देहदान के समय मेडिकल कालेज डीन डॉ सुनील अग्रवाल, अक्षीक्षक एसजीएमएच डॉ राहुल मिश्रा सहित मेडिकल कालेज के कई प्राध्यापक शामिल रहे।

भाजपा नेताओं ने जताया शोक

वरष्ठ भाजपा नेता डॉ राम सखा वर्मा की माँ ननकी देवी के निधन पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक गण नागेंद्र सिंह, गिरीश गौतम पूर्व विस अध्यक्ष, दिव्यराज सिंह, सिद्धार्थ प्रजापति, इंजी नरेंद्र प्रजापति,भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता सहित कई भाजपा नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है।

एंबुलेंस की टक्कर से 1 बाइक सवार की मौत, 1 घायल

रीवा। सेमरिया थाना क्षेत्र के शाहपुर चौकी अंतर्गत हिनौता में बीती रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक हादसा 108 एंबुलेंस से हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने एंबुलेंस को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के संबंध में डॉक्टर विपिन रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात तकरीबन 8 बजे उन्हें सूचना मिली कि 108 एंबुलेंस से बाइक सवार दो युवकों का एक्सीडेंट हो गया है। हादसे में घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए तत्काल संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां बाइक सवार युवक ज्ञानेंद्र रावत की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि कुलदीप रावत का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। बताया गया कि बाइक सवार दोनों युवक अपने गांव मोहरवा जा रहे थे जिनकी एंबुलेंस से टक्कर हो गई। घटना के बाद भाग रही एंबुलेंस को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है, वहीं मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

किराना व्यापारी के घर लाखों की चोरी का नहीं हो सका खुलासा

हनुमना में मकर संक्रांति के दिन सामने आई थी घटनाा

जागरण, रीवा। मऊगंज जिले के हनुमना नगर में मकर संक्रांति की सुबह एक किराना व्यापारी के यहां चोरी की बड़ी वारदात की जानकारी सामने आई थी। दुकान एवं घर के अंदर से लाखों रुपए में किराना का सामान एवं आभूषण अज्ञात चोर चुरा ले गए थे। पीड़ित व्यापारी बद्री प्रसाद गुप्ता ने मामले की शिकायत हनुमना थाना में दर्ज करवाई थी । बताया गया था कि अज्ञात चोरों ने करीब 40 से 50 लाख रुपए के सामान सहित नकदी पार कर दी थी। फिलहाल अब तक पुलिस चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर सकी है, जिससे व्यापारी का परिवार परेशान है। मामले में थाना प्रभारी हनुमना अनिल काकड़े ने बताया कि पुलिस साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है, चोरी हुआ मोबाइल मिल गया है और सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि जल्द से जल्द अज्ञात चोर पकड़े जाएं।

टिकट में न तो बस क्रमांक अंकित रहता है न ही किराया

बस संचालक काट रहे यात्रियों की जेब, परिवहन विभाग मौन

जागरण, रीवा। शहर में ओवरलोड के साथ ही कंडम बसों का तो धड़ल्ले से संचालन हो रहा है, जिन पर न तो परिवहन विभाग ध्यान दे रहा है न ही यातायात विभाग, कई बसें नियमों से परे संचालित की जा रही हैं, निजी बस के परिचालकों द्वारा यात्रियों को जो टिकट दी जाती है, उस पर न तो बस क्रमांक अंकित होता, न ही कितना किराया वसूला गया ये लिखा होता है। इतना ही नहीं , यात्रियों को दिए जाने वाले टिकट में यात्री ने कहां से कहां तक यात्रा की ये भी नहीं लिखा होता। जबकि टिकट में ये सारे कॉलम होते हैं, लेकिन कोई भी बस परिचालक टिकट में जानकारी नहीं भरता, ये अव्यवस्था आज से नहीं बल्कि लंबे समय से चली आ रही है, जिसे दुरुस्त करने में न तो परिवहन विभाग सक्रिय है न ही यातायात विभाग। कई बार ओवर लोड बसें दुर्घटनाग्रस्त हो जाती हैं, ऐसे में यदि किसी यात्री की जान चली जाए तो आधे-अधूरे टिकट से दिवंगत यात्री के परिजनों को क्लेम लेने में काफी दिक्कत होती है, परिजन क्लेम के लिए महीनों चप्पलें घिसते हैं तब जाकर साबित कर पाते हैं कि उनका परिजन दुर्घटनाग्रस्त बस में में यात्रा कर रहा था।

जगह नहीं है, खड़े-खड़े यात्रा करना पड़ेगा

शहर से संचालित होने वाली अधिकतर बसें ओवरलोड ही चलती हैं, जिनमें सीटों के फुल होने के बाद भी सवारियां भरी जाती हैं, जब यात्री पूछते हैं कि सीट खाली है तो परिचालक बड़ी सहजता से कह देते हैं कि जगह नहीं है, खड़े-खड़े यात्रा करना है तो चढ़ो, यात्री को जाने की जल्दी हो तो मजबूरी में अपने गंतव्य तक खड़े-खड़े ही यात्रा करते हैं। कई बस परिचालक तो इतने चालाकी दिखाते हैं कि जो सीट पहले से फुल है टिकट में उसी सीट का नंबर लिखकर किराया वसूल लेते हैं, जब यात्री सीट पर पहुंचता है तो पहले से भरी मिलती है, परिचालक बार-बार बार-बार यही आश्वासन देता है कि वह आ रहा है, बस में रहो, सीट की व्यवस्था करवाते हैं। कई इस आश्वासन के चलते न तो यात्री को जो सीट नंबर दिया गया, वह मिल पाता है, न ही अन्य सीट।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

बीएमसी के नतीजे महाराष्ट्र में बड़े बदलाव के संकेत

महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की महत्वपूर्ण सफलता ने राज्य में बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत दे दिया है, जो आने वाले दशकों में राज्य की भगवा राजनीति की विरासत पर वर्चस्व की दिशा भी तय करेगा। राज्य के विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन द्वारा विपक्ष को करारी शिकस्त देने के एक साल से कुछ अधिक समय के बाद अब सत्तारूढ़ गठबंधन ने राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में अपना दबदबा कायम कर लिया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व वाले बहुचर्चित बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी के चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। निश्चित रूप से इस हालिया परिणाम से आने वाले सालों में मुंबई की सत्ता में निर्णायक बदलाव आएगा। अविभाजित पार्टी के रूप में, बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना ने दशकों तक भारत की वित्तीय राजधानी पर शासन किया। लेकिन अब भाजपा की अगुवाई में शिवसेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट बीएमसी में अहम भूमिका निभाएगा। जैसे महाराष्ट्र सरकार में एकनाथ शिंदे उप मुख्यमंत्री की भूमिका निभा रहे हैं, वैसी बीएमसी में पार्टी की भूमिका रहेगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दो दशक बाद ठाकरे भाइयों की पार्टियों के एकजुट होकर लड़ने के बावजूद राज्य में महायुति की लहर रुकी नहीं। यही वजह है कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की हाल ही में सामने आई प्रतीकात्मक एकता चुनावी सफलता में बदलने में कामयाब नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों के बीच गठबंधन पूणे में बुरी तरह विफल हो गया।

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बीएमसी चुनाव परिणामों के गहरे निहितार्थ रहे हैं। बहुचर्चित बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी को देश का सबसे धनी नगर निगम होने का गौरव हासिल है। जिसके चलते इसका राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है।

महाराष्ट्र की राजनीति में बीएमसी के महत्व का अंदाजा इसके बजट से लगाया जा सकता है। इसका बजट वर्ष 2025-26 के लिये 74,427 करोड़ रुपये का है, जो हिमाचल प्रदेश और गोवा जैसे राज्यों के बजट से भी अधिक है। ऐसे में हालिया स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के वर्चस्व के बाद स्थानीय निकाय की नई संरचना का मुंबई के शासन, नीतिगत प्राथमिकताओं और महाराष्ट्र की राजनीतिक गतिशीलता पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। यहां सकारात्मक पहलू यह भी है कि जनता ने विकास की आकांक्षा को तरजीह दी और क्षेत्रीय संकीर्णता के नारे को खारिज किया। चुनाव परिणाम मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विकास के वादे का समर्थन करते हैं। हालांकि, ठाकरे परिवार का 'मराठी मानुष' कार्ड ज्यादा मतदाताओं को आकर्षित नहीं कर पाया। एक बार फिर महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों में कांग्रेस हाशिये पर नजर आई। राजनीतिक पंडित कह रहे हैं कि महाराष्ट्र की राजनीति में बरसों तक वर्चस्व रखने वाले ठाकरे और पवार के राजनीतिक परिवार को राज्य में अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने के लिये नये सिरे से प्रयास करने होंगे। वहीं दूसरी ओर इन चुनाव परिणामों का एक निष्कर्ष यह भी है कि भाजपा चुनावों में जीतने का गणित सीख गई है। पार्टी के बूथ मैनेजमेंट के साथ संघ का संबल उसकी विजय की राह प्रशस्त करता है। यही वजह है कि स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा न केवल अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ती नजर आई, बल्कि अपने सहयोगियों पर भी भारी पड़ी ।

अप्रवासी समस्या

भारतीय समुदाय को बता रहे आर्थिक खतरे और सांस्कृतिक आक्रांता का पर्याय

ट्रंप समर्थकों ने छेड़ा भारतवंशियों के खिलाफ अभियान

फ्रैंक एफ इस्लाम

पिछले तीन दशकों में भारतवंशियों ने अमेरिका के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षितिज पर अपना अलग मुकाम बनाया है। भारतवंशी समुदाय आज यहां के स्वास्थ्य, सेवा, वित्त, अकादमिक और इन सबसे बढ़कर सूचना-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में प्रभावकारी भूमिका अदा कर रहा है।

अमेरिका में बाहर से आकर बसे समुदायों में भारतीय सबसे ज्यादा पढ़ा-लिखा समुदाय है। इस समुदाय के 75 प्रतिशत से अधिक लोगों के पास स्नातक व उससे ऊंची की डिग्री है। फॉर्च्यून-500 कंपनियों के सीईओ से लेकर सिलिकॉन वैली के एक अरब डॉलर से ज्यादा वाले यूनिकॉर्न स्टार्ट-अप के संस्थापकों तक, डॉक्टरों-प्रोफेसरों से लेकर सरकारी कर्मचारियों तक इतने बड़े पैमाने पर इस समुदाय की उपस्थिति है कि अब इसको सामान्य बात मान लिया गया है।

अब जब डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' की राजनीति को अपने प्रशासन का मूल-मंत्र बनाया है, तो बहुत कुछ यहां बदला-बदला सा नजर आने लगा है। ट्रंप समर्थक न सिर्फ अवैध रूप से रहने वालों को निशाना बना रहे, बल्कि उन्होंने अति-कुशल अप्रवासियों के खिलाफ भी अभियान छेड़ दिया है। इसका दुष्प्रभाव भारतवंशियों पर सर्वाधिक पड़ा है। भारतीयों के लिए दशकों से अमेरिका आने का सबसे सुगम रास्ता एच1बी वीजा कार्यक्रम रहा है। कुल एच1बी वीजा का लगभग 70 प्रतिशत भारतीयों को ही मिलता रहा है। यहां भारतवंशियों की ठीक-ठाक आबादी हो गई है। अमेरिका में 1990 में 8,15,000 भारतीय थे, जो अब 50 लाख से ज्यादा हो गए हैं।

'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' अभियान में ट्रंप-भक्तों के साथ वामपंथियों का एक गुट भी शामिल है। इस समूह का तर्क है कि एच1बी वीजा प्रणाली अमेरिकी नौकरियां चुराती है, भारतीय कंसल्टिंग फर्म 'सिस्टम में हेरफेर करते हैं' और कई कर्मचारी 'निम्न स्तर के' हैं। हालांकि, 'नेशनल फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी' और 'ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन' समेत लगभग हरेक बड़े संस्थानों के अध्ययन में इन आरोपों का खंडन किया गया है। जिन भारतवंशी पेशेवरों को यहां एक समय 'मॉडल अल्पसंख्यक' के रूप में पेश किया जाता था, उसी समुदाय को अब आर्थिक खतरे और सांस्कृतिक आक्रांता का पर्याय बनाया जा रहा है। पिछले एक साल में दक्षिणपंथी मीडिया व सोशल मीडिया में 'टेक कॉरिडोर' में घर की कीमतों में बढ़ोतरी से लेकर समावेशीकरण में आई कमी तक, हर बात के लिए भारतवंशियों को दोषी ठहराए जाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। ट्रंप-समर्थकों द्वारा वायरल किए जा रहे मीम में भारतीय किराना स्टोर से लेकर हिंदू त्योहारों तक, हर चीज का मजाक उड़ाया जा रहा है। कॉस्टको में खरीदारी जैसी उपभोक्ता आदत को 'नस्लवाद' या 'संकीर्ण सामुदायिक आर्थिक व्यवहार' के सुबूत के तौर पर पेश कर उनका उपहास उड़ाया जाने लगा है। 'रेमिटेंस' को अब 'पूंजी पलायन' कहकर इस पर सवाल उठाया जा रहा है। बड़े पैमाने पर जारी आउटसोर्सिंग विरोधी बयानबाजी में भारतीय कॉल सेंटरों को उदाहरण के तौर पर रखा जा रहा है और इन सबसे बुरा यह है कि भारतवंशियों को अब बुजुर्ग अमेरिकियों को धोखा देने वाला बताया जा रहा है।

ऐसे में, सवाल यही है कि एक ऐसा समुदाय, जो कभी अजेय-सा महसूस करता था, अपनी स्थिति को वापस कैसे पाए? इसका सबसे अच्छा तरीका तो यही है कि भारतवंशियों को धीरज रखना चाहिए। यह एक कठिन राजनीतिक दौर है, जो आज नहीं तो कल बीत जाएगा। आप्रवासी विरोधी भावना अमेरिका तक सीमित नहीं है। पूरे यूरोप, दक्षिण अमेरिका और एशिया के कुछ हिस्सों में राष्ट्रवादी आंदोलन बढ़े हैं, जो आर्थिक विस्थापन, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और सांस्कृतिक चिंता के डर से प्रेरित हैं। ऐसे चक्र स्थायी नहीं होते, वे चरम पर पहुंचते हैं और फिर कम हो जाते हैं। इसलिए भारतवंशियों को अमेरिकियों के मौजूदा व्यवहार को दुश्मनी के तौर पर नहीं देखना चाहिए।

दूसरा, भारतवंशी समुदाय को अपनी सफलता की कहानियां तथ्यात्मक रूप से बतानी चाहिए। अमेरिका में डॉक्टरी के पेशे जुड़े लोगों में भारतवंशियों का हिस्सा लगभग आठ प्रतिशत है। किसी भी आप्रवासी समूह के मुकाबले सबसे ज्यादा तेजी से स्टार्टअप शुरू करने वाले भारतवंशी ही हैं। वे हर साल टैक्स, अनुसंधान और नवाचार में अरबों डॉलर का योगदान देते हैं।

तीसरा, भारतवंशियों को अपना राजनीतिक जुड़ाव गहरा करना चाहिए। साल 2024 के विरोधाभासों में से एक यह भी रहा कि एक-तिहाई से ज्यादा भारतवंशियों ने ट्रंप को, उनके खुले तौर पर आप्रवासी विरोधी बयानबाजी के बावजूद वोट दिया। असल में, इनमें से कई यह गलत धारणा पाले बैठे थे कि दौलत उन्हें 'नस्लीय विद्वेष' से बचा लेगी, लेकिन जो परिस्थितियां बन रही हैं, उनमें सियासी फिजा तेजी से बदल सकती है। आज के उद्यमी कल 'बलि का बकरा' बन सकते हैं। इसलिए, भारतवंशी इससे सबक लें और अपने दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखकर वोट दें। भारतीय अमेरिकियों के पास अब कांग्रेस, राज्य विधानसभाओं से लेकर नगर परिषदों और स्कूल बोर्ड के नेताओं तक में रिकॉर्ड संख्या में निर्वाचित जन-प्रतिनिधि हैं। यह प्रतिनिधित्व लगातार बढ़ना चाहिए।

आखिर में, हमें सिर्फ पेशेवर जीवन में नहीं, बल्कि नागरिक जीवन में भी फिर से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। भारतवंशी आर्थिक क्षेत्रों में तो बहुत अच्छे हैं, लेकिन नागरिक क्षेत्र में वे पीछे हैं। वे स्थानीय आयोजनों, स्कूल बोर्डों, सामुदायिक सेवाओं और अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान में बहुत कम भाग लेते हैं। यह प्रवृत्ति बदलनी चाहिए। नागरिक स्तर पर जुड़ाव से विश्वास बनता है और रूढ़विादिता खत्म होती है। ये वे क्षेत्र भी है, जहां आप्रवासी समूह ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी ताने-बाने में अपनी जगह बनाते रहे हैं। यह समुदाय कितना भी प्रभावी क्यों न हो जाए, खामोशी उसकी हिफाजत नहीं कर सकती।

भारतवंशी आज अमेरिका में ऐसी परिस्थिति से जूझ रहे हैं, जिसका उन्होंने पहले कभी सामना नहीं किया था। यह परिस्थिति है- राजनीतिक सत्ता द्वारा बढ़ाया गया सांस्कृतिक संदेह। भारतवंशियों के मन में आज यह बात उठ सकती है कि पीछे हट जाएं, शांत रहकर समय का इंतजार करें या उम्मीद करें कि यह पल गुजर जाएगा, लेकिन इसके उल्टा करने की जरूरत है। यही वह समय है, जब हमें अधिक मजबूती से खड़ा होना चाहिए, अपनी आवाज उठानी चाहिए और ज्यादा भागीदारी करनी चाहिए।

खुला मंच

तो नोबल पुरस्कार दिला देते न भाई!

सहीराम

देखो भाई, बिना नोबल शांति पुरस्कार के तो शांति हो नहीं सकती थी। अगर दुनियावालों को शांति चाहिए थी, तो नोबल दिला देते। वरना तो यही होना था, जो ट्रंप ताऊ ने किया। वे दुनियाभर में युद्ध रुकवाते घूम रहे थे। कभी इस्राइल और फलस्तीन का युद्ध रुकवा रहे थे, तो कभी रूस-यूक्रेन का युद्ध रुकवा रहे थे। कभी गाजा को रिवेरा बना देने का प्लान दे रहे थे, तो कभी जेलेंस्की को व्हाइट हाउस में बुलाकर वैसे ही डांट रहे थे जैसे, किसी जमाने में जागीरदार अपनी हवेली पर बुलाकर किसानों को डांटा करते थे।

भारत-पाकिस्तान का युद्ध रुकवाने का श्रेय तो वे हर हफ्ते ही लेने की कोशिश करते थे। खुद को ही लगता था कि उन्होंने तो श्रेय दिया नहीं, चलो मैं ही एक बार फिर ले लेता हूं। इंडियावालों ने गिनना बंद कर दिया। यार दुनिया में और भी काम होते हैं कि नहीं।

एक तरफ तो शांति का नोबल पुरस्कार लेने की इतनी तलब थी कि खुद को पीस प्रेजिडेंट ही कहलाना शुरू कर दिया था। लेकिन फिर नोबल से मोहभंग हुआ तो ऐसा हुआ कि खुद ही वेनेजुएला पर चढ़ दौड़े और राष्ट्रपति को पकड़वाकर अमेरिकी अदालत में खड़ा कर दिया।

यह मोहभंग इतना गहरा था कि जिस मारिया मचाडो को इस बार का नोबल पुरस्कार मिला, उसे भी उन्होंने माफ नहीं किया। हालांकि बेचारी मचाडो उन्हीं की भक्त हैं और अब तो उन्होंने अपना नोबल पुरस्कार भी ट्रंप ताऊ को ही समर्पित कर दिया है, लेकिन ताऊ की नाराजगी ऐसी कि मेरे रहते तुमने पुरस्कार ले कैसे लिया। कह देती मेरे ताऊ को दो। अरे यार, नोबल सारे अमेरिकी राष्ट्रपतियों को मिलता है, देखो ओबामा को भी मिल गया, तो मुझे क्यों नहीं मिला। इसी नाराजगी में मादुरो को अगुवा करने के बाद भी उन्होंने मचाडो के हाथ में सत्ता देने से इंकार कर दिया। कहां तो वे रोज ताऊ को न्योता दे रही थीं कि आओ मेरे देश पर चढ़ाई कर दो और इन वामपंथियों को निकाल बाहर करो। हमारे यहां ऐसे लोगों को गद्दार कहा जाता है, लेकिन मचाडो क्योंकि वामपंथियों की विरोधी हैं तो उन्हें नोबल पुरस्कार से नवाजा गया था।

लेकिन क्या काम आया यह पुरस्कार? सत्ता तो मिली नहीं। ताऊ ने दी ही नहीं। वे मचाडो को पूछ ही नहीं रहे। इंतजार में बैठी हैं, ताऊ लुकमा फेंक ही नहीं रहे। कह रहे हैं कि हम वेनेजुएला को चलाएंगे। पता नहीं जी, वह कैसे चलेगा। इराक की तरह चलेगा या अफगानिस्तान की तरह से चलेगा या फिर लीबिया की तरह से चलेगा। जो भी हो, ट्रप ताऊ ने अपनी तो चला ली!

प्रसंगवश

बेरोजगारी के आंकड़े आर्थिक विकास के लिए चिंताजनक

देश में पिछले कुछ वर्षों से बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। इससे बड़े स्तर पर युवा श्रम शक्ति का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है और यह राष्ट्र के संपूर्ण विकास में भी अवरोध पैदा कर रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था को तभी संतुलित माना जाता है, जब उसमें आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हों। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल कार्यबल तथा जनसंख्या के लिहाज से भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। यहां युवाओं की आबादी अन्य देशों की तुलना में अधिक है। मगर इस कार्यबल को व्यापक रूप से राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी के समान अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।

इसका आकलन केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी रपट से किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि देश में पंद्रह वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर पिछले वर्ष दिसंबर में बढ़कर 4.8 फीसद पर पहुंच गई, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 4.7 फीसद था। शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी का असर ज्यादा रहा, जहां इसकी दर नवंबर में 6.5 फीसद से बढ़कर 6.7 फीसद हो गई। इससे स्पष्ट है कि सरकारी और निजी संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घट रहे हैं।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसी योजनाओं की शुरुआत की गई है, लेकिन इनका असर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग रहा है। कई युवा और श्रमिक वर्ग अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।

कृत्रिम मेधा और डिजिटलीकरण के कारण भी रोजगार में कमी आई है। हालांकि, डिजिटल क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं, लेकिन इनमें भी विशेष कौशल की आवश्यकता होती है, जो हर किसी के पास नहीं है। इसमें दोराय नहीं कि रोजगार की मांग के अनुपात में सरकारी नौकरियों की संख्या में वृद्धि नहीं हो पा रही है।

इसके अलावा, सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और परीक्षा प्रणाली के मुद्दे भी रोजगार हासिल करने के समान अवसरों को प्रभावित करते हैं। हालांकि आंकड़ों के हिसाब से देखें तो शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में राहत की बात यह है कि वहां पिछले वर्ष नवंबर से दिसंबर के बीच बेरोजगारी दर 3.9 फीसद पर स्थिर है।

दरअसल, किसी भी देश में संपूर्ण आर्थिक विकास तभी संभव हो पाता है, जब सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो, प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी तथा गरीबी, भुखमरी और सामाजिक असमानता में कमी आए तथा रोजगार की उपलब्धता और प्रति व्यक्ति खुशहाली हो। विकास का माडल ऐसा होना चाहिए, जिसमें रोजगार के अवसर, गरीबों का उत्थान और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित हो सके तथा महंगाई की दर कम रहे।

सवाल है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, क्या मौजूदा परिस्थितियों की लिहाज से उसे तय समय में हासिल किया जा सकेगा! यह सच है कि बेरोजगारी दर में उतार-चढ़ाव से देश के विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

ऐसे में सरकार को चाहिए कि बेरोजगारी दर में कमी लाने के लिए शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ने को प्राथमिकता दी जाए और सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएं। तभी भारत सही मायने में एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ पाएगा।

वृद्धजन सुरक्षा

बुजुर्गों के लिए एक ऐसी नीति बने जो सामाजिक सुरक्षा और आय सुनिश्चित करें

जन्म के साथ पेंशन योजना से सुरक्षित होगा बुढ़ापा

जी.एन. बाजपेयी

लोगों की सेहत दुरुस्त रखने के लिए स्वास्थ्य देखभाल, पोषणयुक्त भोजन और जीवन-स्तर में सुधार हो रहा है और इससे बड़ा बदलाव भी आ रहा है। बढ़ती जीवन प्रत्याशा, घटती जन्म दर और बड़ी होती बुजुर्ग आबादी के माहौल में बुजुर्गों के लिए सन् 1999 में लागू की गई 'सामाजिक सुरक्षा और आय (ओल्ड एज सोशल ऐंड इनकम सिक्योरिटी या ओएसिस)' योजना जरूरी हो जाती है। भारत में 60 और उससे ज्यादा उम्र के लोगों की आबादी 2023 में लगभग 15 करोड़ थी। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की 'इंडिया एजिंग रिपोर्ट-2023' में अनुमान लगाया गया है कि यह आबादी 2050 तक 35 करोड़ (आबादी का 25 प्रतिशत) हो जाएगी। इसी तरह, युवा लोगों पर निर्भर रहने का अनुपात 2020 के 16 से बढ़कर 2050 तक 34 प्रतिशत हो जाएगा।

बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार की ओर से पिछले दो दशकों में कई नीतिगत कदम उठाए गए हैं। इनमें सरकारी कर्मचारियों के लिए बिना फंड वाली निश्चित-लाभ पेंशन योजनाओं को निश्चित-योगदान योजनाओं में बदला गया है और आम नागरिकों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) शुरू की गई है। हालांकि, एनपीएस के दायरे में आने वाले लोगों में वित्तीय समझ की कमी के कारण इस योजना में मामूली प्रगति हो पाई है। इसमें आर्थिक सुरक्षा की हीला-हवाली को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता है, इसलिए इस नीति में बदलाव जरूरी हो गया है।

असल में, बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए एक ऐसी नीति बननी चाहिए, जो उनकी सामाजिक सुरक्षा और आय, दोनों सुनिश्चित करे। इसके लिए सेवानिवृत्ति या साठ साल के बाद पेंशन योजना लागू करने के बजाय जन्म से ही इस पर ध्यान देना चाहिए।

बच्चों के लिए हाल ही में शुरू की गई 'एनपीएस-वात्सल्य योजना' इसी तरह की एक पहल है। इस योजना में 1,000 रुपये वार्षिक योगदान देने वाले 18 साल से कम उम्र के बच्चे को शामिल किया जाता है। अब बच्चों के पैसे पिग्गी बैंक में रखने की जरूरत नहीं , बच्चे भी भविष्य के लिए दीर्घकालिक निवेश कर सकते हैं। इस योजना के तहत माता-पिता नाबालिग बच्चों के नाम पर पेंशन अकाउंट खोल सकते हैं ताकि लंबी अवधि में बच्चों के लिए एक बड़ा कॉर्पस तैयार होगा।

अब सवाल ये हैं कि ज्यादातर लोगों को यह नहीं पता कि आखिर एनपीएस वात्सल्य योजना का लाभ ले कौन सकता है, इसका लाभ लेने के लिए क्या करना होगा?

सरकार द्वारा शुरू की गई एनपीएस वात्सल्य योजना दीर्घकालिक निवेश और पेंशन योजना है। इसका उद्देश्य बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने और माता-पिता अभिभावक में बच्चों के लिए बचत की आदत डालना है। इस योजना में माता-पिता और अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य के लिए निवेश कर सकेंगे। एनपीएस वात्सल्य योजना का प्रबंधन भी पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) करेगा। इस योजना का लाभ देश की करीब 35 प्रतिशत आबादी यानी 18 साल से कम उम्र वालों को इसका फायदा होगा। एनपीएस वात्सल्य स्कीम में निवेश फ्लेक्सिबल ऑप्शन दिया गया है। यानी कि माता-पिता सालाना कम से कम 1000 रुपये निवेश कर सकते हैं। निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। माता-पिता चाहें तो कम राशि से शुरुआत कर अपनी सुविधानुसार निवेश राशि बढ़ा सकते हैं। यानी आप जितना चाहें उतना सालाना निवेश कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त एक सुझाव यह है कि देश के हरेक बच्चे को जन्म के समय ही 'परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर (प्रान)' दिया जाए और केंद्र सरकार की तरफ से 1,000 रुपये के शुरुआती योगदान के साथ प्रान-डान कार्ड (डान का मतलब डिफेंडिंग अ न्यूबोर्न या नवजात की सुरक्षा) जारी किया जाए। अगर, 2026 से इस योजना को लागू किया जाता है, तो इसमें शामिल होने वाले बच्चे 2047 में 21 साल के होंगे। तब तक उनके प्रान खाते में इतनी रकम जमा हो जाएगी कि वे आर्थिक रूप से निश्चिंत हो सकेंगे। हिसाब लगाकर देखें, तो इस योजना में 25 साल की उम्र तक सालाना 1,200 रुपये, 26-30 साल की उम्र तक 1.2 लाख रुपये, 31-40 साल की उम्र तक 1.8 लाख रुपये, 41-50 साल की उम्र तक 2.4 लाख रुपये और 51-60 साल की उम्र तक सालाना 3 लाख रुपये जमा करने होंगे। इन्हें नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से गणना की जाए, तो 60 साल की उम्र तक यह रकम 4.2 करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगी। यह दर एनपीएस फंड पर मौजूदा रिटर्न रेट के लगभग बराबर है। इससे हर महीने 2.1 लाख रुपये से ज्यादा (छह प्रतिशत दर) की पेंशन मिल सकती है और मूलधन भी सुरक्षित रहेगा। दूसरी ओर, बिना कोष वाली पेंशन पा रही ज्यादातर बुजुर्ग आबादी 2047 तक गुजर चुकी होगी। तब, भारत बड़े पैमाने पर ओएसिस योजना को लागू करने की स्थिति में आ जाएगा।

दानदाताओं को ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को हरेक बच्चे पर सालाना 1,000 रुपये निवेश की जरूरत है। पूरी रकम को 60 साल तक लॉक करने से भारत को लंबे समय तक चलने वाली परियोजनाओं में भी मदद मिलेगी। दशकों में जमा हुआ पेंशन फंड का यह बड़ा पूल (एनपीएस में 150 अरब रुपये से ज्यादा) आर्थिक विकास में मदद करेगा। अलग-अलग देशों के अनुभव बताते हैं कि जहां बड़ी आबादी को पेंशन दी जा रही है, वहां बुजुर्गों में गरीबी दर बहुत कम है।

कहा भी गया है कि आप खाई को पार करने के लिए दो बार छलांग नहीं लगा सकते। इसलिए देश की पेंशन की खाई को पार करने के लिए एक ही लंबी नीतिगत छलांग लगाने का समय आ गया है।

पूर्व अध्यक्ष, सेबी

जीवन दर्शन

इमोशनल नंबनेस में दुःख महसूस नहीं होता, अध्यात्म से है जुड़ाव

भावनाएं हमें सजीवता का एहसास कराती हैं और अगर ये ना हों, तो हम केवल एक चलता-फिरता पुतला रह जाएंगे। लोगों से जुड़ने के लिए, खुद को अभिव्यक्त करने के लिए या फिर खुद के होने का एहसास करने के लिए हमें यह भावनाएं चाहिए लेकिन कई बार ये भावनाएं हम पर बोझ बन जाती हैं और इससे पीछा छुड़ाने के चक्कर में हम सबकुछ महसूस करना बंद करने का प्रयास करने लगते हैं। हम भावनाओं को परे धकेलने लगते हैं जिससे दुखी करने वाली भावनाओं के साथ-साथ अच्छी भावनाओं के लिए हम अपना दरवाजा बंद कर लेते हैं लेकिन यह खतरनाक तब हो जाता है जब हम एक विकट मानसिक परेशानी या कहें मानसिक बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

इमोशनल नंबनेस एक ऐसी ही अवस्था है, जिसमें आप भावनाओं को महसूस नहीं कर रहे होते हैं और उन्हें व्यक्त भी नहीं कर रहे हैं, चाहे वह दुःख ही क्यों न हो। भावनाओं के बोझ से बचने के लिए आप एक ऐसी रणनीति बना लेते हैं कि आप अधिक भावनात्मक या शारीरिक दर्द से बच सकें। यह भले ही आपको तात्कालिक राहत प्रदान कर देता है, लेकिन इस तरीके से कठिन भावनाओं का

विरोध करना आपके मानसिक स्वास्थ्य पर स्थायी प्रभाव डाल सकता है।

अध्यात्म में भी कई लोग भावनाओं अथवा ट्रामा से बचने के लिए या हील होने लिए आते हैं। उन्हें लगता है कि अध्यात्म उन्हें भावनात्मक रूप से इतना कठोर या संसार के प्रति उदासीन बना देगा कि उन्हें कभी परेशान नहीं करेगी। अध्यात्म में इसे स्पिरिचुअल बाईपास कहते हैं, जिसमें लोग आध्यात्मिक टूल का सहारा लेते हैं अपने मानसिक अथवा भावनात्मक आघात को ठीक करने का लेकिन ऐसा करने से वह इश्यू हमेशा के लिए ठीक होने के बजाय बस कुछ समय के लिए दब जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोग अपनी तकलीफ की जड़ ढूंढने के बजाय, उसका सामना करने के बजाय उससे बचना चाहते हैं। वो बस तकलीफ को अपने सीने के एक अंधेरी कोठरी में फेंककर, उसे भूल जाना चाहते हैं।

इमोशनल नंबनेस के कारण

1.चिंता- अत्यधिक तनाव, भय या चिंता के कारण लोग इमोशनल नंबनेस का अनुभव कर सकते हैं।

2.अलेक्जिथिमिया- यह वह अवस्था है जिसमें भावनाओं को नाम देने में कठिनाई होती है यानि लोग क्या महसूस कर रहे हैं, वो बता नहीं पाते।

3.डिप्रेशन- डिप्रेशन के दौरान भी लोग अपनी भावनाओं को कम महसूस कर सकते हैं।

आध्यात्मिक रूप से इमोशनल नंबनेस को दूर करने के तरीके-

ध्यान और मेडिटेशन- ध्यान और मेडिटेशन करने से आप अपने भावनाओं के प्रति न केवल सचेत होते हैं बल्कि उन्हें संतुलित और शांत भी रखते हैं।

स्वाध्याय और सत्संग- आध्यात्मिक ग्रंथों का अध्ययन करें और सत्संग में भाग लें। यह आपको आत्मा के प्रति जागरूक करेगा और इमोशनल नंबनेस को दूर करेगा।

आध्यात्मिक टूल- अध्यात्म में कई ऐसे टूल बताये गए हैं जो आपको इमोशनल नंबनेस को दूर करने में सहायता प्रदान करेंगे।

- चंदा कुमारी

गीता ज्ञान

श्लोक

किं कर्म किमकर्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः।
तत्ते कर्म प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्।।

भावार्थ

कर्म क्या है? और अकर्म क्या है? इस प्रकार इसका निर्णय करने में बुद्धिमान पुरुष भी मोहित हो जाते हैं। इसलिए वह कर्मतत्त्व मैं तुझे भली भाँति समझाकर कहूँगा, जिसे जानकर तू अशुभ से अर्थात् कर्मबन्धन से मुक्त हो जाएगा।

'जश्ने ए भारत' थीम पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

रॉयल पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

रीवा। रॉयल पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आयोजन यू.के.एस. पैलेस में किया गया, जहां जश्न-ए-भारत थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत सरस्वती पूजन के साथ की गई।वार्षिक उत्सव में स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की विविधता और संस्कृति को मंच पर जीवंत कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर मौजूद अभिभावक भावविभोर नजर आए। स्कूल की संचालक डॉ. कामायनी वर्मा ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके उत्साहवर्धन के लिए हर वर्ष वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है।

सहकार भारती के राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रमुख का मिला मार्गदर्शन

रीवा। रीवा जिले में सहकारिता के उद्देश्य एवं विकास कार्य हेतु सहकार भारती के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की बैठक रविवार को संपन्न हुई, जिसमें राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रमुख कुलदीप पाण्डेय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि शुक्ला, विभाग प्रमुख संजय पाण्डेय, जिला महिला प्रमुख नीतू पाठक, अशोक तिवारी, रमेश तिवारी, वैभव केशरवानी सहित समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हिंदू सम्मेलनः जगह-जगह आयोजित हो रही बैठक, रैली निकाली

जलसा मैरिज गार्डन में हुआ हिंदू सम्मेलन

रीवा। आजाद नगर बस्ती स्थित जलसा मैरिज गार्डन में विराट हिंदू सम्मेलन कलश यात्रा के साथ संपन्न हुआ। जिसमें समाज के प्रबुद्ध जन के साथ मुख्य रूप से राष्ट्र सेविका समिति की विभाग संपर्क प्रमुख कंचन अवधिया, विभाग गौसेवा प्रमुख बृजेंद्र बहादुर सिंह, संस्कृत भारती क्षेत्र पत्राचार प्रमुख कीर्ति कुमार मिश्रा, जवाहरलाल नेहरू टेक्निकल कॉलेज के संचालक डॉक्टर सीता शरण तिवारी एवं एवं विभाग प्रचार प्रमुख श्री विवेक की उपस्थिति में बस्ती से आए हुए नागरिकों को प्राप्त हुआ। हिंदू सम्मेलन की जागरुकता के लिए बस्ती में विशाल वाहन रैली का आयोजन पूर्व संध्या में फूलमती माता मंदिर से जलसा मैरिज गार्डन तक किया गया जिसमें हिंदू सम्मेलन रथ सहित 50 वाहनों के साथ समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई। तदुपरांत बस्ती के मात्र शक्तियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई साधना सिंह एवं प्रभा त्रिपाठी द्वारा की गयी। हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कंचन अवधिया द्वारा संघ के पांच परिवर्तन विषय पर विशेष कर महिलाओं की सहभागिता विस्तार से बताया गया जिसमें पांच परिवर्तन विषय जिसमें पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, सामाजिक समरसता, एवं नागरिक कर्तव्य बोध के लिए मातृ शक्तियों की सहभागिता को बताया गया। विभाग गौसेवा प्रमुख बृजेंद्र बहादुर सिंह ने हिंदू सम्मेलन की आवश्यकता को बताया। आपकी संघ आयु 68 वर्ष की है , अपने पुराने अनुभव को बताया। कार्यक्रम में डॉ सीता शरण तिवारी ने हिंदू एकता एवं राष्ट्रीयता की बात रखी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमान संजय त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिवम द्विवेदी, कैप्टन सालिक राम उपस्थित रहें। कार्यक्रम में सावी मदर्स विद्यालय एवं ज्योति स्कूल रीवा के छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए अंत में भारत माता की आरती उपरांत भोजन ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

कर्तव्यबोध और राष्ट्रप्रेम को जीवन का आधार बताया, लिटिल बैम्बिनोज में हुआ हिन्दू सम्मेलन

रीवा। हिन्दू समाज में जागरण, चेतना एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्व हिन्दू सनातन संस्कृति एवं सनातन धर्म के मूल्यों को केंद्र में रखते हुए विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन पुष्पराज नगर बस्ती के तत्वावधान में रविवार को लिटिल बैम्बिनोज स्कूल, विन्ध्य विहार कॉलोनी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न हुआ। सम्मेलन में सैकड़ों हिन्दू परिवारों की गरिमामयी सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर जे पी दीक्षित उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता रामबिहारी पाठक रहे, जो वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण प्रांत सह-प्रलेखन प्रमुख हैं। मुख्य संत वक्ता के रूप में योगगुरु पं. रामाधार विश्वकर्मा ने मार्गदर्शक उद्बोधन दिया। सम्मेलन के संयोजक एवं वक्ता प्रो. अखिलेश शुक्ल, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रहे। मातृशक्ति वक्ता के रूप में डॉ. अर्चना गुप्ता, विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात भारत माता की आरती, अतिथि परिचय एवं स्वागत संपन्न हुआ। गायत्री मंत्र और मंत्रः कृष्णाय वासुदेवाय के सामूहिक उच्चारण से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, आरती, हिन्दू शीर्षक कविता, एकल एवं समूह गीतों ने पूरे पांडाल को भक्तिरस से भर दिया। प्रस्तुतियों ने सनातन संस्कार, राष्ट्रभाव और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया। योग गुरु पं. रामाधार विश्वकर्मा के संत आशीर्वचनों ने उपस्थित जनसमूह को सनातन दर्शन, योग, प्रकृति और आत्मबोध से जोड़ते हुए जीवन में संतुलन, संयम और साधना का संदेश दिया। इसके पश्चात मातृशक्तियों द्वारा सुंदरकाण्ड का सस्वर पाठ किया गया, जिसने श्रद्धा और भक्ति की अनुभूति को और गहन कर दिया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर जे पी दीक्षित ने अपने उद्बोधन में सनातन संस्कृति की सार्वकालिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, कर्तव्यबोध और राष्ट्रप्रेम को जीवन का आधार बताया। मुख्य वक्ता रामबिहारी जी पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन संस्कृति केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शाश्वत चेतना है। उन्होंने समाज से संगठित होकर सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मातृशक्ति वक्ता डॉ. अर्चना गुप्ता ने कुटुंब प्रबोधन, वर्तमान सामाजिक चुनौतियों और परिवार की भूमिका पर प्रभावशाली विचार रखे। संयोजक वक्ता प्रो. अखिलेश शुक्ल ने अपने भावपूर्ण उद्बोधन में सभी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट रहने, सनातन मूल्यों के संरक्षण और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक नामदेव द्वारा किया गया। मातृशक्ति संयोजन में माया सोनी, सहसंयोजक श्वेता ताम्रकार एवं वंदना गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आभार ज्ञापन अजय द्विवेदी द्वारा किया गया।

इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में बस्ती प्रमुख विवेक नामदेव, ज्ञानेन्द्र सिंह, विभाग गौ-सेवा प्रमुख लखन पांडव, संतोष वर्मा, त्रिवेणी जायसवाल, निर्भयनाथ चौरसिया, कमल नारायण सिंह, विद्यालय की निर्देशक डॉ. गायत्री शुक्ला, लखन यादव, पुष्पा सोनी, अंजू सोलंकी, विजय सोनी, प्रोफेसर अभिषेक पाण्डेय, अजय द्विवेदी, मुल्कराज ढीगरा, हरीश ढीगरा, शिवांशु शुक्ला, विवेक चतुर्वेदी सहित अनेक कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। आयोजकों ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलश पूजन के साथ निकाली बाइक रैली

रीवा। ग्राम लौआ लक्ष्मणपुर में 25 जनवरी को चिन्मय आश्रम के सामने आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन के पूर्व कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को कलश पूजन एवं शोभा यात्रा (बाइक रैली) का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन एवं ध्वजारोहण किया गया। जिसके पश्चात भगवा ध्वजों से सजी भव्य बाइक रैली देशभक्ति और सनातनी गीत के साथ ग्राम के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। 25 जनवरी को आयोजित हिंदू सम्मेलन में सामूहिक हनुमान चालीसा, भारत माता की आरती एवं समरसता भोज भण्डारे का आयोजन होगा जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रघुराज किशोर तिवारी एवं चिन्मय आश्रम लक्ष्मणपुर के प्रमुख ब्रह्मचारी वल्लभ चैतन्य का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कलश पूजन का आयोजन हिंदू सम्मेलन के संयोजक अजय तिवारी एवं सह-संयोजक संदीप पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में धर्म, संस्कृति एवं एकता का संदेश गूंजता रहा। कार्यक्रम में खंड सहकार्यवाह डॉ. जय अनुरागी, जिला बौद्धिक प्रमुख रजनीश पाण्डेय, डॉ. व्योमकेश शुक्ल, अजय पाण्डेय, संदीप मिश्रा, हरिनाम जायसवाल, डॉ. बृजेंद्र सिंह परिहार, मुन्नू जायसवाल, नर्मदा सिंह, शनि पाण्डेय (गोलू), सुखेन्द्र द्विवेदी, पवन द्विवेदी, कमल द्विवेदी, रामजी गुप्ता, प्रिंस मिश्रा, अभिषेक गुप्ता, रंगलाल बंसल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। बाइक रैली के माध्यम से ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों में 25 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रभाव को सशक्त करना है। सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन एवं विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

न्यूज कार्नर

मिनर्वा हॉस्पिटल और कैलाशपुरी की टीम रही विजेता

रीवा। सरदार पटेल क्रिकेट स्टेडियम देवास में सरदार पटेल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खेला गया। जिसके मुख्य अतिथि अमरनाथ पटेल उर्फ डब्लू भैया पूर्व प्रत्याशी बीएसपी देवतालाब रहे। अध्यक्षता डॉ, /सुखलाल पटेल बेलवा कुर्मियान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भोला प्रसाद पटेल पूर्व सरपंच देवास, राम सुशील पटेल पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं सरपंच देवास हीरालाल पटेल पूर्व शिक्षक एवं उपाध्यक्ष सरदार पटेल संस्थान निराला नगर धर्मराज पटेल रिटायर आर्मी कैप्टन दंगा दिनेश कुमार पटेल प्रिंसिपल देवतालाब अमृतलाल पटेल अध्यक्ष सरदार पटेल संस्थान मऊगंज अनिल पटेल सचिव पटेल संस्थान मऊगंज अजय बिहारी पटेल सरस्वती पटेल बृजलोचन पटेल पूर्व जनपद सदस्य संसारपुर वसुधा प्रसाद पटेल रहे। उद्घाटन मैच मिनर्वा हॉस्पिटल व व्हाइट टाइगर रीवा के बीच खेला गया जिसमें व्हाइट टाइगर टीम विजेता रही। दूसरा मैच जेम्स इलेवन और कैलाशपुरी के बीच खेला गया जिसमें कैलाशपुरी की टीम विजयी हुई।

चित्रांश परिवार की आम सभा हुई वार्षिक कैलेंडर को मिली स्वीकृति

रीवा। चित्रांश परिवार (कायस्थ समाज) की आम सभा का आयोजन आज स्थानीय शिप्स कॉलेज परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त जी के पूजन एवं आरती के साथ हुई। आम सभा में संगठन से जुड़े कुछ आवश्यक संशोधनों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी का गठन एवं वार्षिक कैलेंडर को भी आम सभा द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। पूर्व में नियुक्त विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों एवं सह-अध्यक्षों के नामों पर भी आम सभा की मुहर लगी। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में सतीश निगम, अजय सक्सेना, विवेक वर्मा, संजय खरे एवं पूजा श्रीवास्तव को चयनित किया गया।इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी मनोनयन एडवोकेट शैलेंद्र निगम,संतोष श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव,डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव एवं डॉ. विजय श्रीवास्तव को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुशील खरे ने बताया कि कार्यकारिणी के पूर्ण गठन के पश्चात संगठन का पहला कार्यक्रम 1 फरवरी को महिला प्रकोष्ठ के साथ बैठक के रूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश श्रीवास्तव ,अरुण कुमार श्रीवास्तव ,डॉ विनोद श्रीवास्तव, डॉक्टर सुधीर श्रीवास्तव, सतीश चंद्र निगम ,कल्पना श्रीवास्तव ,इंजीनियर विजय श्रीवास्तव पी डी श्रीवास्तव ,डॉक्टर आरपी श्रीवास्तव ,राकेश कुमार निगम, डॉ राम प्रकाश श्रीवास्तव, (मीडिया प्रभारी)संतोष श्रीवास्तव ,दीपक खरे ,संजीव श्रीवास्तव ,आशीष श्रीवास्तव, अमित खरे ,अनुपम श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव ,डॉ विकास श्रीवास्तव ,राजेश कुमार श्रीवास्तव ,विवेक कुमार वर्मा, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव ,डॉक्टर दीपक कुलश्रेष्ठ, कुमुद श्रीवास्तव, अंबर निगम पंकज श्रीवास्तव संतोष कुमार श्रीवास्तव खबर अनिल श्रीवास्तव अमित दास संजय कुमार श्रीवास्तव डीपी श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव (जेपी) अन्य जीवन सदस्य भी उपस्थित रहे।

5 केन्द्रों में हुई सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा, 2331 छात्रों ने दी परीक्षा

157 छात्र रहे अनुपस्थित, 2488 छात्रों को होना है शामिल

जागरण,रीवा

सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया, इसके लिए रीवा में पांच परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें 2331 छात्रों ने परीक्षा दी है। बताया गया कि परीक्षा में 2488 छात्रों को शामिल होना था लेकिन 157 छात्र परीक्षा में नहीं पहुंचे। इस संबंध में सिटी क्वॉर्डिनेटर डॉ.डीके पाठक ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन विशेष परीक्षाओं के आयोजन के लिए गठित इकाई राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी के आदेश पर रविवार को को देश के विभिन्न प्रांतों में स्थित 33 सैनिक स्कूल व 69 नये सैनिक स्कूलों में कक्षा 6वीं व 9वीं में प्रवेश हेतु देश के 450 विभिन्न केन्द्रों में पेन व पेपर मोड से प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा हेतु प्रदेश के अन्य शहरों के साथ रीवा में भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। कुल 2488 परीक्षार्थियों को शामिल होना था लेकिन 157 छात्र अनुपस्थित रहे। निर्धारित समय दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक (कक्षा छठवीं) व दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक (कक्षा नवमीं) की परीक्षा का आयोजन किया गया।

कहां कितने छात्रों ने दी परीक्षा

स्कूल	कुल छात्र	शामिल छात्र
ज्योति सीनियर सेकेंडरी	576	550
सेकेड हार्ट स्कूल	480	464
बाल भारती स्कूल	480	446
डी पॉल स्कूल	257	236
सेंट्रल एकेडमी स्कूल	472	431

यह सामान रहा प्रतिबंधित

परीक्षा में किसी भी प्रकार की घड़ी, मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, स्टेशनरी मटेरियल-किताब, पेपर, लॉगटेबिल, व्हाइटनर आदि, व्यक्तिगत आयटम-पर्स, टोपी, चश्मा जैकिट, खाने-पीने की सामग्री, नुकीले औजार इत्यादि पूरी तरह से प्रतिबंधित रहा। यह स्पष्ट किया गया है कि इस परीक्षा में कोई ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

1.30 बजे तक ही दिया गया प्रवेश

परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा केन्द्रों में दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ कर दिया गया। प्रत्येक परीक्षार्थी को काला या नीला वॉल प्वाइन्ट पेन, पारदर्शी बॉटल में पानी व फोटोग्राफ युक्त प्रवेश-पत्र जिसमें निर्धारित स्थान पर बाये हाथ के अंगूठे का निशान व पालक का हस्ताक्षर, छात्र के हस्ताक्षर प्रवेश-पत्र, वैध मूल आईडी प्रूफ (जैसे-फोटोयुक्त आधारकार्ड, छात्र आईडी कार्ड, तथा पैन कार्ड आदि)के साथ प्रवेश दिया गया। दोपहर 1.30 बजे तक छात्रों को प्रवेश दिया गया, इसके बाद प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

> जिले के पांच केन्द्रों में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। 2488 छात्रों में से 2331 छात्रों ने परीक्षा दी है। 157 छात्र अनुपस्थित रहे। नियमानुसार परीक्षा आयोजित की गई।
>
> **डॉ.दिनेश कुमार पाठक**
> **सिटी क्वार्डिनेटर रीवा।**

पीएम श्री कॉलेज छात्राओं को नहीं मिल रहा एनसीसी का लाभ

कॉलेज प्रबंधन लगातार कर रहा मांग, जल्द स्वीकृति मिलने की संभावना

जागरण,रीवा। पीएम एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में छात्रों का लगातार विरोध एनसीसी को लेकर जारी है। पिछले कई वर्ष से महाविद्यालय में छात्राओं के लिए एनसीसी शुरु करने की मांग उठाई जा रही है लेकिन महाविद्यालय प्रबंधन छात्राओं की इस मांग को खारिज करता आ रहा है। अभी तक महाविद्यालय प्रबंधन ने इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की। बीच में प्रस्ताव भेजने की बात बताई गई थी लेकिन अभी तक इसको लेकर स्वीकृति नहीं मिली। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा कहा जाता है कि जल्दी एनसीसी शुरु हो जायेगी लेकिन शुरु नहीं हो पा रही है। यदि एनसीसी का हिस्सा छात्राएं बनेंगी तो उन्हें आगे रोजगार पाने में आसानी होगी। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज होने के बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा। महाविद्यालय में कुछ छात्राओं को को ही एनसीसी का लाभ मिलता है।

रक्षा मंत्रालय से नहीं मिल रही अनुमतिः प्राचार्य

मामले में प्राचार्य डॉ.रवीन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं के लिए एनसीसी विंग नहीं है। महाविद्यालय की सिर्फ 2 छात्राओं को टीआरएस कॉलेज की एनसीसी में शामिल किया जाता है। मॉडल साइंस में छात्राओं के लिए एनसीसी खुलवाने कई बार सिविल लाइन स्थित एनसीसी कार्यालय में आवेदन दिया, उन्होंने वह आवेदन रक्षा मंत्रालय भेज दिया लेकिन वहां से कोई अनुमति नहीं मिल रही, जिसके चलते मामला रुका हुआ है। जल्द ही स्वीकृति मिलेगी ऐसा कहा जा रहा है।

10 खेलों में 550 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

जागरण,रीवा। खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वाधान में जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 17 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य किया जाना है। रविवार को जिला स्तरीय यूथ गेम्स के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद जनार्दन मिश्र एवं पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी मैदान में पहुंच कर युवा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और विजेता होने का आशीर्वाद दिया। जिसमें रीवा, रायपुर कर्चुलियान, सिरमौर, जवा, गंगेव एवं त्योंथर विकासखण्डों व जिला मऊगंज, हनुमना, नईगढ़ी के लगभग 550 बालक/बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें पिट्ठू, टेबल-टेनिस, लॉनटेनिस, तैराकी, रस्साकसी, फुटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, कुश्ती, ऑर्चरी एवं जूडो खेल के आयोजन प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन हेतु किया गया। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि सोमवार को प्रातः 8 बजे टार्च रैली स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से रवाना होकर चुंगी नाका से, सिरमौर चौराहा से समान न्यू बसस्टैण्ड रतहरा रोड होते हुये मऊगंज के लिए रवाना होगी जिसमें सामान्य प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि और सैकड़ों खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी खेल क्लब और खेल संघों के पदाधिकारियों से से खेलो एमपी यूथ गेम्स, टार्च रैली में शामिल होने का अनुरोध किया है। सोमवार को स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में तीसरे चरण में वेटलिफ्टिंग, बैडमिन्टन, योगासन खेल का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। रविवार को निर्णायक के रूप में फुटबॉल में प्रशांत सिंह, प्रवीण मिश्रा, पिट्ठू में शिवम शुक्ला, दिलीप सिंह, राखी सिंह, नीरज द्विवेदी, रस्साकसी में वंदना सिंह, रीतिका शर्मा, ज्योति सिंह, बॉक्सिंग में विपिन सेन, कृष्णा सोनी, अर्जुन सिंह यादव, कुशल थापा, जूडो में तोषराम कनौजे, मनीष सेन, कुश्ती में प्रदीप सिंह, तोषराम कनौजे, प्रतिभा खरे, शतरंज में अनूप पाण्डेय, राजू वर्मा, प्रवीण सिंह, निधि तिवारी, टेबल-टेनिस में सुल्तान जहांकाजी, लॉन टेनिस में अंश द्विवेदी, तैराकी में विकास कुमार सोनी, लवकुश सोनी, लवकुश मिश्रा, पप्पू प्रसाद यादव, जावेद अली, करना साकेत, विनय भारती, ममता साकेत, राकेश, संदीप उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का द्वितीय चरण

ब्रह्मा बाबा के दिखाए मार्ग पर चलकर विश्व शांति का संकल्प

ब्रह्मा कुमारीज के संस्थापक का अव्यक्त आरोहण दिवस मनाया

रीवा। पिताप्रजापिता ब्रह्मा के 57वें अव्यक्त आरोहण दिवस के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ रीवा द्वारा विश्व शांति दिवस का भावपूर्ण, गरिमामय एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व में बढ़ती अशांति के बीच आत्मिक शांति, प्रेम और सद्भाव की अनुभूति कराना रहा। कार्यक्रम में प्रभारी संचालिका बीके लता दीदी ने पिताप्रजापिता ब्रह्मा की जीवनी, उनके त्याग, बलिदान, तपस्या और ईश्वरीय सेवा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने अपने संपूर्ण जीवन को परमात्मा के कार्य में अर्पित कर मानवता को शांति, पवित्रता और प्रेम का मार्ग दिखाया। कठिन परिस्थितियों, सामाजिक विरोध और व्यक्तिगत कष्टों के बावजूद उन्होंने अडिग रहकर ईश्वरीय मर्यादाओं का पालन किया, जो आज भी मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। बीके लता दीदी ने बताया कि ब्रह्मा बाबा का जीवन यह स्पष्ट संदेश देता है कि विश्व परिवर्तन का आधार आत्म-परिवर्तन है। जब आत्मा शांत, पवित्र और शक्तिशाली बनती है, तभी समाज और विश्व में स्थायी शांति संभव होती है। अव्यक्त दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी बीके भाई-बहनों ने बाबा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। यह श्रद्धांजलि मात्र शब्दों या पुष्पों तक सीमित नहीं रही, बल्कि सभी ने लगातार 6 घंटे राजयोग ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया। इस दौरान सभी ने पूर्ण मौन में रहकर आत्मिक एकाग्रता के साथ शांति, सुख और प्रेम के दिव्य वाइब्रेशन पूरे विश्व को समर्पित किए। अपने उद्बोधन में बीके लता दीदी ने ब्रह्मा बाबा के चार धाम के आध्यात्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में राजयोग ध्यान के माध्यम से सभी ने आंतरिक शांति का गहन अनुभव किया और संकल्प लिया कि वे ब्रह्मा बाबा के दिखाए मार्ग पर चलकर अपने विचारों, शब्दों और कर्मों से विश्व शांति के कार्य में निरंतर योगदान देते रहेंगे।

सांस्कृतिक रंगों में सजा मधुज्ञान निकेतन का वार्षिक समारोह

रंगारंग प्रस्तुतियों और बच्चों के उत्साह ने मोहा मन

जागरण, रीवा। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरगड़ी स्थित अशासकीय मधुज्ञान निकेतन विद्यालय का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 18 जनवरी को हर्षोल्लास, उत्साह एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां रंग-बिरंगी सजावट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और बच्चों के उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, ग्रामीणजन एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कवि रामलखन सिंह महगना रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में कवि राजकुमार शर्मा 'राज', कवि बृजेश सिंह 'सरल', उमेश मिश्रा 'बिहान' तथा विद्यालय संरक्षक गिरधारी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हुई, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लगभग चार से पांच घंटे तक चले इस वार्षिक उत्सव में बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्ण जन्म पर आधारित नाटिका, ऑपरेशन सिंदूर जैसे देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम एवं वृद्धाश्रम विषय पर प्रस्तुत नाटक ने सामाजिक संवेदनाओं को गहराई से उजागर किया। इन प्रस्तुतियों ने जहां दर्शकों को भावुक किया, वहीं समाज को सोचने और आत्ममंथन के लिए प्रेरित भी किया। शिव तांडव नृत्य की सशक्त प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से मंच गूंज उठा। कार्यक्रम में उपस्थित कविगणों — रामलखन सिंह महगना, राजकुमार शर्मा 'राज', बृजेश सिंह 'सरल' एवं उमेश मिश्रा 'बिहान' — ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनकी कविताओं में सामाजिक सरोकार, संस्कृति, देशप्रेम और जीवन के यथार्थ को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने खूब सराहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख राम सिंह द्वारा विद्यालय का प्रगति पत्रक वाचन किया गया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन, बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच पर आमंत्रित कर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के करकमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। कार्यक्रम का सफल एवं सधे हुए शब्दों में संचालन बिहान म्यूजिकल ग्रुप के प्रमुख उमेश मिश्रा 'बिहान' द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ शिक्षक रामानंद पटेल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, ग्रामीणजनों एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चक्रधर सिंह, शीलू सिंह रामनई, प्रभाकर सिंह, नेहा हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक दूबी, आर.के. शर्मा (अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन) सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की शिक्षिकाएं सुनीता पटेल, ज्योति पटेल, मंजू सिंह, अंजना सिंह, कंचन त्रिपाठी, मीनात्रिपाठी सहित समस्त स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

गुढ़ कालेज में हुआ सेवा सप्ताह का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत हुआ कार्यक्रम

जागरण,रीवा। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में सेवा सप्ताह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ.अभिमन्यु सिंह की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरके तिवारी द्वारा की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ.रेखा मिश्रा की विशिष्ट उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ वीणा वादिनी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय की छात्रा आशा शुक्ला द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। मुख्य वक्ता डॉ.अभिमन्यु सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, महत्व एवं सामाजिक जीवन में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न रोचक प्रसंगों, अनुभवों एवं प्रेरणादायी कथाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज सेवाए राष्ट्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के लिए एनएसएस से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ.आरके तिवारी ने अपने जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना से प्राप्त प्रेरणाओं को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में अनुशासन, सेवा-भाव एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.संदीप कपूर द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन पूनम पटेल (राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी) द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मुख्य अभियंता शैलेंद्र शुक्ला द्वारा नगर परिषद बम्हनी एवं नैनपुर में पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण

मंडला। जिला मंडला अंतर्गत नगर परिषद बम्हनी नगर परिषद नैनपुर व बिछिया में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के मुख्य अभियंता शैलेंद्र शुक्ला द्वारा पेयजल योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया गया। नगर परिषद बम्हनी में एमयूडीसी द्वारा निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, स्टेशन रोड स्थित पेयजल पाइपलाइन, वर्तमान में संचालित पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही पानी की टंकी पर जल की गुणवत्ता की जांच भी की गई। इसी क्रम में नगर परिषद नैनपुर में संचालित पेयजल योजना अंतर्गत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल पाइपलाइन एवं जल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संसाधनों एवं मशीनरी के समुचित रिपेयर एवं मेंटेनेंस के निर्देश दिए गए। साथ ही प्लांट के संचालन हेतु केमिस्ट की नियुक्ति एवं कुशल संचालक की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक गोपाल गुप्ता,नगर परिषदों के सीएमओ, उपयंत्री सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री ने भैरवनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

जागरण, रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द शुक्ल तथा विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने नवनिर्मित भैरवनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री ने गजमाला अर्पित करके भगवान भैरवनाथ की पूजा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भैरवनाथ अत्यंत प्राचीन धार्मिक स्थल है। इसका धार्मिक के साथ-साथ पर्यटन के रूप में विकास किया जा रहा है। यहाँ दिनोंदिन बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या से मंदिर का महत्व अपने आप स्पष्ट हो जाता है। वर्षों से भैरवनाथ की खुले में रखी प्रतिमा पर अब भव्य मंदिर तैयार हो गया है। इसका इसी महीने मुख्यमंत्री जी लोकार्पण करेंगे। भैरवनाथ मंदिर रीवा के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

रेलवे ट्रैक में मिला अज्ञात शव

जागरण, सतना। रविवार को रेलवे कर्मचारी द्वारा सूचना दी गई कि ट्रेन से एक व्यक्ति रन ओवर हुआ है जिसकी मृत्यु हो गई है जिसका शव रेलवे ट्रैक ग्राम पौड़ी मैहर है जिसकी उम्र 30 वर्ष लगभग हाथ में धनू लिखा है लंबाई 5 फीट 7 बदन इकहरा शरीर रंग शामला कपड़े परपल शर्ट ग्रे काला लोवर पहने है कोतवाली मैंहर में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा उपरांत पहचान हेतु सिविल अस्पताल मैंहर के मर्चुरी में रखा गया है उक्त अज्ञात पुरुष के शव के बारे में अगर कोई भी जानकारी है या होती है तो कोतवाली मैंहर के एचसी अरविंद सेन के मोबाइल नम्बर 7000263651 , 9479997882 पर सूचित करें।

शहर में दूषित जल को लेकर कोई सर्वे अभियान नहीं: खरे

रीवा। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि दूषित जल की समस्या को लेकर शासन प्रशासन का व्यापक नजरिया होना चाहिए। प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में इस तरह की दुखदाई वारदात नहीं होने पाए इसके लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। श्री खरे ने कहा कि प्रदेश के नगरीय विकास आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तो सवाल पूछने वाले एक पत्रकार से अनर्गल बातें करके विवाद का विषय बन गए थे। दूषित जल आपूर्ति से कम से कम दो दर्जन अकाल मौतों के लिए कौन ज़िम्मेदार यह बताने में कैलाश विजयवर्गीय असमर्थ रहे हैं। अजय खरे ने कहा कि रीवा में लंबे समय से मीठा जल देने की बात होती है। लेकिन नल पाइप लाइन के जरिए होने वाली जल आपूर्ति की शुरुआत में कुछ मिनट तक गंदा पानी आने की शिकायतें हैं जिसे लंबे समय से नजर अंदाज किया जा रहा है। गंदे नाले और नालियों की जगह से शहर की तमाम जल पाइप लाइनों को निकाला गया है। ऐसी स्थिति में जब कभी पाइपलाइन टूटती है तो नालों और नालियों का गंदा पानी नल से आने लगता है। श्री खरे ने कहा कि रीवा शहर में दूषित जल को लेकर शासन प्रशासन के द्वारा कोई सर्वे अभियान नहीं चलाया जाता है। बड़े लोगों के घरों में आरो इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन आम आदमी जो पानी पी रहा है क्या उसके बारे में प्रशासन ने कभी जानने की कोशिश की है कि वहां कितनी गंदगी जा रही है। प्रदूषित जल के कारण कितने लोग बीमार पड़ते हैं इस बारे में कोई जांच पड़ताल नहीं है। स्वास्थ्य विभाग इस बारे में कोई आंकड़े नहीं देता है।

दावा-आपत्तियों का सत्यापन कर पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में शामिल करें : कमिश्नर

गरीबों के हक के अनाज का समय पर उचित मूल्य दुकान पहुंचाकर वितरण कराएं : कमिश्नर

जागरण, रीवा। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने गूगल मीट के माध्यम से संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि एसआईआर के दौरान व्यक्तियों के दावा-आपत्तियों का सत्यापन कर पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में शामिल करें। अमान्य की स्थिति में सत्यापन के दौरान सभी आवयश्क दस्तावेजों की जांच करें। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। बीएलओ एवं बीएलए संयुक्त रूप से सत्यापन करें। बैठक के दौरान संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के क्लस्टर निर्धारित कर नोडल अधिकारी को नियुक्त किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी नोडल अधिकारियों को सभी योजनाओं की जानकारी दें ताकि आमजनों को शिविर के दौरान योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। क्लस्टरवार शिविरों का आयोजन करें।

धान उपार्जन का लिया जायजा

रीवा कमिश्नर ने धान उपार्जन, खाद उपलब्धता एवं खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी किसानों को उपार्जन की राशि का भुगतान निर्धारित समय में किया जाए। कलेक्टर मऊगंज और सीधी उपार्जित धान के परिवहन और भंडारण पर विशेष ध्यान दें। सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें कि जिलों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्धता बनी रहे ताकि किसानों को खाद समय पर उपलब्ध हो सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि सभी पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न समय पर पहुंचे एवं उसका वितरण हितग्राहियों को समय सीमा में शत प्रतिशत किया जाए।

कलेक्टर कान्फ्रेंस के संबंध में सभी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि हेल्थ सेक्टर में संभाग की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इसके संबंध में उन्होंने निर्देश दिए की स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। संबंधित विभाग ब्लाक स्तर पर मैदानी अमले को सक्रिय करें। साथ ही समय-समय पर उनके कार्यों की समीक्षा भी करें। कलेक्टर हर महीने बैठक करके हेल्थ सूचकांकों के सुधार के प्रयास करें मैदानी हमले को सक्रिय करने पर ही जिलों और संभाग की रैंकिंग में सुधार होगा।

कमिश्नर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी प्रकरणों की सुनवाई करके नामांतरण, बटवारा तथा सीमांकन के प्रकरण समय सीमा में निराकृत करें। इनमें सभी जिलों में सुधार की आवश्यकता है। फार्म रजिस्ट्री के संबंध में भी तत्परता से कार्रवाई करें। इसमें किसान की सभी जमीनों का विवरण दर्ज कराएं। सभी जिला शिक्षा अधिकारी अंकुर अभियान की समीक्षा करके स्कूलों का लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत निरीक्षण कराकर प्रतिवेदन दर्ज कराएं। कमिश्नर ने अधिकारियों को धरती आबा योजना, जनमन योजना, स्वच्छ भारत मिशन अभियान, हवा की गुणवत्ता में सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा वन अधिकार पट्टा से लाभान्वित हितग्राहियों को सभी पात्र योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। गूगल मीट में ऑनलाइन माध्यम से कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए।

भूसा वाले कमरे में छिपा रखा था 40 लाख का गांजा

सतना। भूसा वाले कमरे में छिपाकर रखे गये चालीस लाख रूपये कीमत के गांजा को उचेहरा टीआई सतीश मिश्रा ने जप्तकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर बडी कार्यवाही को अंजाम दिया है। इस कार्यवाही के बाद अवैध कारोबारियों के बीच हडकम्प मचा है। उचेहरा टीआई द्वारा की गई यह कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान आपरेशन प्रहार के तहत डीआईजी हेमन्त चौहान और सतना एसपी हंसराज सिंह के निर्देश , एएसपी प्रेमलाल कुर्वे और शिवेश सिंह एवं एसडीओपी रघुकेसरी के मार्गदर्शन में उचेहरा टीआई सतीश मिश्रा द्वारा की गई है। बताया जाता है कि पुलिस को 17 जनवरी को सूचना मिली थी कि सखौहा खुर्द सन्यासिहा टोला परसमनिया चौकी उचेहरा में रमाधार चौधरी के घर में गांज की बडी खेप रखी हुई है। सूचना मिलते ही उचेहरा टीआई सतीश मिश्रा ने सखौहा खुर्द निवासी रामाधार चौधरी के घर के चारो तरफ घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर दी। तलाशी लेने पर पुलिस को 15 बोरियों में भरा 4 क्विं. गांजा भूसावाले घर में छिपाया मिला है। आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी रामाधार चौधरी पिता बाबूलाल चौधी उम्र 50 साल निवासी सखौहा खुर्द को गिरफ्तार किया है।

सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

आवश्यकता है

अहमदाबाद स्थित एक प्रतिष्ठित एथिकल फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के पद हेतु रिक्तियां हैं। कार्य क्षेत्र (हेडक्वार्टर) : रीवा, सिंगरौली, कटनी, शहडोल एवं मध्यप्रदेश के अन्य सभी प्रमुख शहर। योग्यता: स्नातक अभ्यर्थी को प्राथमिकता। 1-2 वर्ष का कार्य अनुभव वांछनीय। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा (CV) निम्न संपर्क नंबर पर भेजें।
ईमेल:journalist.mr.kuldeep@gmail.com
संपर्क नंबर :- 9753340522
RN-83302 (19/01)

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड शहडोल, पाण्डवनगर शहडोल (म.प्र.)

Web site: www.mpphe.gov.in Email:-eephedshd@mp.nic.in
Phone No. 07652-240307 Fax No. 07652-240307

पत्र क्रमांक 92/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2025-26 शहडोल, दिनांक 12.01.2026

-: निविदा प्रकाशन सूचना :-

शहडोल जिले के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यों की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से मईपजम http://mptenders.gov.in निविदा प्रारूप एपेन्डिक्स 2.1 पर आमंत्रित की जाती है। जिसमें ऑन लाईन निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि 27.01.2026 सायं 5.30 बजे तक नियत है निविदा प्रपत्र दिनांक 29.01.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे खोले जावेंगे। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

निविदा क्र.	ऑन लाईन निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा आमंत्रण संख्या
37	469020	Construction of WTP and Intake well work	377.18	377180.00	15000.00	09 माह	प्रथम
39	469020	Construction of OHT and Pipe line work	56.52	56520.00	12500.00	09 माह	प्रथम

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
शहडोल (म.प्र.)

G-24515/25

कार्यालय कलेक्टर जिला रीवा एवं पदेन अपरसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र 103/भू-अर्जन/2025 रीवा दिनांक 07/01/2026

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर ओर पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची खाने के (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11 की उपधारा 2 द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। साथ ही अधिनियम की धारा 11 (4) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अनुसूची

भूमि का विवरण			लगभग	धारा (1)12 की धारा द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	ग्राम	क्षेत्रफल	प्राधिकृत अधिकारी	
1	2	3	4	5	6
रीवा	रायपुर कर्चुलियान	मनिकवार	2.222 हे.	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग क्र.1 जिला रीवा (म.प्र.)	रघुराजगढ़ से करियाझार सड़क निर्माण कार्य हेतु

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) रीवा के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(प्रतिभा पाल)
कलेक्टर
जिला रीवा एवं पदेन अपर सचिव
राजस्व विभाग

G-24570/25

कार्यालय-सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा-(म.प्र.)

(जयन्ती कुंज, वनविश्राम गृह के पास झिरिया रीवा फैक्स 406177, फोन नं. 256493)
Email.-(ccfre.rwa@mp.gov)

क्रमांक/सा.वा./स्टोर//130 रीवा,दिनांक 15.01.2026

शासकीय वाहनों के निर्वतन की सूचना सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा के अंतर्गत अनुपयोगी घोषित निम्न शासकीय वाहनों की ''जहा है, जैसा है'' की स्थिति में निविदा के माध्यम से निर्वतन किया जाना है।

क्र.	वाहन क्रमांक	वाहन का प्रकार	वाहन का इंजि.नं.	चेचिस नं.	निर्माण वर्ष	वाहन जहां खड़ा है
1	M.P-02-4403	मिनी ट्रक	497D21-AQQ702183	38604AQQ800937	1999	आदर्श रोपणी कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त जयंती कुंज झिरिया रीवा मध्यप्रदेश
2	M.P-02-7827	महेन्द्रा ट्रैक्टर	HP-10'X6'X2'	SFIR/28/98	1998	
3	एम.पी.02-6352	मोटर साईकिल (राजदूत)	9709-M8904103	1544698	1997	कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त जयंती कुंज झिरिया रीवा मध्यप्रदेश
4	एम.पी.02-6351	मोटर साईकिल (राजदूत)	9709-M8904103	1544698	1997	
5	एम.पी.02-6426	मोटर साईकिल (सुजकी)	9709-M8904103	9709-F 89041	1997	
6	एम.पी.02-6417	मोटर साईकिल (सुजकी)	F909-M936671	9709-F 890416	1997	

अनुपयोगी शासकीय वाहनों का निर्वतन हेतु दिनांक 23/1126 को समय सुबह 11 बजे से 2:00pm तक कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा में निविदा आमंत्रित है। प्राप्त निविदा दिनांक 23/01/26 को ही अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाकारो के समक्ष कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा में खोली जावेगी।

प्रत्येक निविदा के साथ चार पहिया वाहन हेतु रूपये 10000/-(दस हजार मात्र) एवं दो पहिया के लिये रू. 1000/- (एक हजार मात्र) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैक ड्राप्ट जारी बैकर्स चेक सहायक वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा के नाम देय होगा प्रत्येक वाहन हेतु पृथक-पृथक बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निविदा जारी होने के दिनांक 23/01/126 तक के एक दिन पूर्व कार्यालयीन दिवस में रूपये 1000/-(रूपये एक हजार मात्र) के भुगतान पर प्राप्त किये जा सकते है, अथवा डिमांड ड्राप्ट जो सहायक वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा के विस्तृत शर्ते एवं अन्य जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशन दिनांक से कार्यालयीन दिवस समय से प्राप्त की जा सकता है। उक्त निविदा प्रपत्र शर्ते एवं फार्म इस कार्यालय के वेवसाइड www.mpforest.org पर भी डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

सहायक वनसंरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा

G-24567/25

भेल दशहरा मैदान में हुआ अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन

धर्म, चंदे के सहारे लोग खा रहे मलाई: प्रजापति

विशेष संवाददाता, भोपाल। राजधानी के भेल दशहरा मैदान में रविवार को अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के महासम्मेलन में विधायक रहे आरडी प्रजापति ने कथावाचकों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग धर्म और चंदे के सहारे प्रभावशील बनकर मलाई खा रहे हैं, जबकि देश में मेहनत करने वाला वर्ग हाशिए पर है। पूर्व विधायक प्रजापति ने कहा कि देश में कुछ कथावाचक और धर्मगुरु करोड़ों लोगों की भीड़ जुटाकर महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने जगदगुरु रामभद्राचार्य के बयान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एक अंधाचार्य है, वह कहता है कि वाइफ मतलब वंडरफुल इंस्ट्रूमेंट फॉर एंजॉय। तुम भी अपनी एंजॉय वाली मां से पैदा हुए हो क्या? प्रजापति यहीं तक नहीं रुके और आगे बोले कितने लोगों ने एंजॉय किया है। तभी तुम्हारी आंखें खराब हो गई, अंधरा। उन्होंने आगे कहा कि एक बाबा लाली लगाकर कहता है, 25 साल की लड़कियां कथाओं में जाकर अपनी जवानी उतार कर आती हैं। यह बेहद असंवेदनशील ही नहीं बल्कि पूरे समाज को शर्मसार करने वाला है।

प्रजापति ने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री और अनिरुद्धाचार्य का नाम लेते हुए कहा कि वे महिलाओं को खाली प्लॉट जैसी उपमाएं देते हैं। 20-25 साल की लड़कियों को लेकर अभद्र टिप्पणियां करना किसी भी धर्म या शास्त्र में स्वीकार्य नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला विधावा हो जाए, तो क्या उनका सिंदूर और मंगलसूत्र हट जाना उसे खाली प्लॉट बना देता है। प्लॉट का मतलब जमीन होता, जिसे बार-बार खरीदा और बेचा जा सकता है, तो क्या समाज अपनी बहन-बेटियों को भी उसी नजर से देखेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान व्यास पीठ से नहीं दिए जाने चाहिए। प्रशासन को ऐसे लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए। मैं चाहता हूं कि संतोष वर्मा को आईएएस से हटा दिया जाए, हमको फांसी दी जाए, लेकिन पहले उन कथावाचकों को जूतों की मामला पहनाकर नंगा घुमाया जाए, जो व्यास पीठ से ऐसा बोलते हैं।

हिंदू धर्म को छोड़ने के लिए भी तैयार: यादव

दलित पिछड़ा समाज संगठन के संस्थापक दामोदर यादव ने भी धर्म को लेकर लोगों की सोच पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यदि हिंदू धर्म की पहचान ओबीसी, एससी और एसटी समाज के अपमान, जातिगत उत्पीड़न और भेदभाव से जुड़ी मानी जाती है, तो वे ऐसे हिंदू धर्म को छोड़ने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जिस धर्म का इस्तेमाल मनुवादी सोच और जातिगत वर्चस्व कायम रखने के लिए किया जा रहा है, उससे हमारा कोई संबंध नहीं हो सकता। हम मानवतावादी धर्म को मानते हैं। सबसे बड़ी आस्था बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान पर है, जो सबसे बड़ी किताब है। उन्होंने कहा कि यदि ग्वालियर हाईकोर्ट में 14 मार्च से पहले डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थापित नहीं की गई, तो आजाद समाज पार्टी,भीम आर्मी, जयस और ओबीसी संगठन खुद प्रतिमा को स्थापित करेगा। यादव ने कहा कि आईएएस संतोष वर्मा को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। अगर किसी ने संतोष वर्मा को छूने की कोशिश की,तो उसका जवाब राजधानी में दिया जाएगा।

संयुक्त मोर्चा की प्रमुख मांगें

- ओबीसी की उनकी जनसंख्या के अनुसार 52 प्रतिशत आरक्षण देने
- ओबीसी के 13 प्रतिशत रोके गए पद तत्काल खोल कर पात्रों को नियुक्ति पत्र देने
- ओबीसी, एससी और एसटी के खाली और बैंकलॉग पद विशेष भर्ती अभियान चलाकर जल्द भरने
- आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ जारी नोटिस और डोप्ट को भेजा गया प्रस्ताव वापस लिया जाए
- सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 पर फिर से विचार करने
- सिविल जजों की भर्ती एमपीपीएससी से कराए जाने
- हाईकोर्ट जजों में ओबीसी ,एससी और एसटी को जनसंख्या के अनुसार भागेदारी देने की मांग की गई है।
- इनके अलावा प्रतिनिधित्व और सामाजिक सम्मान,संविदा और ठेका व्यवस्था,बाबा साहब अंबेडकर से जुड़ी मांगें भी महासम्मेलन के जरिए की गई।

26 अधिकारियों की बदली जिम्मेदारी

विशेष संवाददाता, भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने रविवार को देर रात भारतीय प्रशासनिक सेवा के 26 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी कर दिए है। इनमें कई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपे गए है। जानकारों की मानें तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले दिनों विभागों की समीक्षा के दौरान प्रशासनिक कसावट के लिए फेरबदल किया गया। बताया गया है कि इस स्थानांतरण में प्रभावित हुए कुछ वरिष्ठ अधिकारी इसी साल सेवा निवृत्त होने वाले हैं। जिससे उनसे महत्वपूर्ण विभाग वापस लेकर दूसरे जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह सीएम ने कुछ अधिकारियों को दूसरे विभागों से इसलिए मुक्त किया है,कि उन्होंने मुख्यमंत्री की विशेष योजनाओं को अतिरिक्त प्रभार के तौर पर धरातल पर लाने के लिए बेहतर काम किया है। इनमें अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला,प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव जैसे अधिकारी शामिल है।

अतिरिक्त प्रभार से ये होंगे मुक्त

एम. सेल्वेन्द्रन (2002): प्रमुख सचिव (कार्मिक) के साथ प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार । इनके कार्यभार ग्रहण करने पर संजय दुबे (1993) इस प्रभार से मुक्त होंगे ।

इलैयाराजा टी. (2009)सचिव मुख्यमंत्री एवं एमडी पर्यटन निगम के साथ सचिव पर्यटन, एमपी पर्यटन बोर्ड और आयुक्त पर्यटन का अतिरिक्त प्रभार । कुमार पुरुषोत्तम (2012) कृषि विपणन बोर्ड के साथ म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ का अतिरिक्त प्रभार । मालसिंह भयाड़िया (2006) श्रीमती मीनाक्षी सिंह के अवकाश पर रहने तक सचिव, जनजातीय प्रकोष्ठ, राजभवन का अतिरिक्त प्रभार ।

अधिकारी का नाम एवं बैच	वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
शिवशेखर शुक्ला (1994)	एसीएस संस्कृति एवं पर्यटन	एसीएस गृह
उमाकांत उमराव (1996)	प्रमुख सचिव, खनिज तथा	पीएस, पशुपालन एवं डेयरी विभाग
शोभित जैन (2000)	सदस्य सचिव उपभोक्ता प्रतितोषण विवाद आयोग	प्रमुख सचिव, आयुष विभाग
जॉन किंग्सली ए. आर. (2004)	सचिव, नर्मदा घाटी विकास	सचिव, उद्यानिकी
श्रीमन शुक्ल (2007)	आयुक्त, आदिवासी विकास	आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
स्वतंत्र कुमार सिंह (2007)	संचालक, भोपाल गैस त्रासदी राहत	सचिव, मछुआ कल्याण
विशेष गढ़पाले (2008)	सचिव, ऊर्जा विभाग	प्रबंध संचालक, म.प्र. पॉवर
आलोक कुमार सिंह (2008)	म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ	सचिव, मुख्यमंत्री तथा सचिव खनिज
धनराजू एस (2009)	आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर	आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं, मध्य प्रदेश
अनय द्विवेदी (2010)	प्रबंध संचालक, विद्युत वितरण कंपनी	आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इंदौर
तरुण राठी (2010)	आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं, मध्य प्रदेश	आयुक्त, आदिवासी विकास
अनुराग चौधरी (2010)	अपर सचिव, पिछड़ा वर्ग	मत्स्य महासंघ
नेहा मारव्या सिंह (2011)	संचालक, विमुक्त घुमन्तु	अपर सचिव, जनजातीय कार्य विभाग
गौतम सिंह (2011)	अपर सचिव, राजस्व विभाग	आयुक्त, म.प्र. गृह निर्माण
वीरेन्द्र कुमार (2011)	अपर सचिव, नवकरणीय ऊर्जा	अपर आयुक्त (राजस्व), ग्वालियर
निधि निवेदिता (2012)	आयुक्त मत्स्य महासंघ	आयुक्त महिला एवं बाल विकास
डॉ. फटिंग राहुल हरिदास (2012)	आयुक्त, म.प्र. गृह निर्माण	संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं
राजेश कुमार ओगरे (2012)	सचिव, राज्य सूचना आयोग भोपाल	अपर सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग
ऋषि गर्ग (2013)	सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग	मप मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी
मनीषा सेंतिया (2013)	अपर परियोजना संचालक	अपर सचिव, गृह विभाग
दिलीप कुमार यादव (2014)	उप सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास	प्रबंध संचालक, पर्यटन विकास
बृजेश कुमार वैद्य (2014)	उप सचिव, गृह विभाग	सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल
दिलीप कुमार कापसे (2014)	उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग	उप सचिव, किसान कल्याण विभाग
मलिका निगम नागर (2016)	उप सचिव, लोक स्वास्थ्य	अपर मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
दिशा पणय नागवंशी (2016)	उप सचिव, जनजातीय कार्य विभाग	सचिव, म.प्र. राज्य सूचना आयोग
वंदना शर्मा (2018)	उप सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग	उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन

संक्षिप्त खबरें

7 माह से कर्मचारियों को नहीं मिला महंगाई भत्ता

जागरण संवाददाता, भोपाल। प्रदेश के कर्मचारियों को पिछले सात माह से महंगाई भत्ता नहीं मिला है, इसे लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन करने की तैयारी कर ली है। गत दिनों कर्मचारी संगठनों ने भोजन अवकाश में इकट्ठे होकर जिला मुख्यालयों और राज्य मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा था। अब कर्मचारी एक बार फिर प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि कार्यरत व रिटायर्ड कर्मचारियों को केंद्र के केंद्रीय तिथि से महंगाई भत्ता दिया जाए। कैशलेस स्वास्थ बीमा, वर्ष 2019 से नवनियुक्त कर्मचारियों को 70 से 90 फीसदी वेतन देने के आदेश पर रोक लगाकर एरियर का भुगतान, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, लिपिकों को मंत्रालय के लिपिकों की तरह ग्रेड पे देने, स्थाई कर्मी, दैवेभो, आउटसोर्स एवं संविदा कर्मचारियों को नियमित पदों पर नियुक्ति देने, अनुकंपा नियुक्ति व चतुर्थ श्रेणी की पदोन्नति पर सीपीसीटी टेस्ट की अनिवार्यता खत्म करने सहित अन्य मांगों की मांग की गई। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि आगे भी कर्मचारी अपनी मांगों के पूरी न होने तक प्रदर्शन करते रहेंगे।

पशु कल्याण को लेकर जागरुकता अभियान

विसं, भोपाल। भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों, किसानों, छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित योजनाओं एवं पशु कल्याण के बारे में जागरूक करने के लिए पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। एक माह तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पीएस पटेल ने सभी जिलों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। डॉ.पटेल ने बताया कि यह अभियान राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न जागरूकता एवं हितग्राही मूलक गतिविधियों के माध्यम से संचालित होगा।अभियान के अंतर्गत पशुकल्याण, पशु चिकित्सा सेवाओं, उन्नत पशुपालन, डेयरी, बकरी एवं मुर्गी पालन से संबंधित योजनाओं के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पशुपालन से संबंधित चलाई जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा।

अस्थाई कर्मचारी करेंगे सत्याग्रह आंदोलन

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। प्रदेश भर के स्थाईकर्मी दैवेभो और अंशकालीन कर्मचारी पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में सतपुड़ा भवन के सामने सत्याग्रह आंदोलन 21 जनवरी से शुरू करेंगे। आंदोलन सुबह दस से शाम चार बजे तक रहेगा।संचालन के लिए समिति का गठन किया गया है, जिसमें प्रमोद बर्डे बैतूल, महेंद्र सारस धार, सत्येंद्र पांडे भोपाल, सुखमन धुर्वे पचमढ़ी, शिवराम जाटव नरसिंहपुर, भीमसेन ठाकुर डिंडोरी को मनोनीत किया गया है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने नियमित करने 22 दिसंबर 2025 के आदेश को निरस्त करने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर का वेतन देने की मांग शामिल है।

नौ महीने में टिकट चैकिंग से 30 करोड़ का राजस्व वसूला

नगर संवाददाता, भोपाल। बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर धरपकड़ जारी है। इस क्रम में भोपाल रेल मंडल ने बीते नौ महीने में 4 लाख से ज्यादा प्रकरण बनाए हैं। जानकारी अनुसार पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसंबर 2025 तक कुल 14 लाख 65 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 101 करोड़ 16 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। जो इसी अवधि में पिछले वर्ष वसूले गये जुर्माने (कुल 87 करोड़ 36 लाख रूपए) की तुलना में 15.80 प्रतिशत अधिक है। इसमें भोपाल मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जांच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 4 लाख 75 हजार प्रकरण से

रेलवे ने 30 करोड़ 48 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है, जो गत वर्ष की तुलना में 04.45 प्रतिशत की राजस्व में वृद्धि हुई है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना टिकट यात्रा ना करें। उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो। वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ के समनव्य से पश्चिम मध्य रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराने के उद्येश्य से ट्रेनों में टिकट चैकिंग अभियान आगे भी चलाये जाते रहेंगे।

सीएम पहुंचे दिल्ली, 20 को दावोस के लिए भरेंगे उड़ान

आज दिल्ली में नए अध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान रहेंगे मौजूद

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को नई दिल्ली प्रवास पर पहुंचे,जहां से उन्हें 20 जनवरी को दावोस के लिए रवाना होना है। सीएम दिल्ली में सोमवार को भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री 20 जनवरी को देर शाम वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भाग लेने के लिए दावोस के लिए रवाना होंगे। जहां उनके द्वारा मध्यप्रदेश अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं, औद्योगिक क्षमताओं और दीर्घकालिक विकास दृष्टि को वैश्विक मंच पर साझा की जाएगी। दावोस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सत्रों के माध्यम से ऊर्जा उत्पादन और ग्रीन ग्रोथ पर राज्य का संतुलित दृष्टिकोण सामने आएगा। उपयोगिता-स्तर की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना और ऊर्जा परिवर्तन के मॉडल पर केंद्रित विमर्श में मध्यप्रदेश की भूमिका प्रमुख रहेगी। यह संवाद राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश के भरोसेमंद गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। जानकारी के अनुसार दावोस में उद्योग और विनिर्माण से जुड़े सत्रों में रक्षा उत्पादन, उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों पर फोकस रहेगा,जिसमें सीएम मध्यप्रदेश का पक्ष रखेंगे। उनके द्वारा वैश्विक उद्योग

प्रतिनिधियों के साथ होने वाले संवादों में राज्३य की औद्योगिक नीति, निवेश-अनुकूल वातावरण और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की क्षमता को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। इसी तरह दावोस में सीएम एवं उनके साथ जा रहे प्रतिनिधि मंडल में शामिल अधिकारियों द्वारा पर्यटन पर केंद्रित वैश्विक सत्रों में मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, जैव-विविधता, अनुभव-आधारित पर्यटन और कनेक्टिविटी को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। बताया गया है कि सीएम दावोस के दौरान विषयगत सत्रों, गोलमेज बैठकों और वन टू वन उच्चस्तरीय संवादों के माध्यम से निवेश, औद्योगिक सहयोग और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े ठोस अवसर सामने आएंगे।

इंडिया एआई मिशन देश को बना वैश्विक शक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंडिया एआई मिशन-भारत को राष्ट्रीय स्तर की एआई अवसंरचना विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ा रहा है। वैश्विक एआई रैंकिंग-2025 में भारत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। एआई को उत्पादकता बढ़ाने तथा देश की आईटी प्रतिभा, जनसांख्यिकीय लाभांश और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रभावी उपयोग के लिए रणनीतिक साधन के रूप में अपनाया गया है। स्वदेशी डेटासेट्स, भारतीय भाषाओं पर आधारित फाउंडेशन मॉडल्स, सब्सिडी आधारित कंप्यूटर अवसंरचना और सुरक्षित व भरोसेमंद एआई गवर्नेंस फ्रेमवर्क इंडिया एआई की प्रमुख विशेषताएं हैं। सीएम ने कहा कि अवसंरचना के रणनीतिक महत्व की दृष्टि से उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग, स्वदेशी हार्डवेयर, सुरक्षित डेटा सेंटर और मजबूत सप्लाई चेन को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप विकसित करने की आवश्यकता है। गोपनीयता, अनुपालन, जवाबदेही और जोखिम प्रबंधन को एआई के पूरे जीवनचक्र में अंतर्निहित किया जाना चाहिए। सुरक्षित एआई अवसंरचना भारत के दीर्घकालिक डिजिटल नेतृत्व की कुंजी है।

32 सदस्य भी पहुंचे दिल्ली: जानकारी के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहेंगे। इनके अलावा मध्यप्रदेश से प्रदेशाध्यक्ष और महामंत्रियों,कुछ केन्द्रीय मंत्रियों और पदाधिकारियों के अलावा राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों सहित 32 भाजपा नेता भी मौजूद रहेंगे।

मध्यप्रदेश पुलिस जल्द ही अपना नया आंतरिक क्लाउड सिस्टम करेगी तैयार

पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को वॉट्स ऐप से मिल जाएगी मुक्ति

विसं, भोपाल। मध्यप्रदेश पुलिस जल्द ही अपना नया आतंरिक क्लाउड सिस्टम तैयार करेगी, जो गूगल ड्राइव की तरह काम करेगा। इससे पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को वॉट्स एप से मुक्ति मिल जाएगी। जानकारी के अनुसार पुलिस विभाग ने दस्तावेजों-आदेशों-सर्कुलरों के लिए नया सिस्टम विकसित किया है जिसे पोलारिस के नाम से जाना जाएगा। विभाग का यह आतंरिक क्लाउड सिस्टम लागू हो जाने के बाद अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को किसी भी वॉट्स एप या किसी अन्य एप पर भरोसा नहीं करना पड़ेगा। बताया गया है कि इस नए सिस्टम में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों का पूरा डाटा संरक्षित किया जाएगा। पुलिस के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों का पूरा डाटा अब पोलारिस पर ही रखा जाएगा। फाइलों के स्थान पर सभी रिकार्ड्स क्लाउड स्टोरेज से ही एक्सेस किए जाएंगे। इतना ही नहीं, पुलिस विभाग के सभी दस्तावेज, आदेश, सर्कुलर भी यहीं रखे जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि उनका क्लाउड गूगल से भी तेज होगा। इस सिस्टम को राज्य भर के सभी पुलिस थानों, एसपी कार्यालयों को इससे जोड़ा जाएगा।

कर्मचारियों का भत्ता बढ़ाने के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव

इधर पुलिस मुख्यालय ने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों को एक और भत्ते का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजा है। जिसमें पुलिस इंवेस्टिगेशन एलाउंस को स्वीकृत करने का आग्रह किया गया है। इसी तरह विभाग में आवश्यक पुलिस बल भरने की दिशा में भी पीएचक्यू द्वारा प्रयास किए जा रहे है। बताया गया है कि सब इंस्पेक्टर, सूबेदार, स्टेनो और एएसआई जैसे प्रमुख पद व कैडर की भर्ती 8 साल के बाद हो रही है। पुलिस विभाग एक सप्ताह में बल की स्वीकृति का प्रस्ताव भेज देगा। उन्होंने भर्ती प्रोसेस में तेजी के लिए पुलिस भर्ती बोर्ड की स्थापना की जरूरत जताई। इससे कर्मचारियों को फायदा होगा।

23 तक होंगे आयुष में पीजी-यूजी के प्रवेश

नगर संवाददाता, भोपाल। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली ने आयुष मंत्रालय की सहमति पर प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, सिद्धा, यूनानी आयुष मेडिकल कॉलेजों में सत्र 2025-26 सत्र में यूजी स्नातक व पीजी - एमडी एमएस में प्रवेश के लिए कट ऑफ डेट अब 14 जनवरी से 23 जनवरी कर दी है। इस आशय का पत्र एनसीआईएसएम के सचिव सच्चिदानंद प्रसाद ने जारी किया है। ज्ञात रहे कि यूजी की आखिरी डेट पूर्व में 20 दिसंबर 2025 थी तथा पीजी की 22 दिसंबर 2025 थी। प्रदेश समेत देशभर में आयुष की लगभग 6500 से ज्यादा सीटें खाली थीं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि एसोसिएशन ने रिक्त सीटों को भरने के लिए संचालनालय आयुष, आयुष मंत्रालय से मीडिया के माध्यम से गुहार लगाई थी । संभावना है कि राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग एनसीएच भी एनसीआईएसएम के समान शीघ्र ही सर्कुलर जारी करेगा।

बीएमएचआरसी में बजा डीजे आईसीयू में मरीज हुए परेशान

सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे लोग, यात्रा में लगे गगनचुंबी नारे

नगर संवाददाता, भोपाल। भोपाल मेमोयिल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन से पहले एक धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। डीजे के पीछे सैंकड़ों महिला व पुरुष डीजे की धुन पर थिरक रहे थे। बीएमएचआरसी के मुख्य द्वारा से लेकर परिसर में मौजूद खाली मैदान तक यह यात्रा डीजे के साथ पहुंची। इस दौरान तेज आवाज के शोर गुल से अस्पताल में भर्ती मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर आईसीयू वार्ड। जहां क्रिटिकल मरीज भर्ती रहते हैं। इसके अलावा पल्मोनरी और हार्ट रोगियों को भी तेज आवाज के कारण बैचेनी महसूस हुई। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि हमने सम्मेलन के लिए परमिशन दी थी। लेकिन यह नहीं पता था कि कोई शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। हमारी संस्थान में खाली मैदान है, जिस पर सम्मेलन करने के लिए आयोजक हमारे पास आए थे। उन्होंने बताया था कि यह एक साधारण सम्मेलन है। जिसके आधार पर हमने अनुमति दे दी थी।

निर्देश एक-एक पन्ने पर चल रहा राजधानी का बरकतउल्ला विवि, रजिस्ट्रार के आदेश से मचा हंगामा

हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की फाइलें चोरी, जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। राजधानी का बरकतउल्ला विवि प्रदेश का एक मात्र विवि हैं, जहां एक-एक पन्ने की नोटशीट पर बड़े-बड़े आदेश जारी हो जाते हैं। उनकी मूल फाइलें बीयू से चोरी हो चुकी हैं। अदालतों में लंबित प्रकरणों की फाइलें तक बीयू से गायब हैं। यह स्थिति किसी एक विभाग की नहीं बल्कि बीयू के हर विभाग की है, इसलिए रजिस्ट्रार समर बहादुर सिंह ने आदेश जारी करते हुए सभी विभागों को तीन दिन की मौहलत देते हुए कहा कि फाइलें प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं करने की दशा में जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

प्रशासनिक सत्य भवन में संचालित होने वाले विभागों की स्थिति ज्यादा खराब है। हर विभाग के आधा-आधा दर्जन फाइलें चोरी हो चुकी हैं। इसमें कई फाइलें ऐसी हैं, जिनके संबंध में सत्र एवं जिला न्यायालय के साथ हाईकोर्ट में प्रकरण लंबित हैं। ऐसा बताया गया है कि कई प्रकरणों में वकीलों को कार्यपरिषद में तय की गई फीस से ज्यादा का भुगतान तक किया गया है। फाइलें चोरी होने की दशा में बीयू का प्रशासनिक ढांचा

पूरी तरह से ध्वस्त होता दिखाई दे रहा है। नवनियुक्त रजिस्ट्रार सिंह के सामने आधी अधूरी फाइलें प्रस्तुत की जा रही हैं। यहां तक फाइलों में एक-एक पन्ना ही बचा है। उनकी मूल फाइलें सत्य भवन से चोरी हो चुकी हैं। इसलिए रजिस्ट्रार सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि बीयू कई कक्षों और विभागों से फाइलें आप्राप्त हैं। इसलिए उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों और कक्ष अधिकारियों को तीन दिन की मौहलत देते हुए फाइलें प्रस्तुत करने को कहा है। विभाग और कक्ष से चोरी फाइलों की जानकारी के लिए रजिस्ट्रार सिंह ने सात कालम का एक फार्मेट दिया है, जिसमें फाइल क्रमांक, विषय, प्रभारी कर्मचारी, फाइल कब प्राप्त हुई, चोरी फाइलें किसके नाम और रिमार्क तक दर्ज करने को कहा है। रजिस्ट्रार सिंह द्वारा जारी किए गए आदेश से बीयू में हंगामा मचा हुआ है। अधिकारियों के हाथ पैर फुलना शुरु हो गए हैं। इसलिए वे चोरी हुइ फाइलों की खोजबीन में भी लग गए हैं।

नोड्यूस नहीं हुए जारी

बीयू से सेवानिवृत्त और वर्तमान में कार्यरत अधिकारी और प्रोफेसरों ने बीयू से लॉन लिया हुआ है। यहां तक अपने-अपने विभागों में कार्य करने के लिए बीयू से एडवांस के तौर पर बड़ी राशि तक ली हुई है, जिसका समायोजन तक नहीं कराया गया है। यहां तक उन्होंने नोड्यूस तक नहीं किया है। अधिकारी और प्रोफेसरों ने घालमेल करते हुए फाइलों को चोरी करा दिया है, ताकि उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की वसूली नहीं निकल सके। अपना बचाव करते हुए उन्होंने कुछ राशि जमा भी करा दी है।

आधा-आधा दर्जन फाइलें हुई चोरी

एकेडमिक विभाग से करीब आधा दर्जन फाइलें चोरी होने की सूचना दी गई। यह फाइलें कालेज की संबद्धता से संबंधित हैं, जिसमें बीएड कालेज शामिल हैं। इसी तरह स्थापना विभाग से करीब आधा दर्जन फाइलें गायब हो चुकी हैं। इसके अलावा लेखा, प्रशासन, स्टोर में तीन-चार फाइलें चोरी होने की बात कही जा रही है। कुछ कालेजों की संबद्धता समाप्त होने फाइलें तक बीयू में मौजूद नहीं हैं। मामला कई बार कुलगुरु सुरेश कुमार जैन तक पहुंच चुका है, लेकिन कोई फाइलें प्रस्तुत करने तक को तैयार नहीं हैं।

> बीयू के कई विभागों से फाइलें गायब हो चुकी हैं। उनकी तलाश जारी है। इस संबंध में विभागों को तीन दिन में फाइल प्रस्तुत करने को कहा गया है। दी गई मौहलत में फाइलें प्रस्तुत नहीं होती हैं, तो संबंधित पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।
>
> **समर बहादुर सिंह**, रजिस्ट्रार बीयू

संक्षिप्त समाचार

कोर्नी ने चीन को बताया 'रणनीतिक साझेदार'

बीजिंग, जेएनएन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा पर टैरिफ और दबाव बढ़ाने के बाद कनाडा ने चीन के साथ रिश्ते सुधारने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी चीन के दौरे पर बीजिंग पहुंचे, जहां उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और दोनों देशों के संबंधों को नई शुरुआत देने की बात कही। यह पिछले आठ सालों में किसी कनाडाई प्रधानमंत्री की पहली बीजिंग यात्रा है। कार्नी ने कहा कि दोनों देश पुराने सकारात्मक अनुभवों को आगे बढ़ाकर 'नई वैश्विक वास्तविकताओं' के मुताबिक रिश्तों को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने चीन को कनाडा का 'रणनीतिक पार्टनर' बताते हुए कहा कि यह सहयोग कृषि, ऊर्जा और वित्त जैसे क्षेत्रों में नए अवसर पैदा करेगा।

तेजस्वी को मिल सकती है राजद की कमान

पटना, जेएनएन। बिहार की राजनीति में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के भीतर बड़े नेतृत्व परिवर्तन के संकेत मिल रहे हैं। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के खराब स्वास्थ्य और डॉक्टरों की ओर से तनाव से दूर रहने की सलाह के बाद अब संगठन की कमान तेजस्वी यादव को औपचारिक रूप से सौंपने की तैयारी तेज हो गई है। 25 जनवरी को होने वाली राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में तेजस्वी यादव को 'राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष' नियुक्त किया जा सकता है। तेजस्वी पहले से ही राजद के प्रमुख राजनीतिक और सांगठनिक फैसलों में केंद्रीय भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, उनके पास कोई शीर्ष संवैधानिक पद नहीं होने की वजह से कई बार फैसलों की आधिकारिक घोषणा में तकनीकी अड़चनें आती रही हैं। कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद उन्हें पार्टी में औपचारिक अधिकार मिल जाएगा।

इंडोनेशिया: 11 लोगों को ले जा रहा विमान लापता

जकार्ता, जेएनएन। इंडोनेशिया में 11 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान उड़ान के दौरान रडार से गायब हो गया। यह विमान जावा द्वीप से सुलावेसी द्वीप की ओर जा रहा था। अधिकारियों के अनुसार, पहाड़ी इलाके में पहुंचते ही विमान का ग्राउंड कंट्रोल से संपर्क टूट गया, जिसके बाद तुरंत सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। लापता विमान एक टर्बोप्रॉप एटीआर 42-500 बताया गया है, जो इंडोनेशिया एयर ट्रांसपोर्ट का था। परिवहन मंत्रालय की प्रवक्ता एंडाह पुर्नामा सारी ने बताया कि विमान को दोपहर 1.17 बजे (05.17 जीएमटी) दक्षिण सुलावेसी के मारोस जिले के लेआंग-लेआंग इलाके में आखिरी बार रडार पर देखा गया था। लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को अप्रोच एलाइनमेंट सही करने के निर्देश दिए थे। इसके तुरंत बाद रेडियो संपर्क टूट गया। विमान में कुल 11 लोग सवार थे, जिनमें 8 क्रू मेंबर और 3 यात्री शामिल हैं। फिलहाल इस विमान की तलाश की जा रही है।

सोशल मीडिया पर बवाल: शरीफ के नाती की दुल्हन ने पहना भारतीय लहंगा

इस्लामाबाद, जेएनएन। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर की शादी इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में है। वजह है दुल्हन शंजे अली रोहेल का पहनावा। शंजे अली रोहेल ने मेहंदी समारोह में भारतीय डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी का डिजाइन किया हुआ हरे रंग का लहंगा पहना। जुनैद, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के बेटे हैं। उन्होंने लाहौर में पाकिस्तानी मुस्लिम लीग (नवाज) के वरिष्ठ नेता शेख रोहेल असगर की पोती शंजे अली से निकाह किया है। यह जुनैद की दूसरी शादी है। तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, तो पाकिस्तानी यूजर्स ने सवाल उठाए कि बड़े राजनीतिक परिवार के समारोह में भारतीय डिजाइनरों को क्यों चुना गया। कुछ लोगों ने शरीफ परिवार को 'गद्दार' तक कहा और तंज किया कि जो लोग देशभक्ति का पाठ पढ़ाते हैं, वे खुद भारतीय ब्रांड्स को प्राथमिकता दे रहे हैं। शादी के मुख्य समारोह में शंजे अली रोहेल ने भारतीय डिजाइनर तरुण तहिलियानी की डिजाइन की हुई लाल साड़ी पहनी।

भारत का सबसे बड़ा नदी डॉल्फिन सर्वे शुरू

गिनती होगी, खतरे मापे जाएंगे और बनेगी नीति

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने प्रोजेक्ट डॉल्फिन के तहत देश का दूसरा रेंज-वाइड (पूरे फैलाव वाला) अनुमान सर्वे शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश के बिजनौर यानी गंगा के उस हिस्से से हुई है, जहां से गंगा अपने मैदानी सफर को लंबी रफ्तार देती है।

सर्वे का स्केल

26 शोधकर्ता करेंगे यह नदी सर्वे

03 नावों का किया जाएगा इस्तेमाल

02 फ्रेशवॉटर डॉल्फिन प्रजातियां पाई जाती हैं भारत में मुख्य रूप से। इनमें गंगा डॉल्फिन और इंडस डॉल्फिन शामिल हैं।

6,327 कुल अनुमानित नदी डॉल्फिन हैं भारत में

58 नदियों में किया गया था पिछला सर्वे, जो 2021 से 2023 के बीच हुआ

10 राज्य थे शामिल

सर्वाधिक डॉल्फिन आबादी

2,220 डॉल्फिन बिहार में हैं, जो देश की कुल डॉल्फिनों का 35 प्रतिशत है।

38% यानी 2,397 अकेले उत्तर प्रदेश में हैं डॉल्फिन

13% 815 डॉल्फिनों के साथ प. बंगाल तीसरे स्थान पर

ईरानी प्रदर्शनकारियों का अमेरिकी राष्ट्रपति पर बड़ा आरोप

ट्रंप ने धोखा दिया, जरूरत के वक्त नहीं किया समर्थन

तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन। ईरान में जारी सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच प्रदर्शनकारियों का गुस्सा अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी फूटने लगा है। कई ईरानी प्रदर्शनकारियों और देश छोड़ चुके नागरिकों का कहना है कि ट्रंप ने उन्हें 'धोखा दिया' और जिस समय सबसे ज्यादा समर्थन की जरूरत थी, उसी वक्त अमेरिका का रुख बदल गया। लोगों का आरोप है कि ट्रंप के बयानों से उन्हें उम्मीद जगी थी और उन्होंने जान जोखिम में डालकर प्रदर्शन किए, लेकिन बाद में अमेरिकी समर्थन कमजोर पड़ गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक ईरानी नागरिक ने कहा कि ट्रंप ने जो कहा और बाद में जो किया, उसके बीच बड़ा अंतर है। खासतौर पर तब जब ट्रंप ने दावा किया कि एक ईरानी अधिकारी ने उनसे 'अब और हत्याएं न होने' का भरोसा दिया है, तो यह सुनकर कई प्रदर्शनकारी हैरान रह गए। इस बीच, 23 वर्षीय छात्रा रूबिना अमिनियन की मौत का मामला भी सामने आया है।

हिंसा में 5000 मौतों का दावा

ईरान में 28 दिसंबर से जारी हिंसा में अब तक करीब 5000 लोगों की मौत होने की बात सामने आई है। इनमें लगभग 500 सुरक्षाकर्मी भी शामिल बताए जा रहे हैं। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है। बताया गया कि सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुईं, जहां हालात बेहद खराब रहे।

खामेनेई ने माना- हजारों मारे गए प्रदर्शनों में

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पहली बार माना कि हजारों लोग मारे गए हैं और इसके लिए ट्रंप को जिम्मेदार ठहराया। खामेनेई ने कहा कि ट्रंप के 'हाथ खून से रंगे हैं।' वहीं ट्रंप ने पलटवार करते हुए कहा कि ईरानी सरकार अब 'कुछ ही दिनों की मेहमान' है और नए नेतृत्व का समय आ गया है।

फायदा उठा रहे अमेरिका-इजरायल: लेबनान के सशस्त्र संगठन हिज्बुल्लाह ने ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर आरोप लगाया कि ईरान में हो रहे विरोध-प्रदर्शनों की आड़ में अमेरिका और इजरायल अपने राजनीतिक और रणनीतिक हित साधने की कोशिश कर रहे हैं।

गाजा 'पीस बोर्ड' से इजराइल नाराज, बोर्ड में भारतीय भी

ट्रंप के गाजा शांति योजना के दूसरे चरण में प्रवेश करते ही इजराइल ने नाराजगी जाहिर की है। ट्रंप ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा के गठन का ऐलान किया है। इसी के साथ इसकी निगरानी, फंड जुटाने और रणनीतिक दिशा तय करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) बनाया गया है, जिसकी अध्यक्षता खुद ट्रंप कर रहे हैं। हालांकि, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा है कि अमेरिका ने गाजा के लिए नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा इजराइल से बिना बातचीत किए की है। इजराइल ने इसे अपनी सरकारी नीति के खिलाफ बताया है। व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की। इस बोर्ड में कुल 7 सदस्य हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी शामिल हैं। अजय बंगा इस समय वर्ल्ड बैंक समूह के अध्यक्ष हैं।

ग्रीनलैंड में ट्रंप के विरोध में प्रदर्शन

अमेरिका से ट्रेड एग्रीमेंट रोकेगा यूरोपीय यूनियन

नुउक, जेएनएन। ग्रीनलैंड में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने 'ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है' के नारे लगाए। बर्फीली सड़कों के बीच प्रदर्शनकारी ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के डाउनटाउन से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इधर, अमेरिका ने यूरोप के 8 देशों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया है। इससे ग्रीनलैंड के लोगों में ट्रंप को लेकर गुस्सा और बढ़ गया। दूसरी ओर यूरोपीय संघ (ईयू) के सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में हैं। ईयू ने रविवार को ब्रसेल्स में शाम 5 बजे आपात बैठक बुलाई है। बैठक में ईयू संघ के सभी 27 देशों के राजदूत शामिल होंगे। यूरोपियन पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष मैनफ्रेड वेबर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ट्रंप की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अमेरिका से समझौते को मंजूरी देना संभव नहीं है। ईपीपी व्यापार समझौते के पक्ष में था, लेकिन ट्रंप की ग्रीनलैंड धमकियों से अब मंजूरी संभव नहीं है।

स्टार्मर ने की आलोचना मैक्रो बोले-अस्वीकार्य?

ग्रीनलैंड की ट्रंप के ऐलान के बाद अब यूरोपीय नेताओं ने इसकी कड़ी आलोचना की है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर ने इस कदम को पूरी तरह गलत बताया, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इसे अस्वीकार्य करार दिया। स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टरसन ने कहा, हम ब्लैकमेल नहीं होने देंगे। स्वीडन अन्य यूरोपीय देशों, नॉर्वे और ब्रिटेन के साथ मिलकर संयुक्त जवाब पर चर्चा कर रहा है।

जस्टिस वर्मा कैश कांड

महाभियोग: जांच के लिए एएसजी ठाकरे नियुक्त

नई दिल्ली, जेएनएन। हाल के भारतीय इतिहास के सबसे विवादित न्यायिक जवाबदेही मामलों में से एक में एक अहम कदम उठाते हुए कानून और न्याय मंत्रालय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई की जांच कर रही तीन सदस्यों वाली जांच कमेटी की मदद के लिए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) राजा ठाकरे को नियुक्त किया है। इस जांच के केंद्र में लगे आरोप जस्टिस वर्मा के सरकारी घर पर आग लगने की घटना के दौरान बिना हिसाब-किताब के कैश मिलने के इर्द-गिर्द घूमते हैं, जिससे न्यायिक गलत व्यवहार के गंभीर सवाल उठते हैं। जज की कानूनी चुनौतियों को सुप्रीम कोर्ट से बार-बार मना करने के बाद आया है।

जेएफएल: आडियाज ऑफ जस्टिस सत्र में बोले पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़

समाज में करप्शन है, जज भी यहीं से आते हैं

जयपुर, जेएनएन। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के 'आइडियाज ऑफ जस्टिस' सत्र में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने न्याय व्यवस्था, जमानत, राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनों और न्यायपालिका में जवाबदेही जैसे मुद्दों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि संस्थानों को समय के साथ बदलते समाज को समझना होगा, वरना प्रासंगिक बने रहना मुश्किल है। पूर्व सीजेआई ने अपने पारिवारिक अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि वे बेबी बूमर पीढ़ी से हैं, जबकि उनकी बेटियां जेन-जी हैं। यदि उन्हें बेटियों की जिंदगी से जुड़े रहना है तो उन्हें उनके काम करने के तरीके को भी समझना होगा। उन्होंने इसे संस्थाओं के लिए भी जरूरी सीख बताया।

उमर खालिद से जुड़े सवाल पर चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय कानून 'निर्दोषता की धारणा' पर आधारित है और आरोपी को दोष सिद्ध होने तक निर्दोष माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्री-ट्रायल डिटेंशन सजा का विकल्प नहीं हो सकता, क्योंकि कई साल जेल में रहने के बाद अगर कोई बरी हो जाए तो उसके खोए हुए वर्षों की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि बेल न देने के तीन मुख्य अपवाद हैं- आरोपी के दोबारा गंभीर अपराध करने की आशंका, ट्रायल से भागने का खतरा और सबूतों से छेड़छाड़ की संभावना। बाकी मामलों में जमानत नियम है, अपवाद नहीं। राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि समस्या तब बढ़ती है जब ऐसे कानून 'इनॉसेंस' को 'गिल्ट' से रिप्लेस कर देते हैं। कोर्ट को देखना चाहिए कि सच में राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है या नहीं और डिटेंशन उचित है या नहीं।

गोविंदा के अफेयर की खबरों पर सुनीता आहूजा बोलीं

सबूत मिला तो कभी माफ नहीं करूंगी

मुंबई, जेएनएन। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा के अफेयर को लेकर लंबे समय से चल रही चर्चाओं पर उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने एक बार फिर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। सुनीता का कहना है कि इस उम्र में गोविंदा का अफेयर करना 'शोभा नहीं देता' और ऐसी बातें उनके बच्चों को भी परेशान करती हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि अगर उन्हें गोविंदा के खिलाफ कोई पक्का सबूत मिलता है, तो वह उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। सुनीता ने मिस मालिनी को दिए इंटरव्यू में कहा कि साल 2025 उनके लिए बेहद खराब रहा, क्योंकि उस वक्त उनकी फैमिली लाइफ में कई परेशानियां चल रही थीं। उन्होंने बताया कि वे गोविंदा के बारे में ऐसी बातें सुन रही थीं, जो उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं आईं। सुनीता ने कहा, 'हर चीज करने की एक उम्र होती है। 63 साल की उम्र में ऐसी बातें सुनना अच्छा नहीं लगता, खासकर जब बच्चे बड़े हो चुके हों।'

स्ट्रगलिंग एक्ट्रेस को चाहिए शुगर डैडी

सुनीता ने कहा कि इंडस्ट्री में कई लड़कियां स्ट्रगल करते हुए आती हैं और उन्हें 'शुगर डैडी' चाहिए होता है, जो उनका खर्च उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में ऐसी लड़कियां फंसा कर ब्लैकमेल भी करती हैं। सुनीता ने गोविंदा को नसीहत देते हुए कहा कि अब उन्हें समझदारी से काम लेना चाहिए और परिवार पर ध्यान देना चाहिए।

बिहार में फिर से जंगलराज को रोका प. बंगाल से भी करेंगे विदा: मोदी

कोलकाता/गुवाहाटी, जेएनएन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल और असम के दौरे के दौरान कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पश्चिम बंगाल के सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता अब 'असल परिवर्तन' चाहती है और राज्य में 15 साल के 'महाजंगलराज' को बदलने का माहौल बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए ने बिहार में एक बार फिर जंगलराज को रोका है और अब पश्चिम बंगाल में टीएमसी के 'महाजंगलराज' को विदा करने के लिए पार्टी पूरी तरह तैयार है। प्रधानमंत्री ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले वे असम में थे, जहां उन्होंने कलियाबोर में 6,957 करोड़ रुपये के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी।

फेंसिंग के लिए जमीन नहीं दे रही बंगाल सरकार: मोदी

पीएम मोदी ने सीमा पर घुसपैठ रोकने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बॉर्डर पर फेंसिंग जरूरी है, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार जमीन देने में सहयोग नहीं कर रही। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने कई बार पत्र लिखकर फेंसिंग के लिए जमीन मांगी, मगर राज्य सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि घुसपैठिए टीएमसी के 'पक्के वोटर' हैं। पीएम ने यह भी आरोप लगाया कि घुसपैठियों को बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है।

अमेरिका में बने एआई का पैसा भारत में क्यों?: पीटर नवारो

वॉशिंगटन/नई दिल्ली, जेएनएन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत को लेकर एक बार फिर कड़ा बयान दिया है। इस बार उन्होंने सवाल उठाया कि जब चैट जीपीटी जैसे बड़े एआई प्लेटफॉर्म अमेरिका की जमीन पर चल रहे हैं, तो भारत में इनके इस्तेमाल के लिए भुगतान अमेरिकी लोग क्यों कर रहे हैं? पीटर नवारो ने यह टिप्पणी पूर्व व्हाइट हाउस चीफ स्ट्रैटेजिस्ट स्टीव बैनन के साथ एक इंटरव्यू में की। उन्होंने कहा कि एआई प्लेटफॉर्म अमेरिका में बन रहे हैं, अमेरिकी बिजली और संसाधनों पर चल रहे हैं, लेकिन इनका इस्तेमाल भारत, चीन और अन्य देशों में बड़े स्तर पर हो रहा है। नवारो ने कहा कि इस पर भी कार्रवाई की जरूरत है। नवारो के मुताबिक, अमेरिकी लोग भारत में एआई के लिए भुगतान क्यों कर रहे हैं?

बेजोस की पूर्व पत्नी झेल रहीं एफबीआई की जांच



न्यूयॉर्क सिटी, जेएनएन। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की पूर्व पत्नी और अरबपति परोपकारी मैकेंजी स्कॉट एक बार फिर चर्चा में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मैकेंजी स्कॉट ने अपनी अमेजन हिस्सेदारी लगभग 50 फीसदी तक घटाकर दान गतिविधियों को बढ़ाया है। हालांकि अब दावा किया जा रहा है कि उन्होंने जिन संगठनों को दान भेजा, उनमें से कुछ ऐसे नेटवर्क से जुड़े हैं जिन पर अमेरिका में एफबीआई और कांग्रेस की जांच चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, मैकेंजी स्कॉट ने अपनी चैरिटी यील्ड गिविंग के जरिए सोलिडियर नेटवर्क को दो चरणों में बड़ी रकम दी। बताया गया कि उन्होंने 2021 में 10 मिलियन डॉलर और 2025 में 5 मिलियन डॉलर यानी कुल 15 मिलियन डॉलर का दान इस नेटवर्क को दिया। यह नेटवर्क खुद को सामाजिक आंदोलनों और दानदाताओं को जोड़ने वाला प्लेटफॉर्म बताता है। लेकिन आरोप है कि सोलिडियर नेटवर्क ने कुछ ऐसे समूहों को फंडिंग दी है, जिन पर कथित तौर पर हमास से संबंधों को लेकर जांच चल रही है।

रिवाज | चीन में नई दुल्हनों की 'संतान के लिए पिटाई' पर सवाल

प्रेग्नेंसी के लिए महिलाओं को पीटने की प्रथा!

नई दिल्ली, जेएनएन। दुनिया के कई देशों में शादी से जुड़ी परंपराएं और रस्में सदियों से चली आ रही हैं। लेकिन कुछ रिवाज ऐसे भी हैं, जो आज के समय में इंसानियत, महिलाओं की गरिमा और अधिकारों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। ऐसा ही एक मामला चीन की एक परंपरा से जुड़ा है, जहां कुछ क्षेत्रों में नई दुल्हनों को प्रेग्नेंसी (संतान) के लिए पीटने का रिवाज बताया जा रहा है। इस प्रथा को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में कुछ जगहों पर नई दुल्हनों को जल्दी गर्भधारण कराने की मंशा से गांववालों के सामने डंडों, छड़ी या कोड़ों से पीटा जाता है। इस रस्म को वहां 'शी दी' कहा जाता है, जिसका अर्थ बताया गया है-'संतान के लिए पिटाई'।

क्या है यह रिवाज

यदि किसी नई दुल्हन को शादी के बाद दो साल तक गर्भधारण नहीं होता, तो उसे पूरे गांव के सामने खड़ा कर या एक जगह बिठाकर सार्वजनिक रूप से पीटा जाता है। इसमें डंडों, छड़ी, कोड़े या झाड़ू तक का इस्तेमाल किया जाता है।

रिवाज के पीछे तर्क: इससे दुल्हन जल्दी गर्भवती होगी और परिवार को संतान मिलेगी। लेकिन हकीकत में यह परंपरा महिलाओं पर मानसिक और शारीरिक अत्याचार की तरह दिखाई देती है। जानकारी के अनुसार, इस रस्म के समय दुल्हन से बार-बार सवाल किया जाता है- 'क्या तुम बच्चा पैदा करोगी?' और जवाब में उससे 'हां' कहने की अपेक्षा होती है। अगर दुल्हन 'न' कह दे या चुप रहे, तो कथित तौर पर पिटाई जारी रहती है। यानी यह रस्म महज एक 'परंपरा' नहीं, बल्कि दबाव, डर और सार्वजनिक अपमान के जरिए महिला को नियंत्रित करने का तरीका भी बन जाती है।

लैंटर्न फेस्टिवल में होती है यह रस्म

यह रिवाज लैंटर्न फेस्टिवल के दौरान होता है। लैंटर्न फेस्टिवल चीनी न्यू ईयर के बाद 15वें दिन मनाया जाता है। उसी दौरान यह रस्म निभाने का दावा किया गया है। हालांकि यह भी बताया गया है कि इस दौरान पति या ससुराल पक्ष हस्तक्षेप नहीं करता, बस एक शर्त रखी जाती है कि दुल्हन के चेहरे पर चोट न लगे, ताकि बाहर से चोट का निशान न दिखे। यह बात इस परंपरा की गंभीरता और क्रूरता को और बढ़ा देती है।

महिलाओं के लिए अन्य 'कठोर प्रथाएं' भी चर्चा में

रिपोर्ट में कुछ अन्य कठोर रस्मों का भी उल्लेख है, जिनमें महिलाओं पर अलग-अलग तरीकों से दबाव बनाया जाता है। उदाहरण के तौर पर, चीन के कुछ इलाकों में महिलाओं को 'शुद्धिकरण' या 'अनुशासन' के नाम पर मंदिरों में ले जाना और कठोर प्रथाएं अपनाना भी बताया गया है। एक रिवाज के बारे में दावा है कि कुछ जगहों पर महिलाओं को आग के ऊपर झुकाया जाता है, जिसे 'बर्निंग लेजी आइडल' या 'आलसी मोहों को जलाना' जैसा नाम दिया गया है।

पुलिस ने रोकी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी

प्रयागराज, जेएनएन। प्रयागराज माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए आए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी पुलिस ने रोक दी। पुलिस ने उनसे पैदल संगम जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्य नहीं माने और पालकी लेकर आगे बढ़ने लगे। इस पर शिष्यों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने एक साधु को चौकी में पीटा। इससे शंकराचार्य नाराज हो गए और शिष्यों को छुड़वाने पर अड़ गए। अफसरों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। करीब 2 घंटे गहमा-गहमी रही। इसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के कई और समर्थकों को हिरासत में ले लिया। शंकराचार्य की पालकी को खींचते हुए संगम से 1 किमी दूर ले जाया गया। इस दौरान पालकी का क्षत्रप भी टूट गया। शंकराचार्य स्नान भी नहीं कर पाए। इस पूरे मामले से नाराज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अपने शिविर में धरने पर बैठ गए हैं।

शंकराचार्य ने कहा-

बड़े-बड़े अधिकारी हमारे संतों को मार रहे थे। पहले तो हम लौट रहे थे, लेकिन अब स्नान करेंगे और कहीं नहीं जाएंगे। वे हमें रोक नहीं पाएंगे। इनको ऊपर से आदेश होगा कि इन्हें परेशान करो। यह सरकार के इशारे पर हो रहा है, क्योंकि वे हमसे नाराज हैं। जब महाकुंभ में भगदड़ मची थी, तो मैंने उन्हें जिम्मेदार ठहराया था। अब वे बदला निकालने के लिए अधिकारियों से कह रहे होंगे।

संक्षिप्त खबरें

सख्ती के साथ 27 से शुरू होंगी भोज विवि की परीक्षाएं

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। भोज विवि ने जनवरी-दिसंबर सत्र की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं 27 जनवरी से 16 फरवरी तक चलेंगी। परीक्षा में चालीस हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। भोज ने परीक्षाओं को नकल से मुक्त कराने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षाकर्मी तैनात करने के लिए कहा है । भोज ने प्रदेश स्तर पर होने वाली परीक्षा के लिए 540 स्टडी सेंटरों को केंद्र बनाया है, जिसमें 40 हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे। भोज विवि परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र अगले सप्ताह जारी करेगा। बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफोमेशन साइंस (बीएलआईएस) की परीक्षाएं 27 जनवरी से 16 फरवरी तक होंगी, जिनका समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। बीए प्रथम वर्ष की परीक्षाएं 10 फरवरी से 16 मार्च तक होंगी, जबकि बीएससी और बीकॉम की परीक्षाएं 10 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। बीएससी डेटा साइंस की परीक्षाएं 18 फरवरी से 5 मार्च तक होंगी। इन सभी परीक्षाओं का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षाओं को नकल से मुक्त कराने निदेशक सतीश पाटिल ने परीक्षा केंद्र अध्यक्षों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। इसमें परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के पहले वीक्षक विद्यार्थियों से नकल जब्त करने के लिए तलाशी तक ले सकते हैं।

> परीक्षाओं को नकल से मुक्त रखने के लिए सख्ती से निर्देशों का पालन कराया जाएगा। परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।
> **डॉ. सुशील मंडेरिया**, रजिस्ट्रार भोज मुक्त विवि

जबलपुरः बेकाबू कार ने 13 मजदूरों को कुचला

जागरण, जबलपुर। मंडला-जबलपुर रोड पर बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक के पास रविवार दोपहर 2 बजे बेकाबू सफेद क्रेटा मजदूरों को कुचलते हुए आगे निकल गई। कार की चपेट में आने से 13 मजदूर घायल हो गए, जिन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाज के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई तथा सात अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया। बरेला टीआई अनिल पटेल के अनुसार जबलपुर-मंडला रोड स्थित सिग्मा सिटी के सामने सड़क किनारे लगी लोहे की ग्रिल में मजदूर पेंट कर रहे थे। दोपहर 2 बजे मजदूरों का समूह सड़क किनारे बैठकर खाना खा रहा था, तभी बरेला से जबलपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार के चालक ने मजदूरों पर गाड़ी चढ़ा दी।

दावाः शिंदे गुट ने ढाई साल के लिए मेयर पद मांगा

मुंबई, जेएनएन। बीमएसी के चुनावी नतीजों से महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंस गया है। भाजपा मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पहली बार भाजपा का मेयर बनने के साफ संकेत हैं। हालांकि, एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। इस पर भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू हो गई है। इधर, रविवार को उद्धव गुट के संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा को मेयर बने। इसलिए वे पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। वहीं, मुंबई में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने यह कहकर अटकलों को और बढ़ा दिया कि अगर 'भगवान' चाहेंगे तो उनकी पार्टी का मेयर हो सकता है।

भोपाल का बेटा जुनैद बना अमेरिका में डिप्टी मेयर

नगर संवाददाता, भोपाल। दुनिया की राजनीति में भारतवंशियों का दबदबा बढ़ने लगा है। करीब एक साल पहले ब्रिटेन में ऋषि सुनक प्रधानमंत्री बने, अमेरिका में कमला हैरिस ने राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा। इसके बाद न्यूयार्क में जोहरान ममदानी मेयर चुने गए। इसी कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है। यह नाम है जुनैद काजी का। काजी अमेरिका के शहर मार्लबोरो के डिप्टी मेयर चुने गए हैं। उन्हें यह सफलता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी से मिली है। जुनैद काजी का भारत से सीधा रिश्ता है। वह मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के रहने वाले हैं। भोपाल में उनका परिवार जहांगीराबाद क्षेत्र में रहता है। इस तरह जुनैद काजी ने विश्वभर में भारत का नाम रोशन किया है। भोपाल के एक साधारण परिवार में जन्में जुनैद काजी पेशे से सिविल इंजीनियर हैं। जुनैद काजी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े हैं। ट्रंप की पार्टी के टिकट पर एक भारतीय मुस्लिम का डिप्टी मेयर बनना एक बड़ी और ऐतिहासिक राजनीतिक उपलब्धि मानी जा रही है।

इसी साल शुरू हुआ राजनीतिक सफर

जुनैद काजी का राजनीतिक सफर इसी साल से शुरु नहीं हुआ था। साल 2025 में उन्होंने मार्लबोरों सिटी काउंसिल प्रेसिडेंट का चुनाव जीता, जिससे उनकी लीडरशिप काबिलियत साबित हुई। इसके बाद उन्होंने आमजन का भरोसा जीता। स्थानीय मुद्दों में उनकी एक्टिव भागीदारी, पारदर्शिता और जनता के साथ सीधे बातचीत उनकी पहचान बनी। आखिरकार उन्हें डिप्टी मेयर जैसे अहम पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। हालांकि, जोहरान ममदानी और जुनैद काजी की राजनीतिक विचारधाराएं अलग-अलग हैं और वे अलग-अलग पार्टियों से हैं, लेकिन उनमें एक बात कॉमन है। दोनों युवा भारतीय मुस्लिम हैं और दोनों ने अमेरिकी राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाकर इतिहास रचा है।

हिंदू सम्मेलन में भेदभाव मिटाने व परिवार को मजबूत करने की शपथ

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में छत्रपति शिवाजी महाराज, सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मी बाई देश भक्तों की वेशभूषा में दिखे छोटे बच्चे

जागरण संवाददाता, भोपाल। भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर स्थित भगत सिंह नगर बस्ती में सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का आयोजन मुख्य रूप से समाज के लोगों को एकजुट कर भेदभाव मिटाने को लेकर था। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले करोंद से बीएमएचआरसी खेल मैदान तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में गौ पूजन और यज्ञ अनुष्ठान कर देश और हिंदू समाज के उत्थान की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर 5 हजार से ज्यादा लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बताए गए पांच संकल्पों को समाज में बदलाव लाने के लिए जीवन में अपनाने के लिए शपथ ली गई।

ये लिए गए पांच संकल्प

- सामाजिक समरसता (जाति-भेद मिटाना)।
- कुटुंब प्रबोधन (परिवार व्यवस्था को मजबूत करना)। -पर्यावरण संरक्षण (प्रकृति से जुड़ाव)।
- स्वदेशी आचरण (आत्मनिर्भरता और स्थानीयता)
- नागरिक कर्तव्य (अनुशासन और राष्ट्रभक्ति)

बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पंडित शैलेंद्र कृष्ण शास्त्री और अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि के कुलपति प्रकाश बरतूनिया ने लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बीएमएचआरसी के स्टाफ सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

आदर्श नगर बस्ती में रविवार को सकल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। अग्रवाल नगर मैदान में आदर्श नगर बस्ती में रविवार को सकल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें करीब चार हजार लोगों ने भागीदारी की है, जिसमें दो हजार मातृ शक्ति, डेढ हजार पुरुष और करीब 500 बच्चे शामिल हैं। कार्यक्रम के पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा ड्राइंग पेंटिंग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में छत्रपति शिवाजी महाराज, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, रानी लक्ष्मी बाई, आदि देश भक्तों की वेशभूषा में उपस्थित हुए। उन्हें पुरस्कृत किया साथ ही बस्ती के सफाईकर्मियों का भी सम्मान किया गया। अंत में भारत माता की आरती के बाद भोजन प्रसादी भंडारी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय

राष्ट्रहित के लिए सकल हिंदू सम्मेलन आवश्यक

स्वयंसेवक संघ की ओर से मध्यभारत प्रांत के कार्यालय प्रमुख विजय विश्वकर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विजय विश्वकर्मा ने कहा कि आज समाज में जात पात भाषा को भूलकर सभी हिन्दू समाज आज एक मंच पर आ रहा है और यही राष्ट्र को संगठित करने की पद्धति संघ द्वारा की गई है। उन्होंने कहा हिन्दवः सोदराः सर्वे, न हिन्दू पतितो भवेत्। मम दीक्षा धर्म रक्षा, मम मंत्र लाभकारी। यह मंत्र का पालन करना ज़रूरी है। विश्वकर्मा ने कहा कि जाती हूं और धर्म भाषा के आधार पर सम्मेलन होने के स्थान पर भारतराष्ट्र को सशक्त करने के लिए सकल हिन्दू सम्मेलन होना चाहिए और इस मंत्र का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू संगठित रहेगा तो राष्ट्र सशक्त बनेगा। संयोजक हर्ष काजवे ने भी हिन्दू एकता बनाए रखने के लिए अपने विचार रखे। इस अवसर पर पंडित दिनेश शास्त्री गणेश मंदिर, दिव्या प्रसाद सहित बस्ती के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

9 माह में की पिछले साल से 7 गुना अधिक अवैध शराब जब्त

तस्करों और अवैध पीने-पिलाने वालों पर 5273 केस दर्ज

मुख्य संवाददाता, भोपाल। राजधानी में आबकारी की टीम ने इस वित्त वर्ष (2025-26) के शुरूआती 9 माह में ही पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले सात गुना अधिक शराब जब्त की है। इसके साथ ही इसी अवधि में आबकारी टीमों ने 10 हजार से अधिक विभागीय और अदालती केस दर्ज किए हैं जो पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक हैं। भोपाल के आबकारी विभाग की रिपोर्ट के अनुसार विभाग की टीम ने पिछले वित्त वर्ष (1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025) के दौरान करीब 1026 प्रूफ लीटर शराब पकड़ी थी, जिसमें 349.9 लीटर विदेशी और 676.8 लीटर देशी मदिरा शामिल थी। इस दौरान तस्करी के कुल 14 मामले दर्ज हुए थे। इस वित्त वर्ष में 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 के शुरूआती 9 माह में ही भोपाल की टीम 7321.6 लीटर अवैध शराब जब्त कर चुकी है। इसमें 3736.8 लीटर विदेशी, 3534.3 लीटर देशी और 50.5 लीटर बीयर शामिल है। इस दौरान तस्करों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले भी बढ़कर 32 हो गए। इस बार आबकारी की टीम ने भोपाल जिले की शराब दुकानो की जांच के बाद ठेकेदारों के खिलाफ 5044 प्रकरण 9 माह में दर्ज किए हैं, जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी संख्या केवल 4494 थी। इन विभागीय मामलों के तहत प्रकरणों का निपटारा कलेक्टर कोर्ट में होता है। इसके अलावा इस वित्त वर्ष के पहले 9 माह में ही कुल 5273 अदालती मामले दर्ज किए हैं। यह पिछले पूरे साल में दर्ज 4830 केस से 10 फीसदी अधिक हैं। अदालती मामलों के तहत आबकारी के वे प्रकरण आते हैं जो शराब तस्करी, अवैध शराब बिक्री, अवैध तौर पर मदिरापान करने और कराने वालों के खिलाफ दर्ज किए जाते हैं। अदालती मामलों में आबकारी विभाग शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करती है, जिसमें तस्करों को सीधे जेल भेजा जाता है और दोषी पाए जाने पर उनकी संपत्ति भी राजसात हो सकती है। इस साल 9 माह में ही जिले की आबकारी टीम ने अवैध तस्करी में शामिल चार कार समेत 11 वाहन जब्त किए हैं।

ये है तुलनात्मक कार्रवाई का लेखा-जोखा

वर्ष	2024-25	2025-26 (1 अप्रैल से 31 दिसंबर)
विभागीय केस	4094	5044
अदालती केस	4830	5273
जब्ती देशी मदिरा	676.8	3534.3
जब्त विदेशी मदिरा	349.89	3736.8
बीयर	00.00	50.5

पिछले पूरे साल में दर्ज 4830 केस से 10 फीसदी अधिक

जिले की टीम ने तस्करी में 4 कार समेत 11 वाहन जब्त

केस 1- पिछले साल 26 अगस्त को छोला का नवजीवन कॉलोनी में आबकारी महकमे ने दबिश दी। यहां से अमृतलाल पांथी को हिरासत में लेकर 95 पेटी(855 बल्क लीटर) देशी शराब जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत कार्रवाई कर 4 लाख 49 हजार की शराब जब्त की। ये अवैध देशी शराब के लिहाज से साल की सबसे बड़ी कार्रवाई थी।

केस 2 - पिछले साल ही 21नवंबर को आबकारी की टीम ने साल की सबसे बड़ी रेड की। यहां मां-बेटे की जोड़ी अवैध शराब का धंधा कर रही थी। टीम ने यहां से हाई ब्रांड की विदेशी मदिरा की 97 पेटी (858.06 बल्क लीटर) विदेशी शराब जब्त की गई। इसकी कीमत 20 लाख 60 हजार थी। ये शराब पड़ोसी राच्यों यूपी और हरियाणा से स्मगलिंग कर भोपाल लाई गई थी। इस मामले में फरार राहुल यादव को तीन दिन पहले ही आबकारी टीम ने हिरासत में लिया है।

केस 3 - आकृति रिट्रीट के परिसर में अवैध शराब बेचने की सूचना लंबे समय से मिल रही थी। टीम ने 19 नवंबर को छापा मारा तो आरोपी कार छोड़कर भाग निकला। कार और फ्लैट की तलाशी में 3 लाख 56 हजार की 306 बल्क लीटर विदेशी शराब मिली।

इस साल अपनी रणनीति बदली और कच्ची बस्तियों के साथ ही हाई-प्रोफाइल मल्टी और पॉश इलाकों में भी छापेमारी की। इस दौरान बंद मकानों और सोसायटियों के भीतर छिपाई गई शराब को भी ढूंढ निकाला।

- **वीरेंद्र धाकड़**, सहायक आबकारी आयुक्त, भोपा

जनरेटिव टूल्स और उद्यमिता कौशल पर मिलेगी ट्रेनिंग

विज्ञान भवन में 28 जनवरी से 11 मार्च तक आयोजन

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा एआई आधारित प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन 28 जनवरी से 11 मार्च तक विज्ञान भवन में किया जाएगा। इस छह सप्ताह के कार्यक्रम के लिए पात्रता विज्ञान, इंजीनियरिंग में स्नातक, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा या पीजीडीसीए धारक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि महिला एवं एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी। कुल 30 प्रतिभागियों का चयन ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवश्यक होने पर साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। प्रवेश 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर होगा। कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है। विद्यार्थी टीईडीपी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 जनवरी रखी गई है। संरक्षक के तौर पर मैपकास्ट महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी हैं। समन्वय टीम में डॉ. प्रवीण दिघर्रा, अवनीश के शर्मा, नव्या चतुर्वेदी एवं रविंद्र कौरव शामिल हैं।

कार्यक्रम प्रदेश में एआई आधारित स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने, स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने और डिजिटल नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिभागियों को एआई की मौलिक एवं उन्नत अवधारणाओं, आधुनिक टूल्स और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे सामाजिक एवं औद्योगिक समस्याओं के समाधान के लिए नवाचारी, स्केलेबल और सतत स्टार्टअप विकसित कर सकें।

क्या-क्या रहेगा कार्यक्रम में शामिल

कार्यक्रम में उद्यमिता की समझ, एमएसएमई सहायता योजनाएं, वित्तीय संस्थान, परियोजना चयन एवं पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन, बाजार सर्वेक्षण, प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट निर्माण, संचार एवं सॉफ्ट स्किल्स विकास, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, जनरेटिव एआई, उत्पादन योजना, कार्यशील पूंजी प्रबंधन, विपणन, वित्त, मानव संसाधन, कानूनी औपचारिकताएं, कराधान और नेतृत्व कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। साथ ही प्रतिभागियों को इंटरएक्टिव टूल्स, ग्राफिक्स और ऑगमेंटेड रियलिटी के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न संगठनों और संस्थानों से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञ, शासकीय विभागों के अधिकारी, सफल उद्यमी, बैंकर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विपणन एवं प्रेरणात्मक विशेषज्ञ और उद्यमिता विकास संस्थानों के प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली में व्याख्यान, केस स्टडी, समूह अभ्यास, प्रस्तुतिकरण, हैंड्स-ऑन सत्र और उद्यमियों के साथ संवाद शामिल रहेगा।

ठंडी सड़क पर कार ने बाइक को मारी टक्कर

क्राइम रिपोर्टर, भोपाल। एमपी नगर स्थित ठंडी सड़क पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को आमने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक 25 फीट दूर फिक गया। उसके सिर, हाथ-पैर में गंभीर चोट आई। जबकि उसने हेलमेट पहन रखा था। हादसा इतना भयानक था कि बाइक की रिम के 10 टुकड़े हो गए। पुलिस ने कार जब्त कर ली है। सोमवार को शव का पीएम होगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 45 वर्षीय सतीश मेहरा पिता कुंजीलाल मेहरा नाथू बरखेड़ा रातीबड़ में रहता था। वह प्रायवेट ड्रायवरी करता था। रविवार सुबह करीब साढ़े 12 बजे वह वल्लभ नगर चौराहे से बाइक से ठंडी सड़क पर जा रहा था। वह अभी शौर्य स्मारक के गेट नंबर एक पर पहुंचा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसके हाथ-पैर, सिर में गंभीर चोट आई थी। दो राहगीरों ने एंबूलेंस की मदद से उसे तुरंत उसे जेपी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गैस कटर से एटीएम काटकर चोरी करने वाला अंतरराज्यीय मेवाती गिरोह का मामला

यू-ट्यूब से ली कोचिंग, 5 मिनट में एटीएम काटकर पैसे लेकर हो जाते थे रफू-चक्कर

क्राइम रिपोर्टर, भोपाल। अंतरराज्यीय मेवाती गैंग गैस कटर से पांच मिनट में एटीएम काटकर पैसे लेकर रफू-चक्कर हो जाते थे। सरगना और मास्टरमाइंड शाहबुद्दीन उर्फ सुबदीन ने यू-ट्यूब से एटीएम काटना सीखा था। उसका कहना है कि आजतक वह विफल नहीं हुआ। पुलिस विवेचना के दौरान रविवार को उसे एमपी नगर इलाके में लेकर आई। उसे करीब 15 एटीएम में घुमाकर पूछा कि कौन सा एटीएम तुम काट लेते और कौन सा एटीएम नहीं काट पाते। आरोपी सुबदीन ने बताया कि वह लोहे के बने सभी एटीएम काट सकता है। लेकिन बूरी मेटल (एक तरह से लोहे की ब्रीड) के एटीएम नहीं काट पाता। गैस कटर उस पर काम नहीं करता है। वह ज्यादातर आउटर के एटीएम को चुनते थे। एटीएम काटने और पैसा निकालने में उन्हें पांच मिनट लगते है, इससे पहले पुलिस आए वह भाग जाते थे। सारा सामान वह कार में रखते थे। सिर्फ पाइप और गैस कटर लेकर एटीएम के अंदर दाखिल होते थे। एटीएम काटने के बाद कैश ट्रे को सब्बल से उखाड़ देते थे। इसके बाद पैसा लेकर रफू-चक्कर हो जाते थे। कोहेफिजा पुलिस ने हरियाणा और राजस्थान के 'मेवाती' गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर पांच दिन की रिमांड पर लिया है। लालघाटी स्थित एचडीएफसी बैंक का एटीएम काटकर डकैती डालने वाले थे। इससे पहले वह वारदात को अंजाम दे पाते सुबह पांच बजे पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। यह गिरोह दस साल से सक्रिय है। अब तक दो करोड़ की चोरी कर चुकी है। तीन महीने पहले गिरोह के सदस्यों ने बैंगलोर में एटीएम काटकर चोरी की थी। यहां से 14 लाख रुपए उड़ाए थे। बैंगलोर पुलिस भोपाल पहुंच रही है। आरोपियों की क्रेटा कार में भोपाल समेत चार राज्यों तेलंगाना, महाराष्ट्र और हरियाणा की नंबर प्लेट मिली है। पुलिस ने गैस सिलेंडर, आक्सीजन सिलेंडर, कटर, 4 तलवार, पैचकस जब्त किए थे। आरोपियों की पहचान शाहबुद्दीन उर्फ सुबदीन निवासी ग्राम बादौली तहसील कुन्हाना थाना कुन्हाना जिला मेवात, शौकुल निवासी ग्राम सांवलेर थाना पहाड़ी जिला भरतपुर, वकील निवासी बांधोली थाना कुन्हाना जिला मेवात हरियाणा, मौसम निवासी ग्राम सांवलेर तहसील पहाड़ी थाना पहाड़ी जिला भरतपुर राजस्थान, नसीम निवासी ग्राम दाड़ौनी थाना कुन्हाना जिला नूह हरियाणा के रूप में हुई।

वर्चस्व की लड़ाई में सरपंच और पूर्व सरपंच भिड़े

क्राइम रिपोर्टर, भोपाल। बैरसिया इलाके में स्थित हबीबगंज सरखंडी में सरपंच और पूर्व सरपंच के बीच आज भी वर्चस्व की लड़ाई जारी है। इसी के चलते शनिवार दो दोनों पक्ष लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से चार बाइकों में तोड़फोड़ की गई। कई घर के दरवाजे तोड़ दिए गए। हालांकि पुलिस का कहना है कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। पुलिस ने पूर्व सरपंच की रिपोर्ट पर सरपंच के बेटे समेत अन्य के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौच, तोड़फोड़ और बलवा का केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत की गई है। 25 वर्षीय लखपत सिंह ग्राम हबीबगंज सरखंडी में रहता है और खेती किसानी करता है। उसके चाचा प्रताप सिंह गांव के पूर्व सरपंच हैं। प्रताप सिंह और वर्तमान सरपंच धूर सिंह के बीच पिछले चार सालों से विवाद चला आ रहा है। चार महीने पहले भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इस मामले में पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया था।

पहल हाइब्रिड नींबू सहित अन्य फलों की खेती, पिता व पति के नाम जमीन होने पर भी लाभ

तकनीक से महिलाएं कर रहीं फलों की खेती

जागरण संवाददाता, भोपाल। तकनीक और ज्ञान के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने शुरू की गई एक बगिया मां के नाम योजना को महिलाओं का जमकर समर्थन मिल रहा है। वर्तमान में इस योजना के तहत कई महिलाओं ने अपने पिता, पति, सुसर और बेटे की जमीन पर खेती कर लाभ अर्जित करना शुरू किया है। इस योजना के तहत बैरसिया में हाइब्रिड नींबू और अमरूद की खेती शुरू की गई है। इस योजना में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर फलों की बगिया लगाई जा रही है। योजना में भाग लेने के लिए महिलाओं को एक एप के जरिए रजिस्ट्रेशन करना होता है। रजिस्ट्रेशन के बाद शासन से हितग्राही को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने केसाथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए कटीले तार की फेंसिंग और सिंचाई के लिए 50 हजार लीटर का जल कुंड बनाने के लिए राशि प्रदान की जाती है। जिसके तहत अब तक कई महिलाओं ने हाइब्रिड नींबू, हाइब्रिड अमरूद और ड्रेगन फ्रूट की खेती करना शुरू कर दी है।

एप के जरिए हो रहा चयनः योजना के लिए एमपीएसईडीसी द्वारा एक बगिया मां के नाम एप का निर्माण किया गया है। इस एप पर रजिस्ट्रेशन करना होता है, जिसके बाद महिला का चयन किया जाता है। यदि महिला के नाम पर जमीन नहीं है, तो उस महिला के पति, पिता, ससुर और बेटे की सहमति के बाद पौधरोपण किया जा सकता है। जिसके बाद खेती के लिए आधुनिक तकनीक व सॉफ्टवेयर की मदद भी उपलब्ध कराई जा रही है। बता दें कि खेती के लिए ली बार तकनीक से पौधरोपण किया जा रहा है। इसके लिए सिपरी सॉफ्टवेयर की मदद ली जा रही है। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से पौधरोपण के लिए जमीन का चयन वैज्ञानिक पद्धति से किया जाता है।

गीता बाई ने लगाए हाइब्रिड अमरूद के पौधे

बैरसिया रोड स्थित बीनापुर की गीताबाई ने 1 एकड़ भूमि में 100 हाईब्रिड अमरूद पौधे लगाए हैं। इनकी जैविक खेती की जा रही है और 1.5 से 2 वर्ष में फल उत्पादन की संभावना है। इससे आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा।

विजयमाला ने लगाए हाइब्रिड नींबू

बीनापुर की ही विजयमाला ने 1 एकड़ भूमि में 150 हाईब्रिड नींबू पौधे लगाए हैं। विजयमाला के खेत में भी 1.5 से 2 साल में फल उत्पादन की संभावना है। अन्य इलाकों में भी इसी तरह से फल लगाने की तैयारी की जा रही है।

मानस भवन में साहू समाज का 'सेवा रत्न सम्मान समारोह' संपन्न

भोपाल। राजधानी स्थित मानस भवन में साहू समाज द्वारा 'सेवा रत्न सम्मान समारोह' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से समाज के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन, प्रबुद्ध वर्ग एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का उद्देश्य समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित करना तथा सामाजिक एकता और समरसता का संदेश प्रसारित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ साहू समाज की आराध्य देवी माँ कर्मा देवी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर आयोजक आरसी साहू एवं दिलीप साहू द्वारा पधारे अतिथियों एवं समाजबंधुओं का केसरिया (भगवा) दुपट्टा पहनाकर एवं चंदन तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह में समाज के विकास, सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। प्रथम सम्मान के अंतर्गत साहू समाज के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू जी का भव्य अभिनंदन किया गया। द्वितीय सम्मान के रूप में संजय साहू को साहू समाज सेवा रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

गांव और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी: प्रवीण पाठक

प्रधानमंत्री के विजन पर तेजी से आगे बढ़ रहा प्रदेश: योगेंद्र

आंचलिक डेस्क। रायपुर कर्चुलियान शासकीय महाविद्यालय के सभागार में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख वक्त जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि गांव और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी है। इनकी मजबूती में ही देश की मजबूती है। जनअभियान परिषद शासन और समाज के बीच एक सेतु की भूमिका में है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनअभियान परिषद का योगदान निःसंदेह सराहनीय है। अधिवक्ता योगेंद्र शुक्ला ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। गांव ही हमारी आत्मा है और हमें मिलजुलकर इसे मजबूत बनाना है। स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय दर्शन को दुनिया तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के विजन पर मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

जन-जन में उत्साह का संचार होगा: राम लखन सिंह बघेल

रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष राम लखन सिंह बघेल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सबको अपनी ग्रामीण संस्कृति और विरासत को अक्षुण बनाए रखना है। हम सबको राष्ट्र विरोधी ताकतों से एकजुट होकर लड़ना होगा। यही राष्ट्र सेवा और समाज सेवा है। सबके सहयोग से ही हमारी भावना बलवती और फलवती होगी विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह ने कहा कि गांव के विकास में सरकार हर सहयोग रही है। युवा साथी सरकार के विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाएं। ये साथी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे।

युवा बढ़-चढ़कर भागीदारी करें : बृजेश कोरी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य बृजेश कोरी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और अभिलाषाओं के अनुरूप विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं विकासखंड समन्वयक सुषमा शुक्ला ने कहा कि इस अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान और परिवार सम्पर्क गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण एवं जल का संरक्षण, स्वदेशी एवं स्वावलंबन पर बल देकर जैविक कृषि एवं गौ-संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही शिक्षा संपन्न और संस्कारवान समाज,सामाजिक समरसता को बढ़ावा देकर नागरिक सेवा के भाव का विकास तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक स्तर पर राहुल सिंह गैस संरक्षण में विशेष कार्य करने के लिए लकी सोनी महेंद्र श्रीवास्तव ऋतुराज पांडे सविता देवी हरिओम तिवारी दीपक तिवारी शेखर विश्वकर्मा विकास साहू को विशिष्ट उपलब्धियां के लिए अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम मैं सांस्कृतिक प्रस्तुति अभिमन्यु दहिया के साथियों द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप स्थानी जनपद सदस्य राजेश केवट निर्मला सिंह संतोष तिवारी इंजीनियर रामाशंकर त्रिपाठी शंकर शाम द्विवेदी वेंलेंद्र पांडे शिवानी पांडे सौरव पांडे राजेश शुक्ला सच्चिदानंद शर्मा जयप्रकाश मिश्रा तीरथ यादव राजेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजराखन पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा एवं नव अंकुर संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे।

हरदुआ प्रीमियर लीग सीजन-3 में महाकाल नरेही बनी चैंपियन

फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि रहे भाजपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय द्विवेदी

सेमरिया, नि.प्र.। हरदुआ प्रीमियर लीग सीजन-3 का फाइनल मुकाबला पूरे सेमरिया क्षेत्र के लिए खेल उत्सव बन गया। हजारों दर्शकों की मौजूदगी और जोशीले माहौल के बीच खेले गए इस फाइनल मुकाबले ने ग्रामीण क्रिकेट की ताकत और युवाओं के जुनून को नई पहचान दी । खिताबी मुकाबला जय महाकाल नरेही और बजरंग क्लब कटकी के बीच खेला गया, जिसमें महाकाल नरेही की टीम ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए बजरंग क्लब कटकी की टीम दबाव में नजर आई और 15 ओवर में मात्र 54 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय महाकाल नरेही की टीम ने आक्रामक और आत्मविश्वास से भरा खेल दिखाते हुए केवल 6 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच नवनीत सिंह रहे जिन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय द्विवेदी रहे, उन्होंने आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन गांवों के युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और उन्हें नशा, अपराध व गलत रास्तों से दूर रखते हैं उन्होंने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है,बल्कि अनुशासन,नेतृत्व और टीम भावना भी विकसित होती है। उन्होंने आयोजन समिति के संयोजक संजय पाण्डेय की विशेष सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सुनियोजित और अनुशासित आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनते हैं। समापन अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

ये रहे मौजूद : कार्यक्रम में शेषमणि शुक्ला, अर्जुन गर्ग, ग्राम पंचायत हरदुआ के सरपंच जय प्रकाश सिंह, राकेश दुवेदी, अशोक पाण्डेय, धीरेन्द्र सिंह,कांग्रेस नेता अनिल त्रिपाठी, रोहित सिंह, कान्हा परौहा, रावेन्द्र पाण्डेय, जवाहर कुशवाहा, संजीव शर्मा,शुभम सिंह, प्रमोद शुक्ला, पुनीत सिंह, पत्रकार गिरीश सिंह, पवन त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं दूर-दराज से आए खेल प्रेमी मौजूद रहे।

माध्यमिक विद्यालय बेला-हर्दी में आनंद उत्सव का आयोजन

परंपरागत खेलों को मिला बढ़ावा

गुढ़ (नि.प्र)। गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्दी में स्थित माध्यमिक विद्यालय बेला-हर्दी में परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आनंद उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार बालक-बालिकाओं की छिपी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के साथ ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का आयोजन सरपंच रामकली कोल एवं सचिव रामगोपाल साकेत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरदुआ सरपंच ज्ञानेंद्र तिवारी एवं हर्दी सरपंच पति तुलसीदास कोल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 15 लालमन त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि लालमन त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि परंपरागत खेल विद्यार्थियों की शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी जनपद से लेकर जिला स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। आनंद उत्सव के दौरान कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, ऊंची कूद, लंबी कूद, चम्मच दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही नृत्य एवं गायन जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। लोकगीत प्रतियोगिता में छात्रा नम्रता चतुर्वेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में सावन रावत की टीम विजेता रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी प्रदीप पटेल, हरदुआ सचिव वीरेश अग्निहोत्री, सहायक सचिव जितेंद्र तिवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना पांडे, प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार साकेत, उपसरपंच विनय कुमार द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रमुख अभियंता ने मऊगंज में जल प्रदाय व्यवस्था का लिया जायजा

मऊगंज। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह ने मऊगंज नगर में जल प्रदाय व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर में जल आपूर्ति की नियमितता तथा वितरण प्रणाली की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने जल स्रोतों, टंकियों, पाइपलाइन नेटवर्क एवं जल शुद्धिकरण प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने पेयजल की गुणवत्ता की भी जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नागरिकों को मानकों के अनुरूप स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को जल परीक्षण की नियमित मॉनिटरिंग, समय पर रखरखाव तथा किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जल अपव्यय रोकने एवं लीकेज की समस्या पर तत्काल कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि एवं तकनीकी अमला उपस्थित रहा।

तराई आंचल के पुलिस थानों में आधे से ज्यादा पद खाली

पुलिस बल की कमी के चलते चौकी बीरपुर में लटक रहा ताला

जवा ब्यूरो। रीवा जिले के तराई आंचल यूपी सीमा से लगा पुलिस अनुभाग डभौरा पुलिस बल की भारी कमी से जूझ रहा है। संवाददाता को क्षेत्र के समाजसेवियों ने बताया कि पुलिस अनुभाग डभौरा अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना जवा, पुलिस थाना पनवार, पुलिस थाना अतरैला, पुलिस थाना डभौरा मे पुलिस बल की भारी कमी है। शासन द्वारा स्वीकृति आरक्षक प्रधान आरक्षक सहायक उपनिरीक्षक वाहन चालक कंम्पयूटर ऑपरेटर के आधा से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं, एक ओर थानों में पुलिस बल की कमी के चलते जहां विभागीय कार्य प्रभावित होता है, वही बढ़ते अपराध नशाखोरी चोरी लूट सहित अन्य अपराधिक घटनाओं का खुलासा तक नहीं हो पाता है, जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि पुलिस अनुभाग डभौरा अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना जवा में स्वीकृत 20 पदों में सहायक उपनिरीक्षक के 2पद, प्रधान आरक्षक के 3पद, आरक्षक के 6पद, खाली पड़े हुए हैं, पुलिस थाना अतरैला में सहायक उपनिरीक्षक के 1, प्रधान आरक्षक के 3पद, आरक्षक के 5पद खाली पड़े हुए हैं, पुलिस थाना पनवार में सहायक उपनिरीक्षक के 2पद, प्रधान आरक्षक 3पद, आरक्षक के 7 पद खाली पड़े हुए हैं, पुलिस थाना डभौरा में सहायक उपनिरीक्षक 1, प्रधान आरक्षक 3,आरक्षक 5पद खाली पड़े हैं, पनवार थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बीरपुर में सहायक उपनिरीक्षक 1पद, प्रधान आरक्षक 1 पद, आरक्षक के 6 पद खाली होने से पुलिस चौकी बीरपुर में ताला लटका हुआ है जिसके चलते चौकी बीरपुर एवं डभौरा थाना अंतर्गत हड़हाई चौकी में भी पुलिस बल की भारी कमी के चलते चौकी में ताला लगा हुआ है। पुलिस बल की कमी के चलते गश्त सहित समस्त विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में विभागीय सूत्रों का कहना है कि पहुंच वाले थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस बल अपने राजनीतिक ऊंची पकड़ एवं पैसे के दम पर मनचाहे रीवा शहर एवं नेशनल हाईवे के थानों में अपनी पदस्थापना करवा लेते हैं जिसका खामियाजा ग्रामीण में स्थित थाना प्रभारियों को भुगतना पड़ता है। आम ग्रामीणों ने आइजी रीवा पुलिस अधीक्षक रीवा से ग्रामीण थाना क्षेत्र में भी पर्याप्त पुलिस बल पदस्थापना किये जाने की मांग की है।

8 माह से खुदी नाली बनी हादसों का कारण

हरदिहा वार्ड क्रमांक 13 के ग्रामीणों में आक्रोश

नईगढ़ी नि.प्र.। मऊगंज जिले के हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरी के हरदिहा टोले में हनुमना-चौराघाट मार्ग के किनारे सरपंच द्वारा खोदवाई गई नाली पिछले करीब 8 महीनों से अधूरी पड़ी हुई है। सड़क के बिल्कुल किनारे की गई इस खोदाई से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। न तो नाली का निर्माण कार्य पूरा किया गया है और न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों के अनुसार खुली नाली के कारण अब तक कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। विशेषकर रात के समय और बारिश में यह स्थान और भी खतरनाक हो जाता है। दोपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद पंचायत स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत हनुमना एवं प्रशासन से मांग की है कि नाली निर्माण कार्य को तुरंत पूर्ण कराया जाए या जब तक काम पूरा न हो, तब तक बैरिकेड और चेतावनी संकेत लगाकर मार्ग को सुरक्षित किया जाए। इस मामले में वार्ड क्रमांक 13 की पंच गणेशवती द्विवेदी ने भी जनसमस्या बताते हुए संबंधित अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र उनके वार्ड में आता है और जनता की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

इनका कहना है

नाली खुदे आठ महीने हो गए, लेकिन आज तक काम पूरा नहीं हुआ। कई बार लोग गिरकर घायल हो चुके हैं, फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा।

वंशपति प्रसाद द्विवेदी (ग्रामीण)

यह मुख्य सड़क है, जहां हर समय आवाजाही रहती है। सड़क किनारे खुली नाली कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

सोनू द्विवेदी (ग्रामीण)

बच्चे और बुजुर्ग इसी रास्ते से जाते हैं। डर बना रहता है कि कहीं कोई गंभीर हादसा न हो जाए रात में नाली दिखाई नहीं देती, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं।

शांति देवी कोल (ग्रामीण महिला)

ग्राम पंचायत खटखरी में हुए भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत के बावजूद भी अभी तक कार्यवाही शून्य : आशोक गुप्ता

स्थानीय सहायक सचिव धर्मेंद्र गुप्ता के स्थानांतरण की मांग

हनुमना, नि.प्र.। मऊगंज जिले के जनपद पंचायत के अधीनस्थ ग्राम पंचायत खटखरी निवासी अशोक गुप्ता सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत खटखरी में नाम मात्र की सरपंच श्वेता शर्मा है और ग्राम पंचायत के विभिन्न पूर्व में किए गए कार्य को नवीन एवं मरम्मत दिखाकर और आधे अधूरे कार्य करा कर कई लाखों का भ्रष्टाचार किया गया है। खटखरी ग्राम पंचायत का संचालन एवं शासकीय कार्यों में मध्यस्थता ही भ्रष्टाचार का मूल कारण हो चुका है जिस कारण से ग्राम पंचायत खटखरी का क्रियान्वयन सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है। संवाददाता से बात करते हुए आरोप अशोक गुप्ता द्वारा लगाया गया है कि पुलिया निर्माण, सड़क निर्माण ,चबूतरा निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य अन्य कई कार्यो में कई लाख रुपए का शासकीय राशि का दोहन किया गया है। अशोक गुप्ता ने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत खटखरी का ही निवासी वर्तमान समय में धर्मेंद्र गुप्ता रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ होते हुए शासन की योजनाओं की राशि का सचिव रामलोचन शर्मा सरपंच श्वेता शर्मा के साथ शासन के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। अशोक गुप्ता ने यह भी बताया कि खटखरी रोजगार सहायक धर्मेंद्र गुप्ता अपने सगे भाई की हार्डवेयर की दुकान संजीव ट्रेडर्स के खाते में कई लाखों रूपए का ट्रांजैक्शन किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गौवंशों हेतु अनेक योजनाएं उपलब्ध करा रही है परंतु खटखरी ग्राम पंचायत स्वयं सहायता समूह के द्वारा संचालित गौशालाओं में गायों की हालत निंदनीय बनी हुई है तथा सरपंच सहित सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा राशि की बंदरबांट करने के आरोप लगे हैं। श्री गुप्ता ने आगे कहा कि गौवंशों के चारा भूसा अन्य व्यवस्थाओं में भी अब यह लोग बंदरबाट करने लगे हैं जिस पर खटखरी ग्रामीणों द्वारा चारा भूसा इत्यादि गौशालाओं में अपना योगदान करते हैं। श्री गुप्ता ने यह भी आरोप लगाया कि खटखरी गौशाला के सरपंच सचिव द्वारा गायों की संख्या से अधिक मात्रा में अपने रजिस्टर में अंकित कर पैसे का बंदरबाट कर कई वर्षों से किया जा रहा है जिस पर जानकारी होने के पश्चात खटखरी के ग्रामीण एवं खटखरी के सामाजिक लोग के साथ अशोक गुप्ता एवं अन्य समाजसेवियों द्वारा हनुमना अनुविभागीय कार्यपालन हनुमना जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी अन्य अधिकारियों से लिखित रूप से दी गई शिकायत के बाद हनुमना अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कार्यवाही के नाम पर नोटिस भेजा गया, उसके पश्चात कार्यवाही शून्य हो गई। श्री गुप्ता ने आगे कहा कि आखिर खटखरी ग्राम पंचायत में कई लाखों का भ्रष्टाचार के बावजूद भी संतोषजनक एवं पारदर्शितापूर्ण कार्यवाही न होने से ग्राम वासियों ने आक्रोश व्यक्त किया है। ग्रामीणों की यह मांग है कि स्थानीय रोजगार सहायक धर्मेंद्र गुप्ता का स्थानांतरण किया जाए और खटखरी ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, श्री गुप्ता ने आगे कहा कि कार्यवाही न होने पर अब जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर के पास लिखीत शिकायत देने को मजबूर हो रहे हैं।

इनका कहना है

मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत खटखरी में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत कई बार प्राप्त हुई है, सभी को नोटिस भी दे दिया गया है, जल्द ही टीम गठित करके निष्पक्ष कार्यवाही की जाएगी।

जनपद पंचायत हनुमना मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव

भैरवनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूरा: सीएम करेंगे लोकार्पण

आंचलिक डेस्क। गुढ़ के समीप स्थित भैरवनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इसी माह मंदिर का विधिवत लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने हैलीपैड, मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा मंदिर का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। वाहनों की पार्किंग, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा कार्यक्रम से जुड़े अन्य प्रबंधों पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री जी के दौरे की तैयारियों में किसी तरह की कोरकसर बाकी न रखें। मंदिर से जुड़े निर्माण कार्य 25 जनवरी तक हर हाल में पूरे कराएं। भैरवनाथ मंदिर धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके विकास से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। विधायक गुढ़ ने मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम सुधाकर सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, विवेक दुबे, केके गर्ग, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीजे की ध्वनि से विद्यार्थियों की पढ़ाई हो रही बाधित : पं. सुखसागर प्रसाद



गोविन्दगढ़ ब्यूरो। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री पंडित सुखसागर प्रसाद शुक्ल ने विज्ञप्ति जारी कर शासन प्रशासन से डीजे पर विराम लगाए जाने की मांग की है। श्री शुक्ल ने कहा कि जब बात देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और आमजन के भरोसे की आती है, तो सबसे पहला नाम पुलिस विभाग का ही लिया जाता है लेकिन आज यह भरोसा एक गंभीर सामाजिक प्रश्न के साथ पुलिस प्रशासन के समक्ष खड़ा है, क्या बच्चों की पढ़ाई से बड़ा कोई उत्सव का शोर हो सकता है? श्री शुक्ल ने आगे कहा कि जनवरी, फरवरी और मार्च—ये महीने छात्रों के लिए निर्णायक होते हैं। परीक्षाओं की तैयारी, भविष्य की दिशा तय करने वाला समय होता है । ऐसे संवेदनशील दौर में रातभर गूंजते डीजे के शोर ने न केवल शांति भंग की है, बल्कि सैकड़ों बच्चों की एकाग्रता और मानसिक संतुलन पर भी असर डाला है।

जिले के ग्रामीण अंचलों में पूरी-पूरी रात तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों और बच्चों का कहना है कि मौखिक शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। आशंका यह भी है कि स्थानीय स्तर पर शिकायत करने पर राजनीतिक दबाव और आपसी टकराव की स्थिति पैदा कर दी जाती है, जिससे असली समस्या वहीं की वहीं रह जाती है। ऐसे में गांव के बच्चों और अभिभावकों की निगाहें अब केवल पुलिस अधीक्षक रीवा पर टिकी हैं। यदि इस मामले में स्वयं संज्ञान लेकर सख्त निर्देश दिए जाएं, तो यह न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित करेगा, बल्कि यह संदेश भी देगा कि प्रशासन देश के भविष्य अपने बच्चों के साथ खड़ा है। यह मुद्दा किसी एक गांव या एक रात का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के अधिकार और जिम्मेदारी का है। शोर पर विराम और शिक्षा को सम्मान यही समय की मांग है। यदि पुलिस अधीक्षक स्तर से पहल होती है, तो यह रीवा ग्रामीण ही नहीं, पूरे जिले के लिए एक अनुकरणीय कदम साबित होगा। श्री शुक्ला ने रीवा पुलिस अधीक्षक से डीजे बजाने के समय निर्धारण करने और डीजे की ध्वनि पर समय रहते लगाम लगाए जाने की मांग की है।

त्योंथर उप पंजीयक कार्यालय बना दलालों का अड्डा : आरोप

बिना दलाल रजिस्ट्री कराना आम आदमी के लिए चुनौती

सोहागी, नि.प्र.। त्योंथर का उप पंजीयक कार्यालय आम नागरिकों की सुविधा के लिए खोला गया था, लेकिन आज इस कार्यालय पर दलालों और ऑपरेटरों के प्रभाव में चलने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए संवाददाता को बताया कि बिना दलाल के रजिस्ट्री कराना लगभग नामुमकिन हो चुका है। कार्यालय परिसर में खुलेआम सक्रिय दलाल न केवल रजिस्ट्री से जुड़ी फाइलों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, बल्कि तारीख दिलाने से लेकर दस्तावेजों की सेटिंग तक का पूरा तंत्र संभाले हुए हैं। आम नागरिक घंटों कतार में खड़े रहते हैं, लेकिन उनकी फाइलों पर कोई सुनवाई नहीं होती, जबकि दलालों के माध्यम से आई फाइलें कुछ ही समय में निपटा दी जाती हैं। नियम-कानून केवल कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं। पारदर्शिता और सुशासन के दावे जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आते हैं। लोगों का कहना है कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों को यह स्थिति दिखाई नहीं देती, या फिर सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि उप पंजीयक कार्यालय में लंबे समय से पदस्थ अधिकारियों के रहते दलालों का नेटवर्क और अधिक मजबूत हुआ है, जिससे संदेह और गहराता जा रहा है। हालांकि इस पूरे मामले में प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। यदि समय रहते निष्पक्ष जांच और सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आम जनता का भरोसा न केवल उप पंजीयक कार्यालय से बल्कि पूरी प्रशासनिक व्यवस्था से उठ सकता है।

37 साल में पहली बार न्यूजीलैंड ने भारत में जीती वनडे सीरीज

मिचेल और फिलिप्स के शतक से निर्णायक वनडे में न्यूजीलैंड ने भारत को 41 रन से हराया, तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की

जेएनएन, इंदौर

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (124) का 54वां वनडे शतक भी भारतीय टीम के काम नहीं आ सका, जिससे न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (137) और ग्लेन फिलिप्स (106) के शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम मैच में 41 रन की जीत से सीरीज 2-1 से अपने नाम की। न्यूजीलैंड के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण था, क्योंकि उसने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मुकाबलों के लिए भारत का दौरा शुरू किया था, लेकिन यहां कभी भी सीरीज नहीं जीती थी। इस जीत से उसने 37 साल बाद भारत में सीरीज जीतने का इंतजार खत्म किया। इससे पहले पिछले साल न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार टेस्ट सीरीज भी जीती थी और तब से भारतीय टेस्ट टीम को घर पर भी लगातार दुर्लभ हारों का सामना करना पड़ रहा है।

भारत के तेज गेंदबाजों के शुरुआती झटकों के बावजूद न्यूजीलैंड ने मिचेल के लगातार दूसरे शतक और फिलिप्स के तूफानी सैकड़े से आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मिचेल और फिलिप्स ने चौथे विकेट के लिए 188 गेंद में 219 रन की साझेदारी की। कोहली का दबाव में खेला गया शानदार और जुझारू शतक भारतीय टीम के काम नहीं आ सका, जिससे टीम जवाब में 46 ओवर में 296 रन पर ढेर हो गई। इससे भारत को घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज में हार का मुंह देखना पड़ा।

दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे, लेकिन कोहली डटे रहे और पारी के अंत में आउट हुए। न्यूजीलैंड के लिए जैकरी फोक्स ने 77 रन देकर तीन और क्रिस्टियन क्लार्क ने 54 रन देकर तीन-तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 71 रन पर चार विकेट खो दिए थे। फिर कोहली और नीतीश कुमार रेड्डी (53) ने पांचवें विकेट के लिए 88 गेंद में इतने ही रन की साझेदारी निभाई। कोहली ने लेनोक्स पर एक रन लेकर अर्धशतक पूरा किया, तो वहीं नीतिश ने ग्लेन फिलिप्स पर काउ कॉर्नर पर छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। पर चार गेंद बाद ही क्लार्क की गेंद को पुल करने की कोशिश में यंग को कैच थमा बैठे। वह अपने शॉट से काफी निराश दिख रहे थे, क्योंकि भारत को इस भागीदारी की जरूरत थी। रोहित शर्मा (11 रन) ने पारी की पहली ही गेंद पर चौका जड़कर फिर शानदार अंदाज में शुरुआत की। दूसरे छोर पर कप्तान शुभमन गिल भी शॉट लगाकर अच्छी लय में दिख रहे थे। चौथे ओवर में जैकरी फॉक्स पर रोहित ने एक्स्ट्रा कवर पर अपनी पारी का दूसरा चौका लगाया, लेकिन अगली गुड लेंथ को जल्दी खेलने के कारण मिडऑन में क्लार्क को कैच देकर आउट हो गए। कोहली अब क्रीज पर थे, उन्होंने फॉक्स पर डीप मिडविकेट पर छक्का लगाकर इरादे जाहिर किए। हालांकि सातवें ओवर में भारत को दूसरा झटका गिल (23 रन) के रूप में लगा जो काइल जैमीसन की गेंद को डिफेंड करने के प्रयास में थे लेकिन यह उनके स्टंप पर जा लगी।

10 वां शतक (7 वनडे और 3 टेस्ट) विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सभी फार्मेट में जड़ा। इसके साथ ही उन्होंने सचिन तेंदुलकर, जो रूट और जैक्स कैलिस का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इन तीनों ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 9-9 शतक जमाए हैं।

- न्यूजीलैंड, भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा बार 300 या उससे अधिक का स्कोर बनाने वाली टीमों की लिस्ट में वेस्टइंडीज के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। कीवी टीम ने अब तक 8 बार यह कारनामा किया है। शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया(22) है।
- विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना 7वां वनडे शतक लगाया (36 पारियों में), जो रिकी पोंटिंग (6 शतक, 50 पारियां) और वीरेंद्र सहवाग (6 शतक) से च्यादा है। सचिन तेंदुलकर और सनथ जयसूर्या के पास 5-5 शतक हैं।
- विराट ने अलग-अलग 35 मैदानों पर वनडे शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर (34 मैदान) के नाम था। रोहित शर्मा 26 मैदानों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंडः 337/8 (50 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
कॉनवे का. रोहित बो. हर्षित	5	4	1	0
हेनरी निकोल्स बो. अर्शदीप	0	1	0	0
यंग का. जडेजा बो. हर्षित	30	41	5	1
मिचेल का. कुलदीप बो. सिराज	137	131	15	3
फिलिप्स का. राहुल बो. अर्शदीप	106	88	9	3
माइकल ब्रेसवेल नाबाद	28	18	1	3
मिचेल हे पगबाधा बो. कुलदीप	2	6	0	0
फॉक्स का. कुलदीप बो. अर्शदीप	10	8	1	0
क्रिस्टियन क्लार्क बो. हर्षित	11	5	1	1
काइल जैमीसन नाबाद	0	0	0	0

अतिरिक्तः 8, **कुलः** 50 ओवर में आठ विकेट पर 337 रन, **विकेट पतनः** 1-5, 2-5, 3-58, 4-277, 5-283, 6-286, 7-304, 8-327, **गेंदबाजीः** अर्शदीप 10-1-63-3, हर्षित 10-0-84-3, सिराज 10-0-43-1, नीतिश रेड्डी 8-0-53-0, कुलदीप 6-0-48-1, रविंद्र जडेजा 6-0-41-0.

भारतः 296/10 (46 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
रोहित का. क्लार्क बो. फॉक्स	11	13	2	0
शुभमन गिल बो. जेमिसन	28	18	4	0
कोहली का. मिचेल बो. क्लार्क	124	108	10	3
श्रेयस का. फॉक्स बो. क्लार्क	3	10	0	0
राहुल का. फिलिप्स बो. लेनॉक्स	1	6	0	0
नीतिश का. यंब बो. क्लार्क	53	57	2	2
जडेजा का. यंग बो. लेनॉक्स	12	16	0	0
राणा का. निकोल्स बो. फॉक्स	52	43	4	4
सिराज का. हे बो. फॉक्स	0	1	0	0
कुलदीप यादव रनआउट	5	3	1	0
अर्शदीप सिंह नाबाद	4	2	1	0

अतिरिक्तः 8, **कुलः** 46 ओवर में 296 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-28, 2-45, 3-68, 4-71, 5-159, 6-159, 7-178, 8-277, 9-292, 10-296, **गेंदबाजीः** जेमिसन 9-0-58-1, फॉक्स 9-0-77-3, क्लार्क 9-0-54-3, लेनाक्स 10-0-42-2, मिचेल 1-0-10-0, फिलिप्स 8-0-54-0

खेल एक नजर

मुंबई मैराथन में अबाते ने पुरुष व येशी ने महिला खिताब जीता

मुंबई, जेएनएन। मुंबई मैराथन में एक बार फिर इथियोपियाई धावकों का दबदबा देखने को मिला, जिसमें ताडु अबाते देमे और येशी कलायू चेकोले ने क्रमशः पुरुष और महिला एलीट वर्ग के खिताब अपने नाम किए। अबाते ने पुरुष एलीट वर्ग में दो घंटे नौ मिनट 55 सेकंड का समय लेकर जीत दर्ज की, जबकि उनकी हमवतन येशी ने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। मुंबई मैराथन में 21 चरणों में यह सातवीं बार है जब इथियोपियाई धावकों ने पुरुष और महिला दोनों खिताब एक साथ जीते हैं। पुरुष एलीट रेस में कीनिया के लियोनार्ड किपरोतिच लंगाट (2:10:10) दूसरे और इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे वेल्डेमारियम (2:10:22) तीसरे स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में इथियोपियाई धावकों ने क्लीन स्वीप किया। किडसान अलेमा गेब्रेमेधिन (2:27:35) दूसरे और गोज्जाम त्सेगाये एनीयू (2:28:27) तीसरे स्थान पर रहीं।

एरिगैसी ने प्रज्ञाननंदा को हराया डी गुकेश ने सिंदारोव से ड्रॉ खेला

विज्क आन जी (नीदरलैंड), जेएनएन। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव हो हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को पराजित किया। पहले दौर के बाद एरिगैसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश और सात अन्य खिलाड़ी उनसे आधा अंक पीछे हैं। अपने मित्र प्रज्ञाननंदा के खिलाफ एरिगैसी ने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया। प्रज्ञाननंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी जिससे उनका राजा बीच में फंस गया, जिसका एरिगैसी ने पूरा फायदा उठाया और केवल 32 चाल में मुकाबला जीत लिया।

हॉकी लीग में श्राची बंगाल टाइगर्स ने एसजी पाइपर्स को 3-2 से हराया

भुवनेश्वर, जेएनएन। श्राची बंगाल टाइगर्स ने रविवार को पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पूल चरण के अपने आखिरी मैच में एसजी पाइपर्स को 3-2 से हराकर खुद को शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा। एसजी पाइपर्स ने दिलराज सिंह के चौथे मिनट में और टॉमस डोमेन के 31वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त बनाई हुई थी। लेकिन श्राची बंगाल टाइगर्स के लिए जुगराज सिंह ने 45वें मिनट, अभिषेक ने 45वें मिनट और अफ्फान यूसुफ ने 48वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को वापसी कराकर जीत दिलाई।

अथर्व तायडे के शतक से विदर्भ ने पहली बार जीती विजय हजारे ट्रॉफी

विदर्भ ने फाइनल में सौराष्ट्र को 38 रन से शिकस्त देकर जीता खिताब

जेएनएन, बेंगलुरु

2024-25 में खिताब से चूकने के बाद, विदर्भ ने इस बार कोई गलती नहीं की और एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में सौराष्ट्र को 38 रन से हराकर अपना पहला विजय हजारे खिताब जीत लिया। विदर्भ ने अथर्व तायडे (128 रन, 118 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) के शानदार शतक की मदद से 317 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम 48.5 ओवर में 279 रन पर ऑलआउट हो गई। सौराष्ट्र ने 30 रन पर दो विकेट गिरने के बावजूद काफी देर तक संघर्ष किया। पर यह जल्द ही 22.4 ओवर में चार विकेट पर 112 रन हो गया। सौराष्ट्र के लिए प्रेरक मांकड़ (88) और चिराग जानी (64) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज मांकड़ ने बाएं हाथ के स्पिनर दुबे (59 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर कट करने की कोशिश की, लेकिन पगबाधा आउट हो गए। तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे ने जल्द ही जानी को आउट कर दिया। इसके बाद तेज गेंदबाज यश ठाकुर (50 रन देकर चार विकेट) और नचिकेत भुते (46 रन देकर तीन विकेट) ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट कर विदर्भ की यादगार रात का समापन किया। इससे पहले तायडे ने एक शानदार वनडे पारी खेलकर विदर्भ को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। इस 25 साल के खिलाड़ी ने 66 गेंद में सात चौके से 50 रन बनाए। इसके बाद उनके अगले 50 रन सिर्फ 31 गेंद में बने जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। यह उनका तीसरा लिस्ट ए शतक था। तायडे ने यश राठौड़ (54) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 18 ओवर में 133 रन जोड़े। तायडे ने अमन मोखाडे (33) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की भागीदारी भी की।

ऑस्ट्रेलियन ओपनः अल्काराज-सबालेंका की शानदार शुरुआत, रिकॉर्ड बनाकर हारीं वीनस

मेलबर्न पार्क में पहले दिन रिकॉर्ड 100,763 दर्शक मैच देखने पहुंचे

जेएनएन, मेलबर्न

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और आर्यना सबालेंका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, लेकिन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को जीत के करीब पहुंचने के बावजूद पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के एडम वाल्टन ने दूसरे सेट में अल्काराज को चुनौती दी। अल्काराज ने आखिर में यह मैच 6-3, 7-6 (2), 6-2 से अपने नाम किया। सबालेंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद हालांकि उन्होंने जल्द ही लय हासिल करके तियांतसोआ राकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-1 से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। पिछले साल के उपविजेता और पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कनाडा के 24 साल के खिलाड़ी गैब्रियल डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार दसवें साल दूसरे दौर में पहुंचे हैं।

वीनस वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 45 साल की उम्र में महिला एकल का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है, लेकिन उन्हें तीन सेट तक चले मैच में डैनलोविच से 7-6 (5), 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस ने जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा।



चीनी लिन चुन और दक्षिण कोरिया की आन से यंग बने इंडिया ओपन चैंपियन

नई दिल्ली, जेएनएन। चीनी ताइपे के लिन चुन यी ने रविवार को 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने महिला एकल का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वर्तमान में विश्व में 12वीं रैंकिंग पर काबिज 26 वर्षीय लिन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से हराकर पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया। महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आन से यंग ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए चीन की विश्व में नंबर दो खिलाड़ी वांग झियी को 21-13, 21-11 से हराकर सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

21 को हो सकता है बांग्लादेश के विश्व कप में खेलने पर फैसला

नई दिल्ली, जेएनएन। बांग्लादेश की 2026 टी-20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर अंतिम फैसला 21 जनवरी तक हो सकता है। जानकारी के अनुसार आईसीसी ने शनिवार को ढाका में हुई बातचीत के दौरान बीसीबी को इस डेडलाइन की जानकारी दी है। शनिवार की बातचीत में बीसीबी ने टी-20 विश्व कप खेलने की अपनी इच्छा को दोहराया था, लेकिन उन्होंने फिर से जोर देकर कहा था कि वे भारत का दौरा नहीं करना चाहते। सह-मेजबान होने के कारण श्रीलंका उनका एक स्वाभाविक विकल्प है। बीसीबी ने भारत ना जाने को लेकर सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया था, लेकिन आईसीसी अपने मूल कार्यक्रम को बदलने के पक्ष में नहीं है। यह गतिरोध लगभग तीन सप्ताह से चला आ रहा है, जब बीसीबी ने पहली बार 4 जनवरी को अपनी चिंताएं आईसीसी तक पहुंचाई थीं। शनिवार की बातचीत के दौरान आईसीसी ने बीसीबी के उस अनुरोध को भी स्वीकार नहीं किया, जिसमें बांग्लादेश को ग्रप-बी में स्थानांतरित करने और आयरलैंड के साथ अदला-बदली करने पर विचार करने को कहा गया था।

इंग्लैंड के पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों को मिला वीजा, अन्य को भी जल्द मंजूरी

नई दिल्ली, जेएनएन। आईसीसी ने भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाले पाकिस्तान मूल के सभी 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा संबंधी औपचारिकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाया है। इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटरों में स्पिनर आदिल राशिद, रेहान अहमद और तेज गेंदबाज साकिब महमूद शामिल हैं। अमेरिका की टीम में अली खान और शायन जहांगीर तथा नीदरलैंड की टीम में जुल्फिकार साकिब जैसे पाकिस्तानी मूल के कुछ खिलाड़ी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार इंग्लैंड के खिलाड़ियों राशिद, रेहान और साकिब के वीजा आवेदन पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं। नीदरलैंड की टीम के सदस्यों और कनाडा के सहयोगी स्टाफ के सदस्य शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल चुका है। यूएई, अमेरिका, इटली, बांग्लादेश और कनाडा की टीम में शामिल पाकिस्तानी राष्ट्रीयता या पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। इन टीमों के लिए वीजा उपलब्ध कराने के लिए जरूरी कार्यवाही के लिए अगले सप्ताह की तिथि नियत कर दी गई है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है।

सिटी स्पोर्ट्स

क्रिकेट कोच सुरेश चेनानी और केडी गुप्ता सम्मानित

भोपाल, खेप्र। मीडिया, मुस्कान इलेवन और यंग ब्रिगेड ने विजेश लूनावत स्मृति फाउंडेशन द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट में अपने-अपने मुकाबले जीते। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार रामकृष्ण यदुवंशी, क्रिकेट कोच सुरेश चेनानी और केडी गुप्ता को सम्मानित किया गया। ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर रविवार का खेले गए मैचों में चकल्लस इलेवन ने 10 ओवर के मुकाबले में 47 रन बनाए। जवाब में मीडिया इलेवन ने 6 ओवर में जरूरी रन दो विकेट पर बना लिए। इससे पहले पाखी इलेवन ने 5 ओवर के खेल में 34 रन बनाए। जवाब में मुस्कान इलेवन ने जरूरी रन तीन विकेट पर बना लिए। इसी तरह यंग ब्रिगेड ने पहले खेलते हुए 10 ओवर के मुकाबले में 60 रन बनाए। जवाब में प्रतीक इलेवन 55 रनों तक पहुंच सकी। पुरस्कार वितरण सांसद आलोक शर्मा, शैलेष लूनावत, स्मिता लूनावत और अश्विनी राय ने किया।

डीजीपी इलेवन फाइनल में, कमिश्नर इलेवन व गिल्ट फ्री ने भी जीत दर्ज की

31वां आईएएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026

भोपाल, खेप्र। डीजीपी इलेवन ने 31वें आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में डॉक्टर इलेवन को 80 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। डिपार्टमेंट ग्रुप में यह टीम की लगातार चौथी जीत है। अन्य मैचों में नगर निगम कमिश्नर इलेवन और गिल्ट फ्री ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते। बाबेअली मैदान पर डीजीपी इलेवन ने प्रज्ञा बलरे (72) के अर्धशतक की बदौलत 194 रन बनाए। डॉक्टर-11 के कप्तान प्रवीण तिवारी ने तीन, जबकि मनोज गुर्जर ने दो विकेट लिए। जवाब में डॉक्टर इलेवन 16.2 ओवर में 114 रनों पर आउट हो गई।

माही 39 और अंकुर 26 रन बना सके। डीजीपी इलेवन के अरुण सिंह ने चार विकेट लिए। दूसरे मैच में कमिश्नर इलेवन ने छह विकेट पर 216 रन बनाए। विजय पारोचे (68) और मनाजिर (58) ने अर्धशतक जड़ा। फीजियो इलेवन की ओर से संयज और नवीन ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में फीजियो इलेवन 129 रन पर आउट हो गई। रोहित 24, प्रशांत 30 और संजय 34 रन बना सके। फहाद ने तीन विकेट लिए। ओल्ड कैंपियन पर कार्पोरेट ग्रुप के मैच में आरएनटीयू टीम 92 रन बना सकी। कप्तान सतीश अहिरवार 37 और जीतू बागरे 17 रनों की पारी खेल सके। विनोद पाल ने तीन विकेट लिए। जवाब में गिल्टफ्री ने जरूरी रन मात्र 6.2 ओवर में बगैर किसी नुकसान के बना लिए। जी सतीश कुमार ने अविजित 54 और कार्तिकेय दुबे ने 36 रन बनाए।

आज के मैच

दैनिक भास्कर बनाम दैनिक जागरण
ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर मैच
सुबह 9.30 बजे से

जूडो खिलाड़ी प्रतिज्ञा व मानसी को स्वर्ण पदक

भोपाल। प्रतिज्ञा रजक और मानसी पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय शालेय जूडो खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। मॉडल स्कूल की प्रतिज्ञा ने अंडर-63 वेट कैटेगरी और मानसी ने अंडर-70 वेट कैटेगरी में यह पदक अर्जित किया। इन दोनों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो मणिपुर के इंफाल में आयोजित की जाएगी। इसके लिए मध्य प्रदेश टीम का प्री नेशनल कैंप 17 जनवरी से गुना में आयोजित किया जा रहा है। पदक विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य रेखा शर्मा, उप प्राचार्य आरके श्रीवास्तव और खेल अधिकारी दीवान चंद्र मौली ने बधाई दी।

मध्यप्रदेश की महिला टीम दूसरी बार राष्ट्रीय गोलबॉल में चैंपियन

भोपाल, खेप्र। मध्यप्रदेश की महिला टीम ने पांचवीं राष्ट्रीय गोलबॉल चैंपियनशिप में खिताब जीता। ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के को ऑर्डिनेटर फरदीन खान ने बताया कि मप्र की महिला टीम ने दूसरी बार यह खिताब जीता। पटना के पाटलिपुत्र स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में मप्र टीम ने ग्रुप 'बी' से शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल महाराष्ट्र को 12-3 से हराकर राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। महिला टीम की कप्तानी दीपिका पटेल ने की। टीम में ज्योति रघुवंशी, खुशी प्रजापति, सलोनी प्रजापति, चायना जाटव और मेघा कुशवाहा शामिल रहीं। टीम के कोच संदीप मंडल एवं मैनेजर शिवानी साहू रहीं।

कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल 19 जनवरी को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में धान उर्पाजन, खाद वितरण, ई-आफिस व्यवस्था, गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों तथा मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की भी समीक्षा की जायेगी।

निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर 22 जनवरी को

रीवा। स्वयंसेवी संस्था किरण सेवा संस्थान द्वारा 22 जनवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किरण सेवा संस्थान नेहरू नगर में आयोजित किया जाएगा। शिविर में सिकल सेल एनीमिया के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल आदि की जाँच की जाएगी।

2.18 लाख रुपए रुपए नकद व 3.50 लाख रुपए के आभूषण बरामद

गोविंदगढ़ पुलिस ने चोरी के मास्टरमाइंड आरोपी व 1 बाल अपचारी पकड़ाया

जागरण, रीवा

गोविंदगढ़ पुलिस ने चोरी की बड़ी घटना में शामिल एक मास्टरमाइंड सहित 1 विधि विरुद्ध बाल अपचारी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 2 लाख 18 हजार रुपए नकद और 3 लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण बरामद किया है। गोविंदगढ़ कस्बा निवासी कमलेश गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 दिसंबर को उनकी पत्नी के द्वारा आलमारी खोलकर देखा गया तो आलमारी मे रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नकदी रुपए गायब थे, जिसकी पता तलाश की गई तो कोई पता नहीं चला। पीड़ित द्वारा घटना के 19 दिन बाद 16 जनवरी को चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने संदेही और एक विधि विरुध्द बालक को अभिरक्षा मे लेकर पूछताँछ की तो उनके द्वारा चोरी की घटना कारित करना कबूल किया गया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी अमित कुमार विश्वकर्मा पिता सुरेंद्रमणि विश्वकर्मा 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 गोविंदगढ़ को पकड़ा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने कुछ आभूषण बजाज गोल्ड लोन में रखा है साथ ही कुछ सामान अन्य जगहों पर रखा होना बताया। पुलिस ने आरोपी की निशा देही पर चोरी गया माल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया है तथा विधि विरुद्ध बालक को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से साढ़े तीन लाख के जेवरात और दो लाख 18 हजार रुपए नगद बरामद किया है। गोविंदगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से करीब 3 लाख 50 हजार रुपए के सोने चांदी के आभूषण व 2 लाख 18 हजार रुपए नकद जब्त किए है।

भिक्षावृत्ति करने वाले बाबा के साथ मारपीट करने वाले पकड़ाए

रीवा। शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भिक्षावृत्ति करने वाले बाबा के साथ दो आरोपियों द्वारा मारपीट किए जाने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो पर पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए महज चंद घंटों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मारपीट की वजह गाली गलौज निकलकर सामने आई है। बताया गया पीड़ित व्यक्ति द्वारा गाली गलौज करने पर आरोपियों ने उसकी सरेराह लाठी डंडों से पिटाई कर दी। हालांकि मामले में अब तक पीड़ित व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उनके खिलाफ शांति भंग करने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रही है। घटना शुक्रवार को अस्पताल चौराहा के पास की बताई गई थी। दो युवक एक अकेले शख्स से विवाद करते हुए उसे लाठी से पीटते वीडियो में नजर आए थे।

प्लॉट की सफाई कर रहे पति-पत्नी से पड़ोसी ने की मारपीट

रीवा। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेकहा में अपने ही प्लॉट की साफ-सफाई कर रहे पति-पत्नी पर पड़ोसी ने लाठियों से हमला कर दिया। हमले में घायल पति पत्नी मामले की शिकायत सिविल लाइन पुलिस से की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता राजकुमार यादव और उनकी पत्नी विभा यादव ने बताया कि वो अपने प्लॉट की साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला लालता प्रसाद पाठक, जो पास में धूप ले रहा था, साफ-सफाई करने से मना करने लगा। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक हो गया। आरोप है कि लालता प्रसाद पाठक ने पति-पत्नी पर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

घर के बाहर सो रहे वृद्ध दंपति पर जानलेवा हमले के आरोपी पकड़ाए

वृद्ध की हमले में हो गई थी मौत, सोहागी पुलिस ने घटना का किया खुलासा

जागरण, रीवा। घर के बाहर सो रहे वृद्ध दंपति पर जानलेवा हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर सोहागी पुलिस घटना का खुलासा कर दिया है। घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। घटना सोहागी थाना क्षेत्र के कोनियाकला गांव में 14-15 जनवरी की दरमियानी रात सामने आई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को जानकारी मिली कि कोनियाकला में अपने घर के बाहर ओसारी में सो रहे पियारे कोल पिता स्व. गोकुल कोल 80 वर्ष एवं सुगनी कोल पति पियारे कोल 76 वर्ष दोनों निवासी कोनिया कला पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने की नीयत से मारपीट की गई थी। घटना में दोनों के सिर व चेहरे में काफी गंभीर चोटें थी। घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध पियारे को त्योंथर से प्रयागराज रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की पता तलाश हेतु टीम गठित कर मुखबिरों को सक्रिय किया गया एवं कई संदेहियों से पूछताछ की गई। मुखबिरों से मिली सूचना व पूछताछ से आये तथ्यों के आधार पर कोनियाकला गांव के ही अजीत आदिवासी उर्फ जीतू पिता अमरनाथ आदिवासी 20 वर्ष एवं करन चौधरी पिता अशोक कुमार चौधरी 19 वर्ष निवासी कोनिया कला द्वारा घटना कारित करने की बात निकल कर सामने आई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की।

पकड़ जाने की डर से आरोपियों ने वारदात को दिया अंजाम

सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि कोनिया कला में प्यारे कोल 80 वर्ष और उनकी पत्नी सुगनी कोल 76 वर्ष के ऊपर गांव के ही दो आरोपियों ने जानलेवा हमला किया था। बताया गया कि आरोपी वृद्ध दंपति के घर में चोरी के इरादे से दाखिल हुए थे, जहां उन्हें संदेह हुआ की वृद्ध दंपति उन्हें पहचान लिए हैं, जिसके कारण आरोपी उन पर जानलेवा हमला कर दिए। घटना में गंभीर रूप से घायल प्यारे कोल की मौत हो गई थी। अपनी पहचान छुपाने के नीयत से आरोपियों ने दोनों पर प्राण घातक हमला किया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है।

पहले तो आरोपी पुलिस को गुमराह करते रहे, फिर बाद में दोनों लोगों द्वारा बताया गया कि चोरी करने की नीयत में घर में घुसते वक्त बुजुर्ग दंपति के जग जाने की आशंका के कारण अपनी पहचान बचाने के लिए बुजुर्ग दंपति पर बाँस के डंडों से जानलेवा हमला कर दिया।

पत्नी की हत्या कर फरार पति चढ़ा पुलिस के हत्थे

गमछे से पत्नी का गला घोट आरोपी पति हत्या कर हो गया था फरार

जागरण, रीवा। गुढ़ थाना क्षेत्र के गुढ़वा वार्ड क्रमांक 15 में दहेज लोभ पति ने अपनी पत्नी की गमछे से गला घोटकर हत्या कर दी थी, घटना के बाद से आरोपी पति फरार था, जिसकी तलाश में गुढ़ पुलिस लगी हुई थी। साइबर सेल टीम की मदद से आरोपी पति जबलपुर में पकड़ा गया । पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना 29 नवंबर को सामने आई थी, फरियादी पुष्पराज पटेल पिता श्रीकृष्ण पटेल 29 वर्ष निवासी ग्राम गुढ़वा ने गुढ़ पुलिस का सूचना दी कि उसका भाई रंजीत पटेल व भयाहू नेहा पटेल अपने कमरे से बाहर नहीं निकले। पिता ने आवाज दी तो देखा की दरवाजा बाहर से बंद है। कमरे का दरवाजा खोलने पर देखे कि नेहा पटेल कमरे के अंदर जमीन पर मृत हालत में पड़ी है। सूचना के बाद गुढ़ पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद पता लगा कि मृतका नेहा पटेल के ससुर श्रीकृष्ण एवं पति रंजीत पटेल दहेज में मोटर साइकिल नहीं मिलने के कारण नेहा पटेल के साथ मारपीट कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। 28-29 नवंबर की दरिमयानी रात को पति रंजीत पटेल ने अपनी पत्नी नेहा पटेल की अपने कमरे में सफेद गमछा से गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में दहेज प्रतिषेध अधिनियम व हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी ससुर को पूर्व में गिरफ्तार किया था जबकि आरोपी पति रंजीत पटेल पिता श्रीकृष्ण पटेल 25 वर्ष निवासी गुढ़वा फरार था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

6 माह पूर्व हुआ था विवाद

गुढ थाना प्रभारी शैल यादव ने बताया कि बीते 29 नवंबर 2025 को गुढ़वा निवासी नेहा पटेल की लाश घर के अंदर मिली थी। वारदात के बाद पहुंचे मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया था कि नेहा का पति रंजीत दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहा था, साथ ही पबजी गेम खेलने का शौकीन था जिसे नेहा रोकती थी और इसी बात को लेकर रंजीत ने नेहा की हत्या कर दी। बताया गया है कि 5 मई 2025 को नेहा की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार गुढ़वा निवासी रंजीत से हुई थी।

ढाबा के लिए तोड़ दिया डिवाइडर, हो रहीं दुर्घटनाएं

हाईवे के डिवाइडर में बनाया कट, हर समय अनहोनी का खतरा

जागरण, रीवा। रीवा-प्रयागराज हाईवे में डिवाइडर में कई जगह स्थानीय लोगों ने मनमाने तरीके से आवाजाही के लिए रास्ता बना दिया है, जो दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजाबी ढाबा के सामने पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर में कट बनाया गया है। आए दिन इसके चलते यहां दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। सोमवार को भी डिवाइड में बनाया गया कट ट्रक हादसे का कारण बना, जिससे वाहन क्षत्रिग्रस्त हो गए। बताया गया कि अचानक डिवाइडर में बने कट से एक कार मुड़ने लगी जिससे दूसरी ओर से आ रहा बाइक सवार भिड़ गया। बताया गया कि ढाबा संचालक ने वाहनों की आवाजाही के लिए अवैध तरीके से डिवाइडर को तोड़कर कट कर दिया है, जिससे हर समय अनहोनी का खतरा यहां पर बना रहता है। लंबे समय से बने कट पर जिम्मेदार भी कार्रवाई नहीं कर रहे जबकि आए दिन यहां इसके कारण हादसे हो रहे हैं।

नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी पकड़ाया

लड़की के पिता का दोस्त ही निकला दगाबाज

जागरण, रीवा। मऊगंज के शाहपुर थाना अंतर्गत खटखरी चौकी क्षेत्र में एक नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। हद तो यह है कि घटना को अंजाम देने वाला आरोपी पीड़िता के पिता को दोस्त निकला। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल से बैंक जा रही थी। रास्ते में पिता का परिचित दोस्त मिला जिसे भरोसे में लेकर बाइक पर पीछे बैठा लिया गया। बैंक से लौटते समय आरोपी ने सूनसान रास्ते का फायदा उठाते हुए नाबालिग बच्ची के साथ बुरी नीयत से अश्लील हरकत (बैड टच) की। बच्ची ने आरोपी की हरकत का विरोध किया,लेकिन डर और शर्म के कारण वह उस समय अपने पिता को कुछ नहीं बता सकी। घर पहुंचने के बाद उसने पूरी आपबीती अपनी मां को बताई। घटना सामने आते ही परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया और वे तत्काल खटखरी पुलिस चौकी पहुंचे, जहां लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलते ही खटखरी चौकी पुलिस ने बिना देरी किए कार्रवाई शुरू की। पीड़िता के बयान और परिजनों की शिकायत के आधार पर आरोपी राममणि मिश्रा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

ट्रांसपोर्ट नगर में खड़ी बसों से डीजल चोरी, संदेही को पुलिस ने पकड़ा

जागरण, रीवा। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में खड़ी बसों से डीजल चोरी होने का मामला सामने आया है। शातिर चोरों ने चोरी के बाद डीजल टैंक का बोल्ट नहीं लगाया जिसके कारण करीब 200 लीटर डीजल सड़क पर पानी की तरह बह गया। घटना के बाद डीजल चोरी के शक में स्थानीय लोगों ने एक संदेही को पकड़ा है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक कृष्णा ट्रेवल्स और सैफ ट्रेवल्स की बस से डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के संबंध में बस ऑपरेटर ने बताया कि चोरों ने खड़ी बस के डीजल टैंक का बोल्ट खोलकर डीजल चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी होने के बाद एक युवक को पकड़ा गया, जिसने डीजल से भरा गैलन कबाड़ी तक पहुंचाने की बात स्वीकारी है। सिविल लाइन पुलिस अब पकड़े गए संदेही युवक से पूछताछ कर पूरे मामले की जांच में लगी हुई है।

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com